मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 25.2 | 13.3 |
| जमशेदपुर | 25.9 | 14.0 |
| डालटनगंज | 22.2 | 11.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

* * * *






पेज 8-9


www.lagatar.in | मंगलवार, 02 जनवरी 2024 ● पौष कृष्णपक्ष 07 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 255 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


## गांडेय के विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के निकाले जा रहे कई मायने

# नए साल में चढ़ा झारखंड का सियासी पारा



▪ राज्यहित में है सरफराज का इस्तीफा : कांग्रेस

**2009** में कांग्रेस से चुनाव लड़े और 2005 की हार का बदला लिया

**2014** कांग्रेस से मैदान में उतरे, लेकिन भाजपा के जेपी वर्मा ने बाजी मारी

**2019** सरफराज झामुमो में आ गये और गांडेय में जीत दर्ज की

### गांडेय सीट पर आदिवासी और मुस्लिम वोटर ही होते हैं निर्णायक

गांडेय विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद राजनीतिक गलियारों में सनसनी फैल गई है. इस सीट पर आदिवासी और मुस्लिम वोटर ही निर्णायक होते हैं. सरफराज अहमद 2005 में राजद से इस सीट से चुनाव लड़े थे, लेकिन झामुमो के सालखन सोरेन ने उन्हें हरा दिया था. 2009 में सरफराज अहमद कांग्रेस से ही चुनाव लड़े और उन्होंने 2005 की हार का बदला सालखन सोरेन से ले लिया था. 2014 में फिर सरफराज अहमद कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरे थे लेकिन मोदी लहर में भाजपा के जेपी वर्मा ने बाजी मार ली थी. इस चुनाव में सरफराज अहमद तीसरे स्थान पर थे. लेकिन 2019 के चुनाव में यह सीट गठबंधन के तहत झामुमो के खाते में चली गई, तो सरफराज अहमद कांग्रेस छोड़ कर झामुमो में आ गये और जीत दर्ज की.

**रवि भारती/प्रवीण कुमार। रांची**

नए साल में झारखंड का सियासी पारा चढ़ गया है. प्रदेश की राजनीति एक बार फिर 360 डिग्री पर घूमने वाली है. इसकी वजह गांडेय विधानसभा सीट से जेएमएम विधायक सरफराज अहमद का इस्तीफा है. इसको लेकर राजनीतिक गलियारों में कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं. अंदरखाने से खबर आ रही है कि सत्तारूढ़ दल की बैठक चार जनवरी को बुलाई गई है. वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सफराज अहमद का इस्तीफा राज्यहित में ही होगा. दूसरी इस बात की चर्चा है कि ईडी की किसी भी संभावित कार्रवाई के लिए सीएम तैयार हैं. साथ ही सरकार वैकल्पिक रास्ता भी तलाश रही है. राजनीतिक गलियारों में इस बात की भी चर्चा जोरों पर है कि कल्पना सोरेन को सीएम पद की शपथ दिलाई जा सकती है. उन्हें गांडेय विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ाया जा सकता है. सरफराज अहमद ने भी कहा है कि वे दो दिनों के अंदर खुलासा करेंगे.

**सीएम ने बताया था दुर्भावना से प्रेरित :** पूर्व में भेजे गए समन को सीएम ने दुर्भावना से प्रेरित बताया था. सीएम ने ईडी पर केंद्र के इशारे पर काम करने व लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश का आरोप लगाया था.

### मुंबई हाईकोर्ट का फैसला भी है चर्चा में

राजनीतिक गलियारों में इस पर मुंबई हाईकोर्ट के फैसले की भी चर्चा हो रही है. मुंबई हाईकोर्ट के फैसले को लेकर इस बात की चर्चा हो रही है कि कल्पना सोरेन झारखंड की सीएम नहीं बन सकती हैं. सांसद निशिकांत दुबे ने ट्वीट कर कहा है कि मुंबई हाईकोर्ट के काटोल विधानसभा के निर्णय के अनुसार अब गांडेय में चुनाव नहीं हो सकता. काटोल विधानसभा सीट जब महाराष्ट्र में ख़ाली हुई, तब विधानसभा का कार्यकाल 1 साल 50 दिन बाकी था. राज्यपाल महोदय यदि कल्पना सोरेन जी कहीं से विधायक नहीं बन सकती हैं, तो मुख्यमंत्री कैसे...राज्यपाल झारखंड को क़ानूनी सलाह लेनी चाहिए, झारखंड विधानसभा का गठन 27 दिसंबर 2019 को हुआ. सरफराज अहमद का इस्तीफ़ा 31 दिसंबर को हुआ. एक साल से कम समय में चुनाव नहीं हो सकता. यह पार्टी हेमंत सोरेन जी की नहीं शिबू सोरेन जी की है.

### ऐसे चला घटनाक्रम

**1** झामुमो विधायक सरफराज अहमद ने 31 दिसंबर को अपना इस्तीफा भेज दिया

**2** स्पीकर ने उनके इस्तीफे को 31 दिसंबर के प्रभाव से ही स्वीकार भी कर लिया

**3** 31 दिसंबर को रविवार होने की वजह से इस बाबत अधिसूचना एक जनवरी को जारी कर दी गई


**4** सरफराज ने विधायक पद छोड़ा है, पार्टी की सदस्यता नही : विनोद पांडेय

### झारखंड की अगली सीएम कल्पना सोरेन : निशिकांत



गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के ट्वीट पर गांडेय से झामुमो विधायक सरफराज अहमद ने कहा है कि निशिकांत दुबे जी को भविष्यवाणी करने दीजिए. मैंने रविवार को ही इस्तीफा दे दिया था. सोमवार को मेरा इस्तीफा स्पीकर ने स्वीकार कर लिया. मैंने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया है. आनेवाले दो दिनों में इसका भी खुलासा हो जाएगा. सरफराज अहमद ने कहा कि 31 दिसंबर 2023 के प्रभाव से यह सीट खाली हो गयी है. दरअसल निशिकांत दुबे ने ट्वीट कर कहा है कि झारखंड के गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद ने विधानसभा से इस्तीफा दिया, इस्तीफा स्वीकार हुआ. हेमंत सोरेन जी मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे, झारखंड की अगली मुख्यमंत्री उनकी पत्नी कल्पना सोरेन जी होंगी. नया साल सोरेन परिवार के लिए कष्टदायक.

### सरयू राय ने कहा, अब यह अग्निपरीक्षा सरल नहीं होगी



निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कहा है कि यह अग्निपरीक्षा सरल नहीं होगी. सब ठीक रहा, तो गांडेय का उपचुनाव लोकसभा चुनाव के साथ हो सकता है. पर उसके पहले संभावित गैर-विधायक सीएम को विधानसभा पटल पर बहुमत साबित करना होगा. यह अग्निपरीक्षा सरल नहीं होगी. फिर वैकल्पिक सरकार बनेगी या राष्ट्रपति शासन लगेगा या लोकसभा-विधानसभा के चुनाव साथ होंगे. राय ने दूसरे ट्वीट में कहा कि खालिस कयास है. जल्द सत्ता परिवर्तन होने की संभावना है. झारखंड में सत्ता बदलेगी, तो नवागन्तुक के लिए गिरिडीह की गांडेय विस सीट खाली होगी. गांडेय वाले सज्जन मित्र राज्यसभा को सुशोभित करेंगे. ईश्वर से प्रार्थना है कि नववर्ष में जो भी हो राज्य,जनता,राजनीति के लिए शुभ हो.सभी को शुभकामनाएं.

### बड़ा सवाल, अचानक इस्तीफा क्यों

सत्ता के गलियारों में बड़ा सवाल यह भी उठ रहा है कि गांडेय के विधायक सरफराज अहमद ने अचानक इस्तीफा क्यों दिया. राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह एक सोची समझी प्लानिंग का हिस्सा है. दरअसल, ईडी ने अपना शिकंजा कस दिया है. सीएम के नाम सातवां समन जारी कर ईडी ने स्पष्ट कर दिया था कि आप खुद ही दो दिन के भीतर बताएं कि लैंड स्कैम मामले में आपका बयान कहां दर्ज किया जाए. स्थान और समय तक तय करने का अधिकार सीएम को दिया गया था. वह डेडलाइन 31 दिसंबर को ही समाप्त हो गयी है. ईडी ने अपने समन में स्पष्ट कर दिया था कि पीएमएलए, 2002 की धारा 50 के तहत आपको बयान दर्ज कराने का अंतिम मौका दिया जा रहा है. अगर आप इसको नहीं मानते हैं तो यह समझा जाएगा कि आप जानबूझकर जांच को प्रभावित कर रहे हैं.

### भाजपा आज खोलेगी पत्ता



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि इस पर अभी कुछ नहीं कह सकते हैं. मंगलवार को इस पर बात करेंगे. फिलहाल अभी बाहर हूं.

### पूरी परिस्थिति पर पार्टी की नजर है : विनोद पांडेय



राज्य में जो परिस्थिति बनी है, उस पर पार्टी की नजर है. सरफराज ने पार्टी से इस्तीफा नहीं दिया है. विधायकी छोड़ी है, जिसका आदेश जारी हो गया है. जो परिस्थितियां बन रही हैं या बनेंगी, उस पर पार्टी की नजर है. पार्टी समय आने पर निर्णय लेगी. निशिकांत की बातों से पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ता है.

### राज्य हित में यह इस्तीफा: राजेश ठाकुर



प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि सरफराज अहमद ही बता सकते हैं कि आखिर इस्तीफा क्यों दिया. या फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा ही इसे स्पष्ट कर सकता है. वे झामुमो के विधायक हैं. मैं जितनी राजनीतिक समझ रखता हूं, उनका इस्तीफा राज्य हित में ही होगा.

## निशिकांत के दावे में कितना दम क्या कहते हैं कानून के जानकार

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे ने सरगर्मी बढ़ा दी है. हर किसी के अपने दावे हैं और उन दावों को मजबूत करने के लिए लोग दलीलें दे रहे हैं. डॉ सरफराज के इस्तीफे के बाद गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के ट्वीट ने एक अलग बहस छेड़ दी है. निशिकांत ने ट्वीट कर यह दावा किया है कि सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी को अगला सीएम बनाया जा सकता है, लेकिन इसमें अड़चन है. निशिकांत दुबे ने जो ट्वीट किया है उसमें लिखा है कि मुम्बई हाईकोर्ट के काटोल विधानसभा के निर्णय के मुताबिक गांडेय में चुनाव नहीं हो सकता. काटोल विस सीट महाराष्ट्र में जब खाली हुई, तब विधानसभा का कार्यकाल एक साल 50 दिन बाकी था.

झारखंड हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता और पूर्व महाधिवक्ता आरएस मजुमदार कहते हैं कि आरपी एक्ट के सेक्शन 151 ए (प्रोवाइजो) के मुताबिक अगर विधानसभा का टर्म एक साल से कम समय के लिए बचा हुआ है, तो वहां उपचुनाव नहीं कराया जा सकता है. हालांकि सामान्य परिस्थिति में किसी भी सीट के खाली होने के छह महीने में उपचुनाव कराए जाने का प्रावधान है.

*राज्यपाल महोदय यदि कल्पना सोरेन जी कहीं से विधायक नहीं बन सकती हैं तो मुख्यमंत्री कैसे बनेंगी? झारखंड को चारागाह बनाने की कोशिश कर रही हैं"*

### बिना सदस्यता के भी किसी को सीएम बनाया जा सकता है

भाजपा के शासनकाल में महाधिवक्ता रहे राज्य के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार बताते हैं कि किसी भी सीट के खाली होने के छह महीने में अंदर उपचुनाव कराए जाने का प्रावधान है. लेकिन एक वर्ष से कम समय बचे रहने के कारण उपचुनाव नहीं हो सकता है. लेकिन बिना सदस्यता के भी किसी व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है, जिससे एक नए विवाद की शुरुआत हो सकती है. क्योंकि रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट (आरपी एक्ट) के सेक्शन 151ए (प्रोवाइजो) के मुताबिक उपचुनाव नहीं हो सकता और अगर कोई गैर सदस्यता वाला व्यक्ति मुख्यमंत्री के पद पर काबिज़ होता है, तो उसे छह महीने के भीतर विधानसभा की सदस्यता लेनी होगी. अगर जिस व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया जाता है, वह छह महीने में चुनाव जीत कर विधानसभा की सदस्यता ले लेता है, तो कोई कानूनी अड़चन नहीं आएगी.

**ईडी के सातवें समन पर भी लगाए जा रहे कयास :** सीएम को भेजे गए ईडी के सातवें समन पर भी कयास लगाए जा रहे हैं. ईडी की कार्रवाई की आशंका के बीच सरकार ने वैकल्पिक रास्ते की तलाश शुरू कर दी है. 7वां समन 29 को जारी किया गया. इसमें कहा गया था कि उनसे पूछताछ करनी है, वह बताएं कि कब और कहां उपलब्ध होंगे. सीएम ने इन दो दिनों में ईडी से संवाद किया है या नहीं. कयास यह भी है कि हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष पेश होने की बजाय अदालत की शरण में जाना ज्यादा बेहतर समझेंगे. अगर ईडी सीएम के खिलाफ वारंटी भी प्राप्त कर लेता है, तो सुप्रीम कोर्ट में इसे चुनौती देकर सीएम अपनी राह आसान बना सकते हैं,क्योंकि सुप्रीम कोर्ट में ईडी के समन से संबंधित कई मामलों की सुनवाई अभी चल रही है.

---

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,800 |
| चांदी (किलो) | 77,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### 25 हजार पीडीएस डीलर हड़ताल पर

**रांची।** झारखंड की 25,000 से अधिक सरकारी राशन दुकानों के डीलर सोमवार को राष्ट्रव्यापी 'राशन बंद' में शामिल हो गए. 'ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन' ने इस हड़ताल का आह्वान किया है. अगर यह हड़ताल लंबी चली, तो झारखंड में 65 लाख से अधिक लाभार्थियों पर असर पड़ सकता है. एसोसिएशन की झारखंड इकाई के महासचिव संजय कुंडु ने कहा कि हम कमीशन प्रति किलो एक से बढ़ाकर 3 रुपए करने और किसी डीलर की मौत पर अनुकंपा पर एक सदस्य को दुकान देने की मांग कर रहे हैं.

#### इसरो ने लगायी एक और ऊंची छलांग

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में ब्लैक होल का अध्ययन करने में मदद करने वाले अपने पहले एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह का सोमवार को सफलतापूर्वक प्रक्षेपण करने के साथ 2024 की शुरुआत की. इसे अंतरिक्ष के क्षेत्र में इसरो की एक और ऊंची उड़ान माना जा रहा है.

#### जापान में भूकंप के तेज झटके, सुनामी की चेतावनी

**तोक्यो।** जापान ने सोमवार को पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए जाने के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की और लोगों से तटीय इलाकों से जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों पर चले जाने को कहा. जापान में एक के बाद एक कई झटके महसूस किये गये. रिक्टर पैमाने पर इसकी गति 7.6 तक आंकी गयी है.

## जमशेदपुर में नए साल का जश्न मातम में तब्दील

# सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत, 2 घायल

**संवाददाता। जमशेदपुर**

नए साल का जश्न मातम में तब्दील हो गया. सोमवार तड़के हुई सड़क दुर्घटना में आदित्यपुर के छह युवकों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना बिष्टुपुर के सीएच एरिया गोलचक्कर के पास घटी.



मृतकों की फाइल फोटो

मृतकों में सूरज साव (25), हेमंत (18), अनिकेत उर्फ मोनू (20), शुभम (19), पीयूष और अनिरुद्ध (23) शामिल हैं. जबकि हर्षवर्धन और रवि शंकर का इलाज चल रहा है. ये आदित्यपुर 2 के रोड नंबर पांच बाबा आश्रम के रहने वाले थे. इधर, घटना के बाद से ही क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है वहीं शहर में भी शांति छाई हुई है. इस संबंध में पुलिस ने घायल रवि शंकर के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की है.

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है. सोरेन ने 'एक्स' पर कहा, जमशेदपुर में एक सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत की खबर सुन कर दुखी हूं. भगवान दिवंगत आत्माओं को शांति दें और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को दुख की इस कठिन घड़ी को सहन करने की शक्ति दे.



### एक साथ निकली शव यात्रा

इधर, घटना के बाद पुलिस ने सभी शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया. शव जब आदित्यपुर के बाबा आश्रम पहुंचा तो बस्ती में चीख पुकाम मच गई. पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया. बस्ती से एक साथ छह-छह शव यात्रा निकली. इस दौरान लोगों की काफी भीड़ रही. सभी शव का पार्वती घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया.

### रात भर लिट्टी पार्टी की और शराब पी सुबह-सुबह आ रहे थे बिष्टुपुर

घटना में घायल रविशंकर झा ने पुलिस को बताया कि सभी ने एस टाइप मैदान के पास देर रात तक लिट्टी पार्टी की और शराब पी. यहां सभी ने बिष्टुपुर जाने का प्लान बनाया. सभी एस टाइप से निकले और बिष्टुपुर की ओर गए. कार सूरज चला रहा था. कार की रफ्तार भी काफी तेज थी और अंदर काफी तेज गाना बज रहा था. सीएच एरिया के पास कार पोल से टकराई जिसके बाद उसे कुछ याद नहीं. आंख खुली तो वह अस्पताल में था.

### पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

सभी आठ लोग एक कार पर सवार होकर बिष्टुपुर से मरीन ड्राइव की ओर जा रहे थे. कार की रफ्तार 100 किमी से ज्यादा थी. गोलचक्कर के पास कार बेकाबू होकर बिजली के खंभे से टकराते हुए पेड़ से जा टकराई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का इंजन अलग हो गया और सभी कार के अंदर दब गए. पास ही मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी. पुलिस मौके पर पहुंची और मशक्कत के बाद सभी को कार से बाहर निकाला और इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने सूरज, हेमंत, अनिकेत, शुभम, और पीयूष को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि अनिरुद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई. परिजनों ने हर्षवर्धन को बेहतर इलाज के लिए बिष्टुपुर के स्टील सिटी नर्सिंग होम और रवि शंकर को टीएमएच में भर्ती कराया.

## झारखंड हाईकोर्ट का फैसला

# कोलकाता में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री हुई सिर्फ इसलिए डीड रद्द करना उचित नहीं

**संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि संपत्तियों से संबंधित बिक्री विलेखों (सेल डीड) को केवल इसलिए गलत घोषित नहीं किया जा सकता, क्योंकि उसका पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) कोलकाता के रजिस्ट्रार एश्योरेंस के समक्ष किया गया है. दरअसल धनबाद के रहने वाले प्रभास कुमार शाह ने गंगा प्रसाद भगत से धनबाद की एक भूमि की कोलकाता में रजिस्ट्री करवायी थी. जिसके बाद उनकी सेल डीड को रद्द करने के लिए गंगा प्रसाद की पत्नी ने निचली अदालत में याचिका दायर की थी. जिसपर सुनवाई करते हुए धनबाद कोर्ट ने सेल डीड रद्द करने का फैसला सुनाया था.

धनबाद कोर्ट के इस फैसले को प्रभास कुमार शाह ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान अदालत ने कहा कि सेल डीड को केवल इस आधार पर गलत घोषित करना कि इसे कोलकाता में रजिस्ट्रार एश्योरेंस के कार्यालय से पंजीकृत किया गया था, कानून के तहत उचित नहीं है.

### अपीलीय कोर्ट ने प्रावधानों की गलत व्याख्या की

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि धारा 28 के मुताबिक, अचल संपत्ति को प्रभावित करने वाले दस्तावेजों को बिहार में संबंधित उप-जिला या जिले के



उप-रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत किया जाना चाहिए. धारा 30 ने रजिस्ट्रारों को उन दस्तावेजों को पंजीकृत करने की विवेकाधीन शक्ति दी है, जिन्हें उनके अधिकार क्षेत्र के तहत उप-रजिस्ट्रारों द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है. उपधारा 2 में इसे कुछ जिलों तक विस्तारित किया गया है. कोर्ट ने कहा कि ट्रायल और अपीलीय कोर्ट ने अनुच्छेद 254 के तहत प्रावधानों में गलती और गलत व्याख्या की. लेनदेन में धोखाधड़ी या जबरदस्ती की अनुपस्थिति पर ध्यान दिया और केवल कोलकाता के रजिस्ट्रार के एश्योरेंस कार्यालय से रजिस्ट्रेशन के आधार पर गलत करार दिये जाने को अनुचित मानते हुए धनबाद कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया.

## अच्छी खबर | टीम को मिला 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, संस्थान को नए साल का तोहफा

# आईआईटी-आईएसएम रोबोफेस्ट गुजरात 3.0 का चैंपियन

**संवाददाता। धनबाद**

आईआईटी-आईएसएम के आठ छात्रों की टीम साइंस सिटी अहमदाबाद में आयोजित देश की सबसे बड़ी रोबोटिक्स प्रतियोगिता रोबोफेस्ट गुजरात 3.0 की विजेता बनी है. टीम को 10 लाख रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. प्रतियोगिता के लेबल-3 का आयोजन 29 से 31 दिसंबर तक किया गया था. टीम में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष के छात्र शैलेश, अंतिम वर्ष के दो छात्र इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के तनिष्क चौधरी और माइनिंग इंजीनियरिंग के अनिकेत कुमार राय शामिल हैं.




### विकसित किया था स्व संतुलन रोबोट

मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर और टीम के सलाहकार प्रो. अरुण दयाल उदय ने बताया कि टीम ने एक स्व संतुलन रोबोट विकसित किया था, जो कि एक तय पथ पर खुले कंटेनर में पानी ले जा सकता है. टीम के संरक्षक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के पीएचडी के छात्र आशीष सिद्धार्थ ने बताया कि टीम ने जनवरी 2023 में लेवल वन प्रतियोगिता में क्वालीफाई कर 50 हज़ार रुपए और जून 2023 में लेवल-2 में क्वालीफाई कर सेल्फ बैलेंसिंग रोबोट श्रेणी में दो लाख रुपए का पुरस्कार जीता था.

### लेवल 3 में 67 टीमों ने लिया भाग

आशीष ने बताया कि सभी सात श्रेणियों में लेवल-2 में 150 टीमों ने क्वालीफाई किया था. इनमें से लेवल-3 में 67 टीमों ने क्वालीफाई किया था. जिसमें सेल्फ बैलेंसिंग रोबोट श्रेणी में 11 टीम क्वालीफाई हुई थी. जिन्हें वास्तविक प्रोटोटाइप वर्किंग रोबोट का निर्माण करना था. वर्किंग रोबोट बनाकर आईआईटी-आइएसएम की टीम ने यह पुरस्कार जीता. यह जानकारी आईआईटी-आईएसएम की कॉर्पोरेट संचार की डीन प्रो रजनी सिंह ने दी है.

# ओडिशा के जगन्नाथ मंदिर में लागू हुआ नया ड्रेस कोड

**एजेंसी। पुरी (ओडिशा)**

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने 12वीं सदी के इस धार्मिक स्थल में निकर, फटी जींस, स्कर्ट और बिना आस्तीन वाले कपड़े पहन कर आने वाले श्रद्धालुओं के प्रवेश करने पर रोक लगा दी और उनके लिए 'ड्रेस कोड' अनिवार्य कर दिया है.

उसने नव वर्ष से मंदिर परिसर में गुटखा और पान खाने तथा प्लास्टिक और पॉलिथीन का इस्तेमाल करने पर भी पूर्ण रोक लगा दी है. श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने के लिए शालीन वस्त्र पहनने होंगे. हाफ पैंट, निकर, फटी हुई जींस, स्कर्ट और बिना आस्तीन के कपड़े पहनने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है. नियम लागू होने से नये साल के पहले दिन मंदिर आये पुरुषों को धोती-तौलिया पहने हुए देखा गया और महिलाएं साड़ी या सलवार कमीज में नजर आईं. एसजेटीए ने पहले आदेश जारी किया था और पुलिस से इन पाबंदियों को लागू करने के लिए कहा था.

### खास बातें

- फटी जींस, स्कर्ट, निकर पहन कर आने वालों के प्रवेश पर रोक
- मंदिर परिसर में गुटखा और पान खाने पर भी प्रतिबंध

### उच्च शिक्षा गढ़ेगा नए आयाम : झारखंड से होगी हाईड्रोजन ईंधन की सप्लाई

# 2024 में झारखंड की बदलेगी तस्वीर



रवि भारती। रांची

झारखंड के लिए साल 2024 कई मायनों में अहम होगा. इस साल हायर एजुकेशन को पंख लगेगा. कई कॉलेज यूनिवर्सिटी में तब्दील होंगे. नयी यूनिवर्सिटी अस्तित्व में आएंगी. वहीं राज्य में पहली हाइड्रोजन ईंधन परियोजना भी शुरू होगी. इस प्रोजेक्ट में 354.28 करोड़ रुपए निवेश किए जाएंगे. इस प्रोजेक्ट के तहत हाईड्रोजन ईंधन और 10 हजार से अधिक बैटरी बनाने की क्षमता होगी.


### हायर एजुकेशन में ये भी होंगे काम

1. डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी को एडवांस रिसर्च सेंटर ऑफ फिजिकल एंड नेचुरल साइंसेज के रूप में किया जाएगा विकसित
2. विनोबा भावे विश्वविद्यालय होगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर साइबर सिक्योरिटी के रूप में विकसित
3. विश्वविद्यालय और अंगीभूत महाविद्यालयों को बहु विषयक संस्थानों को किया जाएगा अपग्रेड
4. बुनियादी ढांचे स्टेट ऑफ द आर्ट के रूप में होंगे विकसित
5. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार सकल नामांकन अनुपात को साल 2035 तक 50 फीसदी करना है

**5 कॉलेज यूनिवर्सिटी में होंगे तब्दील**

साल 2024 में पांच कॉलेज यूनिवर्सिटी में तब्दील होंगे. इनमें रांची वीमेंस कॉलेज, केओ कॉलेज गुमला, जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज और देवघर कॉलेज शामिल हैं. गिरिडीह में सर जेसी बोस यूनिवर्सिटी की स्थापना होगी. छात्र-छात्राओं की नामांकन दर को बढ़ाने के लिए चरणबद्ध तरीके से 14 वीमेंस कॉलेज, 13 मॉडल कॉलेज एवं 33 डिग्री कॉलेज की स्थापना की जा रही है. इसके अतिरिक्त आवश्यकता अनुसार प्रखंडों में डिग्री कॉलेजों की स्थापना की जाएगी.

### वर्ष 2024 में ही पहली हाईड्रोजन ईंधन परियोजना शुरू कर दी जाएगी



साल 2024 में झारखंड की पहली हाईड्रोजन ईंधन परियोजना शुरू होगी. इसके लिए टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ करार किया जा चुका है. यह देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन परियोजना है और झारखंड में बने हाइड्रोजन इंजन पूरे भारत में भेजे जाएंगे. पेट्रोल या डीजल जैसे जीवाश्म ईंधन की खपत को कम भी किया जा सकेगा. सरकार का लक्ष्य 2070 तक भारत को कार्बन न्यूट्रल बनाने का है जिसमें हरित हाइड्रोजन की एक मुख्य भूमिका होगी. केंद्र सरकार ने 2023 में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया है. इस योजना का प्रारंभिक परिव्यय 19,744 करोड़ रुपए है.

**नए वर्ष में बढेगी सिंचाई क्षमता, जल संसाधन विभाग ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू किया काम**

# 14 परियोजनाओं पर खर्च होंगे 1100 करोड़

अमित सिंह। रांची

झारखंड के किसानों के लिए नया वर्ष राहत देने वाला होगा. सरकार ने सिंचाई के लिए खेतों तक ज्यादा से जयादा पानी पहुंचाने वाली परियोजनाओं पर काम शुरू कर दिया है. इसके लिए जल संसाधन विभाग पायलट प्रोजेक्ट के तहत काम कर रह है. गत वर्ष जांच आदि की वजह से करोड़ों का टेंडर विभाग द्वारा रद्द कर दिया गया था. अब उनपर फिर से काम शुरू कर दिया गया है. टेंडर प्रक्रिया के तहत एजेंसियों का चयन किया जा रहा है.

नए वर्ष में सिंचाई क्षमता बढेगी. जल संसाधन विभाग छोटी-बड़ी 14 परियोजनाओं पर 1100 करोड़ रुपए खर्च करेगा. इससे योजनाओं में लंबित सिविल वर्क, नहरों की लाइनिंग, अर्थ वर्क और ईआरएम सहित काम होंगे. अजय बराज, गुमानी बराज, बुढई सिंचाई परियोजना, बुंडू सिंचाई परियोजना, बरांडा सिंचाई परियोजना समेत कुल 14 योजनाओं का चयन हुआ है. इन योजनाओं के लंबित कार्य पायलट प्रोजेक्ट के तहत गरमी से पहले पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.



**12.25 लख हेक्टेयर में सिंचाई की व्यवस्था**

झारखंड में 80 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर है. खराब मौसम, सूखा आदि की वजह से किसानों की कमर टूट गई है. सिंचाई क्षमता कम होने की वजह से किसान चाह कर भी खेती नहीं कर पाते हैं. ऐसे में जल संसाधन विभाग खेतों तक ज्यादा से ज्याद पानी पहुंचाने वाली परियोजनाओं को पूरा करने में जूट गया है. झारखंड सिंचाई आयोग के अनुसार प्रदेश में 36 लाख हेक्टेयर भूमि कृषि के लिए उपयुक्त है. इसका 12 .25 लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई की व्यवस्था संभव है. इसमें 17 प्रतिशत भाग पर नहरों द्वारा सिंचाई की जाती है. संथाल परगना व सिंहभूम में 10 हजार हेक्टेयर भूमि, पलामू में 9 हजार हेक्टेयर भूमि में नहरों द्वारा सिंचाई की जाती है.

**सिंचाई के लिए पाइपलाइन योजना पर फोकस**

प्रदेश में 886 मध्यम सिंचाई परियोजना लागू की गई हैं. इसके माध्यम से 30 हजार हेक्टेयर से भी अधिक भूमि में सिंचाई क्षमता विकसित की गई है. वर्तमान में 602 परियोजनाएं कार्यरत हैं. वहीं लघु सिंचाई परियोजनाओं से 2000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था विकसित करने का काम किया जा रहा है. वर्तमान में जल संसाधन विभाग द्वारा प्रदेश में नहर सिंचाई परियोजना ही पाइपलाइन परियोजना के तहत क्रियान्वित की जा रही है, जिससे ज्यादा से ज्यादा खेतों तक पानी पहुंचाया जा सके.

### ब्रीफ खबरें

**सीएम हेमंत ने नववर्ष की शुभाकामनाएं दीं**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं. सीएम ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि नववर्ष 2024 के मौके पर आप सभी को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार. यह साल आप सभी के जीवन में खुशियां लायें. सभी स्वस्थ्य, सुखी और संपन्न रहें. यही कामना करता हूं. उन्होंने कहा कि झारखंड के अमर वीर शहीदों और महान आंदोलनकारियों के सपनों का राज्य निर्माण करने की ओर हम मिलकर आगे बढ़ते रहें. राज्य की जड़ों को सिंचित कर उसे और सशक्त बनायें.

**कानून पर पुनर्विचार करेगा केंद्र : चैंबर**

**रांची।** भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर जुर्माना और कैद के प्रावधान से ड्राइवरों की चिंता को वास्तविक बताते हुए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने ड्राइवरों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है. उम्मीद है कि भारत सरकार द्वारा अवश्य ही अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जायेगा. चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि जब तक ठोस कार्रवाई नहीं होती है तब तक विचलितन न हों.

## आज बिरसा मुंडा जेल के जेलर से ईडी करेगी पूछताछ

संवाददाता। रांची

एक अखबार के संपादक को धमकाने के मामले में होटवार जेल के जेलर प्रमोद कुमार से ईडी मंगलवार को पूछताछ करेगी. पूरा मामला शराब घोटाला मामले में जेल में बंद योगेंद्र तिवारी के नाम से एक अखबार के संपादक को फोन पर धमकाने से संबंधित है. ईडी ने जेल से अलग-अलग नंबरों से धमकी दिये जाने के मामले को गंभीरता से लिया था और बीते 30 दिसंबर 2023 को ईडी ने जेलर को समन जारी कर पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा है.

**सेल और टेलीफोन बूथ के आसपास का सीसीटीवी फुटेज मांगा :** ईडी ने जेलर से योगेंद्र तिवारी के सेल और टेलीफोन बूथ के आसपास का सीसीटीवी फुटेज भी मांगा है. बता दें कि होटवार जेल में जेल मैनुअल के उल्लंघन के मामले आते रहे हैं. मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद वीआईपी कैदियों को जेल मैनुअल का उल्लंघन कर प्रतिबंधित सुविधाएं देने के मामले भी उजागर हुए हैं. ईडी ने छापेमारी में इसका खुलासा भी किया था.



### गुलाम अहमद मीर आज पहुंचेंगे रांची


**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव एवं झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे के क्रम में सोमवार को दोपहर 12.50 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची पहुंचेंगे.कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी ने बताया कि प्रभारी को एयरपोर्ट से लेकर संगम गार्डन आने के क्रम में शहर के चौराहा पर कांग्रेस के कार्यकर्ता के द्वार स्वागत किया जायेगा. उसके उपरांत झारखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा संगम गार्डन में, 1.30 बजे स्वागत समारोह होगा. समारोह में राजेश ठाकुर समेत कांग्रेस के मंत्री, एमएलए,प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी जिला अध्यक्ष शामिल रहेंगे.

### राष्ट्रीय स्कूली खेल : ताइक्वांडो प्रतिस्पर्धा

## झारखंड के जयवीर ने जीता रजत पदक

संवाददाता। रांची

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में बैतूल मध्य प्रदेश में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2023-24 के ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पहले दिन झारखंड के जयवीर यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर 41 केजी में रजत पदक जीत कर राज्य का खाता खोला. नॉक आउट स्टेज के बेस्ट ऑफ़ थ्री मुकाबले के पहले मैच में आंध्र प्रदेश को 2-1 से, दूसरे मैच गुजरात को 2-1 से, क्वार्टर फाइनल मैच में महाराष्ट्र को 2-0 से, सेमीफाइनल में मणिपुर को हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया, जहां शानदार मुकाबले में हरियाणा के खिलाड़ी से 1-2 से मैच गंवाते हुए रजत पदक से संतोष करना पड़ा. जयवीर की इस उपलब्धि पर खिलाड़ी और टीम कोच एवं मैनेजर को शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्य समेत शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने खिलाड़ी और उनके कोच को बधाई दी.



### बारिश के साथ मौसम लेगा करवट, ठंड में हो सकती है बढ़ोतरी

# झारखंड में कल से बारिश के आसार


संवाददाता। रांची

झारखंड में नए साल के आगाज के साथ मौसम के करवट लेने की संभावना है. मौसम विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार 3 से 6 जनवरी तक बारिश होने के आसार हैं. इस दौरान राज्य के उत्तर-पश्चिमी व मध्य भागों में यानि पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार व लोहरदगा, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी और रामगढ़ में कहीं-कहीं पर हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है. इस दौरान हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरे के बाद आंशिक बादल छाए रहेंगे और मौसम शुष्क रहेगा. राज्य में अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. अगले 2 दिनों के दौरान तापमान में धीरे-धीरे 2-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जा सकती है.

वहीं पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा. कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा भी दर्ज किया गया. सबसे अधिक अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री से. चाईबासा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री से. गिरिडीह में दर्ज किया गया. राजधानी रांची में सुबह के कोहरा के बाद मौसम साफ रहा. रांची में अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री से. व न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री से. दर्ज किया गया.



**जानें प्रमुख शहरों का तापमान** (डिग्री सेल्सियस में)




CLASSIFIED














































राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in मंगलवार, 02 जनवरी 2024 ● पौष कृष्णपक्ष 07, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 255 आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


पेज 14




घटना से लोगों में आक्रोश



## कतरास में जोरदार आवाज के साथ 3 घर, 1 गोदाम जमींदोज

संवाददाता। कतरास

सोमवार को बीसीसीएल एरिया चार के लकड़का 9 नंबर में भू धंसान की घटना में तीन आवास, एक गोडाउन समेत दर्जन भर बकरियां जमींदोज हो गयीं. दुर्घटना में परिजन बाल बाल बच गए. यहां करीब 40 फीट चौड़ा, लंबा व 15 फीट गहरा गोफ बन गया.घटना के बाद ग्रामीणों में भय व आक्रोश का माहौल व्याप्त है. प्रभावितों ने बताया कि सुबह अचानक जमीन के अंदर से जोरदार आवाज सुनाई देने लगी.देखते ही देखते घर की जमीन गर्म होने लगी अनहोनी की आशंका से सभी लोग आनन-फानन में घरों से बाहर निकले.

कुछ ही देर बाद एक एक कर तीन घर जमींदोज हो गये. आवासों में रखे सारा सामान भी जमीन के नीचे समा गये. जानकारी के अनुसार भूधंसान की घटना में राजेश भारती, दिलीप भारती, नारायण भारती का घर व राजेश साव का कैटरिंग का गोडाउन जमींदोज हुए हैं. सभी के घरों की सामग्री व नगदी नीचे चली गयी. भुक्तभोगियों के दो पड़ोसियों में राज कुमार भारती, मो. जाहिद के आवासों में भी दरार पड़ गयी. इन लोगों ने भी अपने अपने घरों का सामान बाहर निकाला. लोगों ने बताया कि वे यहां पिछले 20 वर्षो से रह रहे हैं. नारायण भारती का सारा सामान समेत दर्जन भर बकरियां जमींदोज हो गयीं. इधर कतरास एरिया चार के जीएम एमएस दूत ने कहा कि जिस जगह घटना घटी है, वह डेंजर जोन है. लोगों को नोटिस दिया जा चुका है, इसके बावजूद कोई जगह खाली करने को तैयार नहीं है. बीसीसीएल पुनर्वास को तैयार है.

- दर्जनों जानवर भी समाए, बाल-बाल बचे लोग
- घटना बीसीसीएल एरिया चार के लकड़का 9 नंबर की



### खरसावां गोलीकांड के शहीदों को सीएम हेमंत सोरेन ने दी श्रद्धांजलि, बोले-

## 2024 में हम फिर बनाएंगे सरकार

- केंद्रीय मंत्री के कृषि मेला की मुख्यमंत्री ने की आलोचना, कहा- आज का दिन तो शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का है

संवाददाता। आदित्यपुर


श्रद्धांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री

खरसावां गोलीकांड के शहीदों को सोमवार को श्रद्धांजलि देने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खरसावां पहुंचे. उन्होंने शहीद की बेदी पर फूल माला से श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीदों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की. उनके साथ मंत्री चंपई सोरेन, जोबा मांझी, विधायक सविता महतो, दीपक बिरुआ, दशरथ गागराई, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे.

श्रद्धांजलि देने के बाद मुख्यमंत्री ने सभा को भी संबोधित करते हुए बीजेपी पर जम कर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि झारखंड जब नवजात शिशु था तभी झारखंड गलत हाथों में चला गया जिसका खामियाजा आज राज्य की जनता को भुगतना पड़ रहा है. जिस वक्त झारखंड अलग राज्य का गठन हुआ तब राज्य का खजाना खाली नहीं था, 2019 से पहले बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार ने यहां के जल- जंगल और जमीन को लूटने का काम किया. हमारी सरकार जब से सत्तासीन हुई है, तब से हमने आदिवासियों को उनका हक और अधिकार देना शुरू किया जिससे उनके पेट में दर्द होने लगी और झारखंड सरकार को परेशान करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाने लगे, मगर झारखंड के युवा अब जागृत हो चुके हैं. उनके हर मंसूबों पर पानी फेरने के लिए तैयार बैठे हैं. उन्होंने मंच से विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा, कि 2024 राजनीतिक उठापटक का साल रहेगा, ऐसे में हमें एकजुटता दिखाते हुए फिर से सरकार बनानी है. उन्होंने आज ही के दिन किसान मेला के आयोजन पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की जमकर आलोचना की और कहा कि आज के दिन हम सभी शहीद दिवस को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाते हैं मगर भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री ने इसकी रूपरेखा ही बदल दी है. सभा को मंत्री चंपई सोरेन और स्थानीय विधायक दशरथ गागराई ने भी संबोधित किया. इस दौरान जिला प्रशासन के सभी आला अधिकारी भी मौजूद थे.

### बलिदान हमारे लिए आज भी प्रेरणास्रोत : राज्यपाल

संवाददाता। आदित्यपुर

1 जनवरी 1948 को खरसावां गोलीकांड में शहीदों की शहादत को झारखंड राज्य के निर्माण में भुलाया नहीं जा सकता. शहीदों ने प्राणों की आहुति के चलते यह पवित्र शहीद स्थल हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है. उक्त बातें शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कही.

उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान से हमें आगे बढ़ाने की शक्ति मिलती है. राज्यपाल के साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी नमन किया. राज्यपाल ने कहा कि इस कुर्बानी को याद करते हुए हमें बेहतर राज्य का निर्माण करना है, जहां लोगों में मेल भाव, भाईचारा बना रहे. झारखंड प्राकृतिक खनिज संपदा से परिपूर्ण राज्य है. हमें ऐसा प्रयास करना चाहिए कि इन प्राकृतिक संपदाओं का बेहतर तरीके से प्रयोग कर राज्य को विकास की अग्रणी पंक्ति में लाकर खड़ा करें.



#### सैकड़ों लोगों ने इस स्थल को पवित्र कर दिया

केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि खरसावां के इस पवित्र स्थल पर पहली बार राज्यपाल का आगमन हुआ है, जो हर्ष का विषय है. स्वतंत्र भारत में पहली बार सैकड़ों लोगों ने प्राणों की आहुति देकर इस स्थल को पवित्र कर दिया है. अब यह पूरे राज्य के लिए प्रेरणास्थल के रूप में जाना जाता है. नववर्ष के पहले दिन खरसावां का यह शहीद स्थल आस्था का केंद्र बना रहता है, जहां दूर-दराज से लोग शहीदों को नमन करने पहुंचते हैं. इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के साथ रांची के सांसद संजय सेठ, खरसावां के विधायक दशरथ गागराई, पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय भी मौजूद थे.

## नशे में धुत सिपाही का उत्पात अपार्टमेंट पर चलाई गोली

### स्कूटी से गेट में मारी टक्कर, पुलिस ने जब्त किया खोखा

संवाददाता। धनबाद

बरटांड़ पंडित क्लीनिक रोड स्थित सीपी सिंह इन्क्लेव में रविवार की रात शराब के नशे में धुत सिपाही मनसुख झा ने जमकर उत्पात मचाया. रात 12 बजे अपार्टमेंट का गेट नहीं खोलने पर सिपाही ने पहले गेट पर स्कूटी से टक्कर मारी, फिर दोस्तों को बुला कर पथराव कर दिया. इसके बाद भी गेट नहीं खुला, तो फायरिंग कर दी. पुलिस ने मौके से एक खोखा बरामद किया है. इंस्पेक्टर संतोष गुप्ता ने लोगों का बयान दर्ज किया है.

लोगों ने बताया कि अपार्टमेंट में गार्ड दिनेश ड्यूटी पर था. रात करीब 12 बजे एक व्यक्ति स्कूटी से आया. सीधे गेट पर टक्कर मारी और गेट खोलने को कहा. इस पर गार्ड ने कहा कि पहले बताएं कि आप किसके यहां जाएंगे, तभी गेट खुलेगा. इस पर वो भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा. वो झियाडा में कार्यरत हजारी शर्मा से मिलने की बात कह रहा था. तब गार्ड ने हजारी शर्मा को सूचना देकर बुलाया. तब पता चला कि वह सिपाही मनसुख झा है, जो डॉ समीर कुमार का बाडीगार्ड है. इधर, तब तक सिपाही ने फोन कर अपने दोस्तों को बुला लिया. फिर सिपाही और उसके दोस्तों ने अपार्टमेंट पर पथराव कर दिया. यह देख हजारी शर्मा ने सिपाही मनसुख को अपार्टमेंट में आने से मना किया. इस पर उसने पिस्टल निकाल कर अपार्टमेंट की ओर फायर कर दिया. उस वक्त अपार्टमेंट गेट की दूसरी तरफ दर्जनों लोग मौजूद थे. संयोगवश गोली गेट पर ही लगी. अपार्टमेंट के लोग लगभग ढाई घंटे तक दहशत में रहे. घटना की सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही सिपाही और उसके साथी वहां से निकल गए. पुलिस ने मौके से एक खोखा बरामद किया है. पुलिस ने अपार्टमेंट के लोगों का बयान दर्ज किया है. उसके आधार पर जवान मनसुख पर एफआइआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई करेगी.

#### खास बातें

- रात 12 बजे अपार्टमेंट का गेट नहीं खुलने पर किया हंगामा
- पुलिस ने शुरू की जांच, दर्ज हो सकती है एफआईआर

## मछली कारोबारी की हत्या, शव के साथ रोड जाम

### गुस्साए ग्रामीणों ने हत्यारों की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग की, 4 घंटे के बाद सीओ के आश्वासन पर जाम हटा

संवाददाता। टुंडी

गमरियाटांड़ में मछली कारोबारी की हत्या से ग्रामीणों और घरवालों में काफी आक्रोश है. हत्यारों की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर सैकड़ों लोगों ने टुंडी थाने के सामने सड़क जाम कर दी. जाम करनेवाले पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे. ग्रामीणों व घरवालों का कहना था कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण ही आपराधिक घटनाएं हो रही है. पुलिस वसूली में मस्त रहती है और रोजाना क्राइम हो रहा है. हत्या, लूट, चोरी, दुष्कर्म, छिनतई व मारपीट की घटनाएं हो रही है. जानकारी के अनुसार चरकखुर्द निवासी मछली कारोबारी दिनेश मंडल मनियाडीह थाना क्षेत्र के जिनाकी हटिया में मछली बेचकर बाइक से घर लौट रहे थे. इसी बीच रास्ते में टुंडी थाना क्षेत्र के गमरियाटांड में रविवार देर शाम सात बजे बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी और भाग निकले. घटना के बाद घरवाले कारोबारी को एसएनएमएमसीएच सरायढेला ले गए. जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करा परिजनों को शव सौंप दिया.



#### अज्ञात अपराधियों के खिलाफ लूटपाट व हत्या का केस दर्ज

दिन के सवा तीन बजे घरवाले ग्रामीणों के साथ टुंडी थाना के सामने शव रखकर सड़क जाम कर दिया. मृतक के पुत्र ने थाने में अज्ञात अपराधियों पर हत्या का केस दर्ज कराया है. मृतक का घर चरकखुर्द में हैं. चार घंटे के बाद सीओ के आश्वासन पर शाम 7 बजे जाम हटा. गाड़ियों की लंबी कतार से लोगों को काफी परेशानी हुई.

## ऑटो चालकों की हड़ताल से परेशान हुए लोग

### हिट एंड रन मामले में बढ़ी सजा का हो रहा देश भर में विरोध, थमे रहे हजारों पहिए

संवाददाता। धनबाद

हिट एंड रन मामले में बढ़ी सजा के विरोध में सोमवार को ऑटो चालकों की हड़ताल से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा. यात्री जहा-तहां खड़े ऑटो का इन्तजार करते दिखे. रेलवे स्टेशन के बाहर सवारियों की भीड़ लगी रही.

ट्रेन से आये लोगों को गंतव्य तक जाने के लिए सवारी नहीं मिली. कई लोग हाथों में अपना सामान लिए पैदल ही चले गए तो वहीं टोटो चालकों ने हड़ताल का खूब लाभ उठाया. टोटो चालकों ने सवारियों से मनमाना किराया वसूला है.



#### क्या है पूरा मामला

आपराधिक कानूनों में बदलाव की वजह से हिट एंड रन मामलों में सजा बढ़ गई है. जिससे देश भर में ट्रक ड्राइवरों, ऑटो ड्राइवरों और बस ऑपरेटरों का विरोध शुरू हो गया है. नए कानून के तहत फरार और घातक दुर्घटना की सूचना न देने पर ड्राइवरों को 10 साल तक की जेल हो सकती है. इससे पहले,आईपीसी की धारा 304ए (लापरवाही से मौत) के तहत आरोपी को केवल दो साल तक की जेल हो सकती थी.

#### क्या कहते हैं चालक

चालकों का आरोप है कि नया कानून ड्राइवरों को उनकी ड्यूटी से हतोत्साहित करेगा और नए लोगों को नौकरी लेने से भी रोकेगा. ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि, कोई भी जानबूझ कर दुर्घटना नहीं करता है और ड्राइवरों को डर है कि अगर वे घायलों को अस्पताल ले जाने की कोशिश करेंगे तो भीड़ उनकी पिटाई कर देगी, इसलिए वे इस "काले कानून" को रद्द करने की मांग कर रहे हैं.

### लापरवाही बड़े साहब के कहने पर होमगार्ड के जवान ने दर्ज कराई एफआईआर

## समझौते के बाद भी 8 साल से सस्पेंड हैं 4 जवान, अब तक बहाली नहीं

रंजीत कुमार। धनबाद

साहब के कहने पर एफआईआर कर दिए. मालूम था कि बाद में कोर्ट तक मामला पहुंचेगा, तो वहां समझौता कर लेंगे. यह खुद स्टिंग ऑपरेशन में मोबाइल पर की गयी रिकॉर्डिंग में आठ साल पहले 18 मई 2015 को धनबाद थाने में चार जवानों पर केस करनेवाले होमगार्ड जवान राम पुकार राय कह रहे हैं.

राय ने 18 मई वर्ष 2015 को थाने में लिखित शिकायत में कहा था कि वह देर शाम 6:30 बजे होमगार्ड कार्यालय में एचआरएमएस फॉर्म का संधारित कर रहे थे. इसी दौरान रवींद्र नाथ मुखर्जी, गोरख राम, शिवशक्ति कुमार व अखिलेश कुमार सिन्हा कार्यालय पहुंचे और जोर-जोर से चिल्लाने लगे कि हमलोग मना किए थे कि एचआरएमएस फॉर्म नहीं भरना है, इससे हमलोगों को दिक्कत हो जाएगा. फिर गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और सरकारी कागजात को फाड़ डाला. कायार्लय आवासीय परिसर में होने के कारण कई जवान जुट गए, जिसमें प्रभाष कुमार, सुधीर प्रसाद सिंह, चंद्रिका यादव व महेंद्र प्रसाद सहित कई जवान जुटे तो सभी आरोपी बाइक से धमकी देते हुए भाग निकले. शिकायत के आलोक में आरोपियों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, सरकारी दस्तावेज फाड़ने, गाली-गलौज व धक्का-मुक्की करने और दुर्व्यवहार करने के मामले में धनबाद थाना पुलिस ने एफआईआर कर ली.


होमगार्ड जवान राम पुकार राय

#### खास बातें

- आरोपियों पर लगाया गया है गाली-गलौज का आरोप
- धक्का-मुक्की व दुर्व्यवहार का भी लगाया गया आरोप

#### केस से बरी होने के बाद तीन बार दे चुके हैं स्पष्टीकरण

अनुसंधान के दौरान ही सभी आरोपियों ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर जमानत ले ली. उसके बाद 14 सितंबर 2015 में ही अनुसंधानकर्ता अभिमन्यु सिंह ने कोर्ट में चार्जशीट सौंप दिया. चार्जशीट में केस को सत्य बताया गया. कोर्ट में जिरह के दौरान वादी राम पुकार राय ने अधिवक्ता के माध्यम से अपील दाखिल करा कर केस से संमझौता कर लिया, वादी की ओर से कहा गया कि मुझे आरोपियों से किसी तरह की कोई शिकायत नहीं है. फिर सभी आरोपी केस से बरी हो गए. इधर केस से बरी हुए आठ साल बीत गए, लेकिन चार आरोपियों में एक भी जवान निलंबन मुक्त नहीं हुआ है. तीन बार स्पष्टीकरण दे चुके हैं, अब फिर वर्तमान कमांडेंट रवि कुजूर की ओर से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है.

#### साहब बोले थे कि एफआईआर नहीं कराओगो तो निकाल देंगे

वादी राम पुकार राय वीडियो में कह रहे हैं कि साहब बोले थे कि केस नहीं करोगे तो निकाल देंगे. विभाग के एक अन्य जवान बोले थे एफआईआर करने, लेकिन उसने इंकार कर दिया तो मुझपर दबाव बनाने लगे. आखिरकार मुझे एफआईआर करना पड़ा. कार्यालय में न तो मारपीट हुई थी और ना ही कागजात फाड़े गए थे.

#### घटना के समय नहीं थे, आईओ ने नहीं लिया कोई बयान

गवाह सुधीर सिंह और महेंद्र राउत वीडियो में कह रहे हैं कि जिस समय घटना को एफआईआर में दिखाया गया है, उस समय ड्यूटी ऑफ कर घर जा चुके हैं. घटना का समय देर शाम 6:30 से 7 बजे दिखाया जा रहा है. आईओ ने बयान भी नहीं लिया और चार्जशीट में लिख दिया कि गवाहों के बयान पर केस को सही पाया गया.

## सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत, युवती जख्मी, गंभीर

संवाददाता। धनबाद

बिरसा मुंडा पार्क रोड में दो दिनों में दो बड़ी दुर्घटनाएं हुईं. एक में पांडरपाला के किशोर की मौत हो गई जबकि दूसरी घटना में युवती गंभीर रूप से जख्मी हुई. रविवार को पांडरपाला का किशोर बाइक से जा रहा था, तो आटो से उसकी टक्कर हो गई. टक्कर में समीर की मौत हो गई. इसके बाद शव लेकर घर वाले चले गए, सोमवार को उसके अंतिम संस्कार की तैयारी हो थी, तब पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया. इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया. वहीं दूसरी घटना भी इसी मार्ग पर सोमवार को हुई है. पांडरपाला की रहने वाली सहाना अली खान को एक आटो ने टक्कर मार दी. सहाना सड़क के किनारे खड़ी थी, तभी एक तेज रफ्तार आटो की चपेट में आ गई. हुआ ये कि तेज रफ्तार आटो ठीक सहाना के पास आकर पलट गई, इससे सहाना को काफी गंभीर चोट आई है. फिलहाल उसका इलाज अशरफी अस्पताल में चल रहा है.

#### गिरने से वृद्ध की मौत

उधर, चीरागोड़ा निवासी केदारनाथ सिंह उम्र करीब 70 वर्ष की रविवार की देर रात सड़क पर गिरने से मौत हो गई. केदारनाथ के भाई की कोर्ट रोड में चाय दुकान है. रात में वो घर जा रहा था, तभी प्रखंड कार्यालय के पास सिर के बल गिर पड़ा, गिरने के बाद वो बेहोश हो गया, सूचना पाकर घर वाले उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. आशंका व्यक्त की जा रही है कि वो शराब के नशे में होगा. लोगों के मुताबिक वह अक्सर शराब पीता था.

## ब्रीफ खबरें

### गरीब बच्चों के बीच हुडी का वितरण किया

**बाघमारा।** बीसीसीएल ब्लॉक दो के दीक्षा महिला मंडल के त्रिशक्ति महिला समिति के द्वारा प्रखंड के नारायणपुर बस्ती एवं आसपास के ग्रामीण आदिवासी मौजा के बच्चों के बीच हुडी का वितरण किया गया. ठंड के मद्देनजर हुडी सेट के वितरण के लिए वस्त्रों का संकलन कर इसे समाज सेवक आनंद शंकर को सुपुर्द किया गया था. इस कार्य में समिति की सभी सदस्य महिलाओं का सराहनीय सहयोग रहा. मौके पर समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे.

### बांसजोड़ा में शॉर्ट पिच नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

**तेतुलमारी (धनबाद)।** बांसजोड़ा में तीन दिवसीय शॉर्ट पिच नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 'बांसजोड़ा प्रीमियर लीग' सीजन 8 का आयोजन सोमवार को किया गया. टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा नेता शेखर सिंह व पप्पू सिंह ने संयुक्त रूप से किया. शेखर सिंह ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की सीख दी. उद्घाटन मैच में टाइगर क्लब झरिया ने बांसजोड़ा ग्राउंड प्लेयर टीम 15 रन से हरा दिया. रोहित सिंह को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया.

### रामराज मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**कतरास/बरोरा।** नए वर्ष पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम सहित अन्य देवी देवताओं की पूजा-अर्चना करने सोमवार को लोगों की भारी भीड़ चिटाही स्थिति रामराज मंदिर परिसर में उमड़ी. मंदिर का पट खुलते ही पूरा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा गया. कतरास बाघमारा धनबाद सहित दूर-दराज के क्षेत्रों के अलावे समीपवर्ती बंगाल राज्य से भी श्रद्धालु राम राज मंदिर के दर्शन के लिए पहुंचे थे. सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ मंदिर के पास जुट गई थी.

### तीन पुलिस कर्मियों को दी गई विदाई

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना परिसर में सोमवार को अवकाश प्राप्त तीन पुलिस अवर निरीक्षकों के लिए विदाई व सम्मान समारोह आयोजित किया गया.इसकी अध्यक्षता पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने की . उन्होंने कहा कि अवर निरीक्षक गोपाल चंद्र घोषाल, महेश सिंह एवं दिलीप सिंह ने करीब 38 वर्षों तक विभाग में सेवा दी. तीनों मिलनसार, मृदुभाषी एवं कर्मठ पदाधिकारी रहे. इनका कार्यकाल सराहनीय रहा.

### प्राण प्रतिष्ठा पर बंटेगा अक्षत व निमंत्रण पत्र

**धनबाद।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घर घर जा कर पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र दिया जाएगा .उक्त कार्यक्रम संघ, विहिप एवं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से जुड़े सभी कार्यकर्ता द्वारा टोली बनाकर 01 से 15 जनवरी तक किया जाएगा. कार्यक्रम का उद्घाटन 01 जनवरी को धनबाद के रणधीर बर्मा चोक स्थित हनुमान मंदिर पर आरएसएस के झारखंड प्रांत के प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा ने किया.

### वाहन की चपेट में आकर एक घायल

**बाघमारा।** थाना क्षेत्र के बीसीसीएल ब्लॉक दो परियोजना हाजरी घर के समीप सोमवार की शाम करीब 6 बजे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक होटलकर्मी घायल हो गया.उत्तम रवानी के होटल में कार्यरत कर्मी पुपुनकी निवासी बिनोद गोप गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार वह वहां से पैदल गुजर रहा था तभी किसी वाहन ने उसे अपनी चपेट में लें लिया. जिससे उसका बायां पैर बुरी तरह जख्मी हो गया.

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच

**धनबाद।** यातायात पुलिस की तरफ से सोमवार की रात भी शराब पी कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया. शहर के श्रमिक चौक पर शाम से ही पुलिस तैनात थी. पुलिस ने खास कर चार पहिया वाहन चालकों की जांच की. ब्रेथ एनालाइजर में सभी चालकों को फूंकने को कहा गया, जांच में जिनके शराब पीने की पुष्टि हुई, उन पर जुर्माना लगाया गया.इस अभियान के चलने से शराब पीकर वाहन चलाने वालों में डर है.

---

सपने को साकार करने वाली सड़क का काम अब पांचवी बार एक्सटेंशन के बाद ही शुरू होगा

# पांच साल बाद भी पूरा नहीं हुआ 8 लेन सड़क का काम

**मिथिलेश कुमार। धनबाद**

नए धनबाद के सपने को साकार करने वाली 8 लेन सड़क का काम अब भी अधूरा है. पिछले डेढ़ माह से निर्माण कार्य में लगी शिवालय और त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन ने अपना काम बंद कर रखा है. 85 करोड़ के रिवाइज एस्टीमेट की संचिका कैबिनेट में पड़ी है. बजट पास नहीं होने के कारण यूटिलिटी शिफ्टिंग, रोड फर्नीचर तथा नाला का काम अधूरा है. इतना ही नहीं सड़क के निर्माण कार्य की अवधि भी अब समाप्त हो गई है. अब नया बजट पास होने तथा एक्सटेंशन मिलने के बाद ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू होगा.



**2019 से हो रहा सड़क निर्माण का कार्य**

शहर के वैकल्पिक सड़क की नींव पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल द्वारा 2018 में रखी गई थी. विश्व बैंक की मदद से जून 2019 को कांको मठ से गोल बिल्डिंग तक सड़क का निर्माण शुरू हुआ. शुरुआत में सड़क चौड़ीकरण के लिए 7600 पेड़ हटाये गये. लगभग 5000 पेड़ काटे गये. लगभग 2600 पेड़ ट्रांसप्लांट करने का भी दावा किया गया. सड़क का समतलीकरण हुआ. इसके साथ कांको मठ से सड़क का निर्माण शुरू किया गया.

### सड़क निर्माण का 332 करोड़ रखा गया था बजट

20 किलोमीटर इस लंबी सड़क का बजट 417 करोड़ का था. बाद में बजट 332 करोड़ का कर दिया गया. अब दोनों कंपनियां सामान की कीमत बढ़ जाने का हवाल देते हुए 85 करोड़ का रिवाइज एस्टीमेट बनाया. यानी शुरुआती बजट इतना ही वर्तमान बजट पहुंच गया. वहीं दोनो कंपनियों का यह भी आरोप है कि अभी तक के काम का पूरा पैसा भी अभी तक नहीं मिला है. अधिक खर्च के कारण आगे काम करना मुश्किल हो गया था, इसलिए फिलहाल काम बंद कर दिया गया है.

### काम पूरा होने से पहले से बढ़ गए हैं हादसे

सड़क अब पूरी तरह आकार ले चुकी है. सड़क पर ट्रैफिक भी काफी कम है. जिसके कारण ज्यादातर वाहन तेज रफ्तार से ही इस मार्ग पर गुजरते हैं. जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे है. अभी तक आधा दर्जन लोग अपनी जान भी गंवा चुके है.सड़क पर अधेरा भी कायम है. इस कारण भी हादसे बढ़ रहे है. साथ ही सड़क पर केबल चोरी, अतिक्रमण भी बढ़ा है. सबसे बड़ा अतिक्रमण अशर्फी अस्पताल के सामने है. सड़क निर्माण पूरा होने के बाद जिला प्रशासन को इसे हटाना चुनौतीपूर्ण होगा.

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- मुस्लिम लीग ने मुक्ति दिवस कब मनाया था? – 1929 में
- सन् 1905 में बंगाल विभाजन की घोषणा किसने की थी – लार्ड कर्जन ने
- सबसे बड़ा जीवित पक्षी कोनसा है – शुतुरमुर्ग
- लोकसभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे – जी. वी. मावलंकर
- परमाणु परीक्षण अधिकतर किस स्थान पर होता है – पोखरण
- रेबीज का टीका किसने बनाया – लुई पाश्चर ने
- दूध में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाने वाला तत्व कौनसा है – कैल्सियम
- गीतांजलि की रचना किसने की – रवीन्द्रनाथ टैगोर ने
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष कौन थी – एनी बेसेंट
- सर्वाधिक स्थायी तत्व कौनसा – सीसा
- कौनसा ग्रह जल में तैरता हुआ प्रतीत होता है – शनि
- भारत सरकार ने देश की किस नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित किया है – गंगा

---

मामले की लीपापोती में सक्रिय हो गया है मुख्य संचालक

# अवैध डिपो में छापेमारी के 24 घंटे बाद भी कोई नामजद नहीं

**संवाददाता। धनबाद**

रविवार की शाम को अवैध कोयला डिपो में छापेमारी में 200 टन अवैध कोयला जब्त करने के मामले में 24 घंटे बाद भी किसी को नामजद नहीं किया गया है. एसडीओ के निर्देश पर जिला खनन टास्क फोर्स ने तेतुलमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गनडुआ, 8 लेन सड़क किनारे सिटी हार्ट होटल के समीप एक डिपो में छापेमारी कर 200 टन अवैध कोयला जब्त किया था. इस मामले में छापेमारी के 24 घंटे बाद भी किसी को नामजद आरोपी नहीं बनाया गया है. जानकारी के अनुसार डिपो संचालक सह मुख्य कोयला तस्कर अपने नाम को एफआईआर से दूर रखने एवं मामले को ठंढे बस्ते में डालने की जुगत में लगे हुए हैं.

अवैध डिपो संचालक इस जुगाड़ में लगा है कि अज्ञात के नाम पर एफआईआर दर्ज होकर फाइल पर धूल जमती रहे . पुलिस जमीन के रैयत के बारे में भी अब तक पता नहीं लगा पाई है. वहीं तेतुलमारी थाना प्रभारी रोशन सिंह ने कहा कि उक्त डिपो का संचालन करने वाले के बारे में भी जानकारी नहीं है. प्रभारी अब तक जांच की बात ही कह रहे हैं. विदित हो कि डीसी वरुण रंजन के निर्देश पर कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण तथा परिवहन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाते हुए जिला टास्क फोर्स जिले में लगातार छापेमारी कर रही है.



**खास बातें**

- पिछले दिन 200 टन अवैध कोयला जब्त किया गया था
- मामले को ठंडे बस्ते में डलवाने की जुगत में लगे हैं तस्कर
- पुलिस जमीन के रैयत के बारे में भी पता नहीं लगा सकी है

**क्या था मामला**

रविवार को अवैध कोयला डिपो में हुई छापेमारी में अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने बताया था कि जांच के क्रम में उक्त स्थल पर लगभग 200 टन से अधिक स्टॉक किया गया अवैध कोयला बरामद किया गया. साथ ही खान निरीक्षक विनोद प्रमाणिक ने तेतुलमारी थाना में उक्त स्थल की जांच-पड़ताल कर यदि रैयती भूमि हो तो रैयत एवं इसमें सम्मिलित अन्य सभी लोगों के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 7/9/13 एवं द झारखंड मिनिरल्स प्रिवेंशन ऑफ़ इलीगल माइनिंग ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज रूल्स, 2017 तथा आइपीसी की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत एफआइआर नंबर 67/23 दर्ज की है.

### सुरंगा से 30 टन अवैध कोयला किया जब्त



**धनबाद।** धनबाद में अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ अभियान जारी है. नए साल के पहले दिन जिला खनन टास्क फोर्स ने बलियापुर के अलकडीहा ओपी अंतर्गत सुरंगा पहाड़ी धौड़ा शिव मंदिर के पास स्टॉक क्या हुआ लगभग 30 टन अवैध कोयला जब्त किया है. उक्त कोयला को लोदना एरिया के महाप्रबंधक को सौंप दिया गया. स्थानीय थाना में एफआइआर दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है.

**छापामारी की जा रही है :** अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने बताया कि कोयले के अवैध खनन, भंडारण तथा परिवहन के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापामारी की जा रही है. आज दोपहर 1.30 बजे अलकडीहा ओपी अंतर्गत सुरंगा पहाड़ी धौड़ा शिव मंदिर के पास जांच अभियान चलाया गया .इस क्रम में उक्त स्थल पर अवैध कोयला बरामद किया गया है. टीम में अलकडीहा ओपी प्रभारी, बलियापुर के अंचल अधिकारी, सीआईएसफ तथा बीसीसीएल लोदना एरिया के कर्मचारी शामिल थे.

### चितरंजन ने 50 मीटर की दौड़ में जीता रजत

**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) धनबाद झारखंड के छात्र चितरंजन टुडू ने 50 मीटर की दौड़ में रजत पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है. यह प्रतियोगिता पंजाब यूनिवर्सिटी पटियाला में 28 से 31 दिसंबर के बीच आयोजित हुई थी. चितरंजन की शानदार जीत पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ पवन कुमार पोद्दार, डीएसडब्ल्यू डॉ पुष्पा कुमारी तथा कुल सचिव डॉ कौशल कुमार के साथ विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी और शिक्षकों ने बधाई दी है और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है. कुलपति ने घोषणा की कि विश्वविद्यालय के अगले युवा महोत्सव विजेता छात्र को सम्मानित किया जाएगा.

## 'हिट एंड रन' के विरोध में ड्राइवर संगठन ने एनएच जाम किया



**संवाददाता। धनबाद**

नये हिट एंड रन कानून के खिलाफ ड्राइवर संगठन ने तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत साहोबहियार स्थित एनएच को जाम कर दिया है. ट्रक चालकों की सड़क जाम करने के कारण जीटी रोड ने वाहनों की लंबी कतार लग गयी है. खबर लिखे जाने तक तोपचांची पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची है.


**7 लाख तक का जुर्माना 10 साल तक कैद**

गौरतलब है कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में संशोधन किया गया है. केंद्र की सरकार ने हिट एंड रन कानून को सख्त बना दिया है. नये प्रवाधानों के तहत, हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है.

## शहीद रणधीर वर्मा का शहादत दिवस कल

**संवाददाता। धनबाद**

देश के विभिन्न भागों में पहचान बना चुके झारखंड के कलाकारों की स्वरलहरियों के बीच कल धनबाद के जांबाज पुलिस अधीक्षक रहे शहीद रणधीर वर्मा को उनके 33वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी जाएगी. श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पूर्वाह्न 10 बजे से धनबाद के रणधीर वर्मा चौक स्थित शहीद के आदमकद प्रतिमा-स्थल के समक्ष किया गया है. संगीतमय सभा से पूर्व सशस्त्र पुलिस बल द्वारा शहीद को सलामी दी जाएगी. रणधीर वर्मा मेमोरियल सोसाइटी के अध्यक्ष किशोर कुमार ने यह जानकारी देते हुए कहा है कि इस साल शहीद को संगीतमय श्रद्धांजलि देने की परंपरा जारी रखी गई है.



रणधीर वर्मा की शहादत के बाद से प्रति वर्ष धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर शहीद की आदमकद प्रतिमा के समक्ष संगीतमय श्रद्धांजलि देने की परंपरा रही है.

**अशोक-चक्र से सम्मानित पहले सैनिक अधिकारी**

शहीद रणधीर वर्मा पहले असैनिक अधिकारी हुए, जिन्हें सन् 1991 में शांतिकाल में वीरता के लिए दिए जाने वाले सर्वोच्च पुरस्कार "अशोक-चक्र" से सम्मानित किया गया था. भारत सरकार ने सन् 2004 में उनके सम्मान में डाक टिकट भी जारी किया था. तत्कालीन राष्ट्रपति आर वेंकटरमन ने "अशोक-चक्र" से सम्मानित करते हुए अपने संदेश में कहा था – "श्री रणधीर प्रसाद वर्मा ने देश के पुलिसकर्मियों के लिए साहस, नेतृत्व और निस्वार्थ कर्तव्यपरायणता का महान उदाहरण पेश किया.

---

## नववर्ष पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**संवाददाता। धनबाद**

नववर्ष 2024 के आगमन पर सोमवार की अहले सुबह से ही शहर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई.शहर के सबसे प्रसिद्ध शक्ति मंदिर , झरिया के दुःख हरनी मंदिर , श्याम मंदिर ,चासनाला स्थित कल्यानेश्वरी मंदिर और सिंदरी के साईं मंदिर में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालु सुबह से ही लंबी लंबी कतारें में लग अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे.क्योंकि श्रद्धालुओं के पास नए साल का स्वागत के लिए इससे बेहतरीन मौका हो ही नहीं सकता था .श्रद्धालु देवी-देवताओं की पूजा कर नववर्ष में अपने परिवार और देशवासियों के लिए सुख- शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा. वहीं मंदिरों में उमड़ी भीड़ को संभालने के लिए कमेटी के सदस्य व स्थानीय प्रशासन काफी मुस्तेद दिखे .इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों में भजन कीर्तन, दीप यज्ञ, महाआरती, विविध व्यंजन का भोग लगाने के कार्यक्रम के साथ साथ श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया था.



**खास बातें**

- सुबह से ही मंदिरों में जुटने लगी थी भक्तों की भीड़
- भक्तों ने सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा

## संगठित अपराध पर अंकुश प्राथमिकता : एसएसपी

**राम मूर्ति पाठक। धनबाद**


नव वर्ष के पहले ही दिन धनबाद के नए एसएसपी के रूप में एचपी जनार्दन ने पदभार ग्रहण कर लिया. उन्हें पुराने एसएसपी संजीव कुमार ने पदभार दिलाया. इस दौरान नए एसएसपी एचपी जनार्दन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पूरी टीम के साथ धनबाद में संगठित अपराध पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी. कहा कि पुलिस के लिए सबसे पहली प्राथमिकता होती है कि लॉ एंड ऑर्डर को ठीक रखना हमारी भी यही कोशिश होगी कि यहां लॉ एंड ऑर्डर को ठीक रखा जाए. इसके अलावे उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव होने हैं. चुनाव को पूरी तरह से स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने की प्राथमिकता रहेगी.

### सामुदायिक पुलिसिंग की करेंगे पहल

नए एसएसपी ने कहा कि 7 वर्ष पहले भी वो धनबाद में ग्रामीण एसपी के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं. पर इन सात वर्षों में बहुत कुछ बदला है. जब वे यहां ग्रामीण एसपी थे, तब जन सहयोग समिति का गठन किया था. उनकी प्राथमिकता होगी कि फिर से पूरे जिला में इस प्रकार की समितियां बनाकर उन्हें सक्रिय किया जाए. हमारी कोशिश होगी कि महीने में कम से कम दो बार इस समिति की बैठक हर थाना में हो. इन बैठकों में आम लोगों से भी सुझाव लिए जाएंगे, उन सुझाव पर गौर कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी.

### शत प्रतिशत देने की करेंगे कोशिश

पिछले दिनों जिले में बढ़े रंगदारी के मामले पर कहा कि इतना जरूर है



कि हम अपना शत प्रतिशत देने की कोशिश करेंगे. कहा कि जल्द ही जिले के सभी स्टेक होल्डरों के साथ बैठक करेंगे. इसके निराकरण के लिए जिला चैंबर और आम जनता के साथ अन्य व्यापारी वर्ग के साथ बैठकर विचार करेंगे कि इस पर अंकुश कैसे लगाया जा सकता है. वर्तमान के दिनों जिस प्रकार की समस्या धनबाद फेस कर रहा है, उससे निपटने के लिए अपनी टीम भी तैयार करेंगे.

### अपराध रोकने के लिए चलागा जागरुकता अभियान

नए एसएसपी ने कहा कि अपराध की दुनिया में युवाओं के बढ़ते कदम को रोकने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाएगा. उन्होंने कहा कि तेजी से पैसे कमाने के लालच के कारण युवा पीढ़ी अपराध की दुनिया में अपना कदम बढ़ा रहे हैं। कहा कि वर्तमान समय में सभी को महंगे शौक है. जब इन्हें पूरा करने के लिए पैसा नहीं मिल पाता है तो ये अपराध की ओर कदम बढ़ा देते हैं. इसके लिए गांव-गांव तथा स्कूलों में जाकर छात्रों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे.

---

**मदद** डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए बच्चे, कपड़े-कंबल और खेल सामग्री भी दी

# टुंडी विधायक मथुरा महतो ने बिरहोरों संग मनाया नववर्ष

**संवाददाता। तोपचांची (धनबाद)**

टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो नए साल पर सोमवार को प्रशासनिक अमला के साथ चलकरी पहुंचे. यहां आदिम जनजाति बिरहोरों के साथ उन्होंने पिकनिक मनाकर खुशियां बांटीं. बिरहोर समाज के पुरुषों और महिलाओं ने विधायक का पारंपरिक तरिके से स्वागत किया. डीजे की धुन पर बिरहोर बच्चे थिरकते हुए नजर आए. विधायक ने बिरहोर समुदाय के लोगों के बीच वस्त्र, कंबल और बच्चों के बीच पठन और खेलकूद की समाग्री का वितरण किया. साथ ही उनके साथ भोजन भी किया.

**मांगकर भोजन करते थे :** ज्ञात हो कि नववर्ष के मौके पर हर वर्ष बिरहोर समुदाय के लोग झुंड बनाकर तोपचांची झील जाते थे और वहां दूर-दराज से पिकनिक मनाने आए लोगों से मांग कर भोजन करते थे. इसे देखते हुए विधायक ने उनके गांव में ही पिकनिक का आयोजन शुरू कर दिया था. गांव में पिकनिक की व्यवस्था होने के बाद से बिरहोरों को भोजन के लिए किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ती है. विधायक ने कहा कि जहां एक ओर सभी लोग एकत्रित होकर नववर्ष का आनंद उठाते थे, वहीं दूसरी ओर बिरहोर समुदाय के लोग अपने आप को समाज से अलग समझ रहे थे. यह उन्हें समाज से जोड़ने और खुशी में उन्हें भी शामिल करने की एक कोशिश है. मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, बीडीओ फणीश्वर रजवार, अंचलाधिकारी संजय कुमार सिंह, हरिहरपुर थाना प्रभारी बिनोद कुमार, तोपचांची थाना प्रभारी जयराम प्रसाद, आरपीएफ इंस्पेक्टर एस के झा, प्रमुख आनंद महतो, सरिता देवी, जगदीश चौधरी, पवन महतो, परितोष महतो आदि मौजूद थे.



बिरहोर महिला को कंबल देते विधायक मथुरा प्रसाद महतो.

**खास बातें**

- समाज से जोड़ने और खुशी में शामिल करने की पहल
- शिक्षा अधीक्षक सहित कई अधिकारी हुए शामिल

## तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट, कनकनी बढ़ी

**संवाददाता। धनबाद**

वर्ष 2024 शुरु होने के साथ ही धनबाद जिले में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है. बीते 24 घंटे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है. एक जनवरी को दिन का तापमान गिरकर 24 डिग्री सेल्सियस जबकि रात का तापमान गिरकर 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े के ऊपर रहा .लेकिन पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवा ने दिन में भी कनकनी का एहसास कराया. शाम होते-होते कनकनी और बढ़ गयी.

**तीन जनवरी से बारिश के**

**धनबाद जिले का अगले चार दिनों का तापमान**

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 2 जनवरी | 25 | 12 |
| 3 जनवरी | 24 | 13 |
| 4 जनवरी | 24 | 13 |
| 5 जनवरी | 25 | 14 |

**आसार :** मौसम विज्ञान केंद्र के एक जनवरी को जारी रिपोर्ट के अनुसार तीन से पांच जनवरी तक राज्य के उत्तर पश्चिमी और मध्य भागों में कहीं-कहीं जबकि छह जनवरी को राज्य में हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना जताई गई है. इसके साथ ही तीन जनवरी के बाद अगले दो दिनों में धीरे-धीरे 2-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना जताई गई है.

महाकाल शक्तिपीठ मंदिर परिसर में कल्प वृक्ष के समीप कल्पतरु की वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की

# सत्य सनातन संस्था ने नए साल पर किया भोजन का वितरण

संवाददाता। पाकुड़

कल्पतरु दिवस पर सत्य सनातन संस्था पाकुड़ ने 1 जनवरी को शहर के थानापाड़ा स्थित हनुमान मंदिर के निकट पूजन सह प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया . संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत कुमार चौबे के नेतृत्व में पूजा अर्चना के उपरांत तलवाडांगा स्थित महाकाल शक्तिपीठ मंदिर परिसर में कल्प वृक्ष के समीप कल्पतरु की वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई. पूजा पुरोहित रोहित दास के द्वारा विधि-विधान के साथ की गई. पूजा के बाद अनुमानित सैकड़ों लोगों के बीच भोजन वितरण कार्यक्रम किया गया.





साथ ही कार्यक्रम में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया.

हनुमान चालीसा का वितरण भी किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी रामरंजन सिंह, बिभाष मिश्रा, प्रदीप अग्रवाल, सागर चौधरी, चंदन प्रकाश, सनातनी अजय, जवाहर सिंह, उदय लखवानी, प्रसन्ना मिश्रा, राहुल सिंह, बबलू सिंह, विक्की श्रीवास्तव, रवि भगत, सत्यम भगत, विशाल भगत, बमभोला उपाध्याय, हर्ष कुमार भगत, भरत कुमार, मिंटू गिरी, राहुल कुमार, रामप्रताप सिंह, मंटू पांडे, ओम प्रकाश साह, अभिजीत कुमार, विशाल कुमार, विशाल भगत, सत्यम भगत, अमित साहा, संतोष कुमार, जितेंद्र सिन्हा, अजय यादव, गौतम कुमार, बबलू सिंह, प्राण भट्टाचार्य, पिंटू दास, मातृशक्ति रक्षा रानी, दुलाली मंडल, देविका कुमारी सहित अन्य मौजूद थे.

संस्था के अध्यक्ष रंजीत कुमार चौबे ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है. इसी उद्देश्य के साथ संस्था की ओर भोजन स्वरूप प्रसाद का वितरण किया जा रहा है. जहां लोग अपनी सभ्यता भूल कर जिन अंग्रेज ने भारत को 200 वर्ष तक गुलाम बनाए रखा, सब भूल कर, आधुनिकता के चकाचौंध में, पश्चिम सभ्यताओं के मोह माया में आकर अधिकतर लोग अपने परिवार के साथ अग्रेंजी नववर्ष मानते हैं, पिकनिक का आनंद उठाते हैं, वहीं, कुछ लोग भूखे रह जाते हैं. आगे भी यह कार्यक्रम जारी रहेगा. प्रसाद वितरण कार्यक्रम में लोगों की काफी भीड़ देखी गई. लोगों ने बारी बारी से लंबी कतार में खड़ा होकर प्रसाद ग्रहण किया.

**खास बातें**

- पुरोहित रोहित दास द्वारा की गई विधि-विधान से पूजा
- आजादी के लिए कितने लोगों ने बलिदान दिया, लोग भूले : रंजीत

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- पृथ्वी के किस भाग पर g का मान अधिकतम होता है — **ध्रुवों पर**
- विश्व में कोनसा तत्व सर्वाधिक पाया जाता है — **नाइट्रोजन**
- रामकृष्ण मिसन की स्थापना किसने की — **स्वामी विवेकानंद**
- पुष्कर मेल कहाँ लगता है — **जयपुर**
- नौ सेना का मुख्यालय कहाँ स्थित है — **नई दिल्ली में**
- नर्मदा नदी का उद्गम स्थान है — **अमरकंटक**
- भारत में राज्यसभा के प्रथम सभापति कौन थे — **डॉ. एस. राधाकृष्णन**
- दूरबीन की आविष्कार किसने किया — **गैलिलियो ने**
- भारत में मेट्रो सर्वप्रथम कहाँ चली — **कलकत्ता**
- फरवार्ड ब्लॉक की स्थापना किसने की थी — **सुभाष चन्द्र बोस ने**
- विश्व में अभ्रक का प्रमुख उत्पादक देश है — **भारत**
- रेबीज के टीके के खोज किसने की थी — **लुई पाश्चर ने**

## ब्रीफ खबरें

### 4 को विहिप की ओर से निकलेगी शोभायात्रा

**गावां (गिरिडीह)।** गावां बाजार स्थित टिकैत गढ़ में रविवार को विश्व हिंदू परिषद की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में आगामी 4 जनवरी को झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया. जिसकी तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया. प्रखंड अध्यक्ष भगवान दास बरनवाल ने बताया कि इस शोभायात्रा में हर घर अयोध्याधाम से आये अक्षत को पहुंचाया जाएगा. शोभायात्रा गावां बाजार से लेकर कई टोला मोहल्ला भ्रमण कराया जायेगा. बैठक में आगामी 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन पर हर घर दीप जलाने का भी आह्वान किया गया. बैठक में ठाकुर भवानी सिंह, पूर्व मुखिया अनुरूपा देवी, अमित बरनवाल, ललित पांडेय, बिरजू राणा, उपेंद्र स्वर्णकार, जयप्रकाश राम आदि मौजूद रहे.

### सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी को दी विदाई

**बेरमो।** सीसीएल ढ़ोरी एरिया के तारमी खुली खदान के बिजली विभाग में कार्यरत कर्मी श्री राम के सेवानिवृत्त होने पर सहकर्मियों ने सोमवार को सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई. कोलियरी मैनेजर एस मिश्रा, अंचुतानंद ने सेवानिवृत्त श्री राम को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया. इस अवसर पर प्रोजेक्ट इंजीनियर अखिल उज्जवल कोलियरी इंजीनियर ऋषि कुमार राकेश कुमार सहित दर्जनों लोग रूप से उपस्थित थे. कोलियरी मैनेजर मिश्रा ने कहा कि एक दिन सेवानिवृत्त होना तय है, लेकिन जिंदगी इसके बाद भी बहुत कुछ करने के लिए है. इतने वर्ष सीसीएल में एक जिम्मेदार कर्मी के रूप में सेवा दिया है. अब समाज में सेवा देने का समय है. इसलिए आज से संकल्प लेकर समाज सेवा में अपना योगदान दें और बेहतर जीवन व्यतीत करें यही शुभकामना है.

### बेरमो जिला बनाने की मांग, धरना जारी

**बेरमो।** बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर 27वां दिन धरना जारी है. बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक संतोष नायक अपने साथियों के साथ इस कंपकपाती ठंड में अनुमंडल कार्यालय के समीप पिछले 6 दिसंबर से बैठे हुए है. रात्रि सहयोगी के रूप में मिथुन चंद्रवंशी, कुलदीप प्रजापति, मुकेश कुमार, मुन्ना श्रीवास्तव सहित अन्य लोग शामिल रहते हैं. नए वर्ष 2024 में नई सोच और नई उमंग के साथ समिति के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा महासचिव वकील प्रसाद महतो, मृणाल कांति डे ने केक काटकर कर समिति के संयोजक संतोष नायक को खिलाया और एक दूसरे खिलाया और बधाई दी. साथ ही समिति आगामी 5 जनवरी को होने वाले महाजुटान पर चर्चा भी की. 5 जनवरी को सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की गई है कि धरना स्थल पर पहुंच कर आगे की रूप रेखा तैयार करें.

### पिकनिक स्पॉटों व मंदिरों में उमड़ी भीड़

**गावां।** 2023 की विदाई एवं 2024 के आगमन को लेकर रात्रि 12 बजते ही आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया. युवक डीजे की धून पर थिरकते नजर आये. कई लोगों ने टीवी में आयोजित कार्यक्रम देखकर नववर्ष का जश्न मनाया. इस अवसर पर लोगों ने रात्रि में वाट्सएप के जरिए नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया. भांडेश्वर पहाड़, हदहोदवा, कुंडा झरना सहित कई जगहों पर लोग पिकनिक मनाते नजर आए. मंदिरों में श्रद्धालुओं ने नये वर्ष पर सुख-समृद्धि बनी रहे इसकी कामना की.

खरसावां गोलीकांड के शहीदों को आदिवासी समाज ने किया याद

# नये साल के जश्न का त्याग करें शहीदों को नमन करें : रवि मुंडा



बोकारो में खरसांवा गोलीकांड के शहीदों को नमन करते समाजसेवी.

संवाददाता। बोकारो

1 जनवरी 1948 खरसावां गोलीकांड के शहीदों को आदिवासी समाज के द्वारा सेक्टर 12 बिरसा बासा स्थित बिरसा मुंडा-भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि दी गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता रेंगो बिरूवा व संचालन झरीलाल पात्रा ने किया. वहीं, रवि मुंडा ने उपस्थित सभी लोगों से आग्रह एवं निवेदन किया कि आदिवासी समाज अपने इतिहास को जानने की कोशिश करे. साथ ही नये साल के त्योहार का त्याग करते हुए अपने वीर शहीदों को नमन व याद करें.

मौके पर आदिवासी समाज के लोगों ने अपने वीर शहीदों को 'ससन बिड दिरी' के प्रतीक फोटो पर फूल माला, दीप प्रज्ज्वलित और 'दिरी दुल सुनुम तेल' डालकर पारंपरिक तरीके से सुमन श्रद्धा अर्पित कर उनकी कुर्बानी को याद किया. इसके पूर्व दियूरी गंगाधर पूर्ती ने आदिवासी रिति-रिवाज से पूजा-अर्चना की. बताते चलें कि, आदिवासी समाज प्रत्येक वर्ष एक जनवरी को काला दिवस के रूप में मनाते हैं.

इस अवसर पर समाजसेवी योगो पूर्ती ने बताया कि भारत की आजादी के करीब पांच महीने बाद जब देश एक जनवरी 1948 को आजादी के साथ-साथ नए साल का जश्न मना रहा था, तब खरसावां आजाद भारत के जलियांवाला बाग कांड का गवाह बन रहा था. उस दिन साप्ताहिक हाट का दिन था. उड़ीसा सरकार ने पूरे इलाके को पुलिस छावनी में बदल दिया था. खरसावां हाट में करीब पचास हजार आदिवासियों की भीड़ पर ओडिसा मिलिट्री पुलिस गोली चला रही थी. पूरे कोल्हान इलाके से बूढ़े, जवान, बच्चे, सभी एक जनवरी को हाट-बाजार करने और जयपाल सिंह मुंडा को सुनने-देखने भी गए थे. इसी दौरान गोली चलाई गई.

### आदिवासियों का नया वर्ष सरहुल है : रेंगो बिरूवा

सभा की अध्यक्षता कर रहे रेंगो बिरूवा ने कहा कि नया साल का उत्सव पूरा देश मनाता है, लेकिन आदिवासियों का नया वर्ष सरहुल पर्व है . इस दौरान मास्टर मुंडा, सोनाराम गोडसोरा, उर्मिला लोहार, किरण बिरूली, कालीचरण किस्कू, विजय मरांडी, डॉ. राजेंद्र, दीपक सवैंया, शुक्रमुनी मुंडा, घनश्याम बिरूली, तुराम बिरूली, बसमती बिरूली, हीरालाल दोंगो, जुश्फ कश्यप, रानी गोडसोरा, नानिका पूर्ति, शंभू सोय, मनीषा तिर्की, प्रदीप कालुन्डिया, संतोषी कालुन्डिया, साहिल सुंडी आदि उपस्थित थे .



### शहीदों के सम्मान में जैनामोड़ में निकाला कैंडल मार्च

**जरीडीह।** आदिवासी समाज सह समस्त मांझी हड़ाम जरीडीह प्रखंड के नेतृत्व में 1 जनवरी 1948 को खरसावां में हुए गोलीबारी के 76वें शहादत दिवस पर सोमवार को जैना फोरलेन चौक से तिलका मांझी चौक तक कैंडल मार्च कर श्रद्धांजलि अर्पित की . इस दौरान पूर्व प्रखंड सचिव सोनू सोरेन ने कहा कि आजादी के बाद रियासतों के एकीकरण के समय सरायकेला और खरसावां के आदिवासी ओडिशा में विलय के खिलाफ थे . अपने लिए अलग राज्य झारखंड की मांग कर रहे आदिवासी 1 जनवरी 1948 को औपचारिक तौर पर सत्ता हस्तांतरण के तय दिन खरसावां बाजार मैदान में एकत्र हुए थे . जहां उन पर तत्कालीन ओडिशा प्रशासन ने बिना चेतावनी गोलीबारी करवाई थी . दावा है कि इसमें हजारों आदिवासियों की जान गई थी . मौके पर मौके पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष परमानंद सोरेन, जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अंबिका देवी, उपाध्यक्ष प्रदीप सोरेन, पंसस सुमीत्रा कुमारी, सोनू सोरेन, सोमर मुंडा, निलेश किस्कू, दुर्गा सोरेन, कृष्ण कुमार सोरेन, मनिंदर हेंब्रम, महेश सोरेन, महिलाल मुर्मू, भोला टुडू, संजय रजवार, सूरज हांसदा, सरोज हांसदा, महेश मरांडी, जगदीश हेंब्रम, राजेश मुर्मू, फुलेश्वरी देवी, अभिरामी साज, राजदेव टुडू, नंदलाल मुर्मू, अजीत किस्कू, रमेश बेसरा, मनोज हेम्ब्रम व अन्य आदिवासी समाज के लोग मौजूद थे .

### आज से पांच दिवसीय शिविर का होगा आयोजन

**बेरमो।** प्रधानमंत्री स्व. निधि योजना से अच्छादित चास नगर निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेण्डरों को स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग ऑनलाइन किया जाएगा. इसके लिए मंगलवार 02 से 06 जनवरी 2024 ) तक पांच दिवसीय शिविर का आयोजन चास चेक पोस्ट स्थित सुभाष चौक एवं रामरूद्रा स्कूल के पास जोधाडीह मोड़ में होगा. शिविर सुबह 11 बजे से अपराह्न 04 बजे तक होगा. इसको लेकर निगम प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है. शिविर में लाभुकों का सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग ऑनलाइन करने के साथ ही आहर्ता रखने वाले/ छूटे हुए लाभुकों को सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, भवन और अन्य निर्माण श्रमिक योजना के तहत निबंधन आदि से अच्छादित किया जाएगा.

# नव वर्ष के स्वागत में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



संवाददाता। बेरमो

फुसरो के न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल में नव वर्ष 2024 के स्वागत के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि स्कूल के सचिव महारुद्र नारायण सिंह और डायरेक्टर सुषमा सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. साथ ही नव वर्ष की शुभकामनाएं और बधाई दी. गायक सह एडवोकेट मनोज कुमार सिंह, कृष्ण कुमार और रिषीराज सिंह राठौर के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया गया. इस अवसर पर संजय सिंह, अलिनद्र सिंह ,लाल सिंह, निमाई सिंह चौहान, बिजय सिंह, दिलीप गोयल, शरण सिंह राणा, सुखविंदर सिंह, प्रवीण कालरा, वैभव चौरसिया,मनोज शर्मा, विजय कुमार, अमन वर्णवाल, अलका कालरा, निशी सिंह,उषा सिह, लक्ष्मी, मोनिका, संगीता सिंह, नारायण ठक्कर, विशेष ठक्कर आदि सैकड़ों लोग उपस्थित हुए.

200 से अधिक बच्चों ने टूर्नामेंट में हिस्सा लिया

# बास्केटबॉल चैपिंयनशिप का समापन

संवाददाता। बोकारो

जिले में हो रहे तीन दिवसीय बोकारो ओपन बास्केटबॉल चैपिंयनशिप का समापन सोमवार को हुआ. यह टूर्नामेंट बोकारो जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन एसोसिएटेड विथ आईटीके इंडिया द्वारा आयोजित किया गया था. जिसमें बोकारो जिला से सब जूनियर्स, जूनियर और सीनियर मिलाकर 200 से अधिक बच्चों ने इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया.



प्रतियोगिता में सीनियर, जूनियर और सब जूनियर्स को मिलाकर 14 टीमें गठित की गई थी. जिसमें सीनियर्स की कुल 8 टीम बनाई गई थी, जूनियर्स की 6 टीम और सब जूनियर्स की 2 टीम बनाई गई थी. टीम का नाम हंटर, वॉरियर्स, डार्क लाइट, सिक्स सर्कल, डेंडेलियंस, फैनिक्स बनाई गई थी. टूर्नामेंट में सभी प्लेयर्स ने बेहतरीन प्रदर्शन से चैपिंयनशिप में शामिल लोगों का दिल जीत लिया. सभी मैच लीग नियम से खेले गये. समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो के विधायक बिरंची नारायण मौजूद रहे. विधायक बिरंची नारायण ने सभी प्लेयर्स को सम्मानित किया. उन्होंने कहा 2024 में सेक्टर 12 स्थित बास्केटबॉल कोर्ट को नए स्तर से बनाने का कार्य करेंगे. धन्यवाद ज्ञापन डॉ. उमाकांत सिंह ने किया.

# 20वां इस्पातांचल स्वदेशी मेला 3 से 21 जनवरी तक



संवाददाता। बोकारो

स्वदेशी जागरण मंच की बैठक राष्ट्रीय मेला प्रमुख सचिंदर कुमार बरियार की अध्यक्षता में बोकारो में संपन्न हुई. जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 20वां इस्पातांचल स्वदेशी मेला का आयोजन आगामी 13 से 21 जनवरी 2024 तक किया जाएगा. बैठक को संबोधित करते हुए सचिंदर कुमार बरियार ने कहा कि स्वदेशी से स्वावलंबन की ओर बढ़ता भारत की परिकल्पना को साकार करने का सशक्त माध्यम है स्वदेशी मेला. जिसमें लोग अपने स्थानीय व भारतीय उत्पाद को समझने परखने और खरीदने का अवसर मिलता है.

उन्होंने कहा कि यह मेला महज एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में समाज को जागृत करने का एक मंच है. इसलिए कार्यकर्ताओं का दायित्व बनता है कि मेले में आए लोगों को किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े. इसके लिए पूर्व में ही सारी तैयारियां पूर्ण होनी चाहिए.

# हिट एंड रन एक्ट के विरोध में चक्का जाम

संवाददाता। डुमरी

हिट एंड रन एक्ट के विरोध में ड्राइवर महासंघ डुमरी प्रखंड इकाई द्वारा तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन सह रोड चक्का जाम कार्यक्रम के पहले दिन सोमवारको महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष ऊसमान अंसारी के नेतृत्व में एनएच-19 को बेसिक स्कूल डुमरी के समक्ष सांकेतिक रूप से जाम किया गया. हालांकि डुमरी पुलिस ने स्थल पहुंच लोगों को समझा-बुझाकर सड़क से हटाया और यातायात को सामान्य करवाया.

जाम का समर्थन बहुजन सदान मोर्चा, युवा कांग्रेस एवं हिन्द मजदूर किसान यूनियन ने किया. केंद्र सरकार से अविलंब एक्ट वापस लेने की मांग की गई अन्यथा 3 जनवरी के बाद आंदोलन को और तेज करने की बात कही. हालांकि कार्यक्रम सांकेतिक होने और पहली जनवरी होने के कारण सड़क यातायात में ज्यादा प्रभाव नहीं देखा गया लेकिन 2 एवं 3 जनवरी को चक्का जाम कार्यक्रम तेज रहने की संभावना है. मुख्य वक्ता बहुजन सदान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर महतो एवं हिन्द मजदूर किसान यूनियन के अनुमंडल कमेटी अध्यक्ष गंगाधर महतो ने कहा कि केंद्र सरकार ने ऐसा कानून बनाया है, जिससे वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हमेशा डर बना रहेगा. इस दौरान युवा कांग्रेस के जिला सचिव सरफराज अहमद, असलम अंसारी ड्राइवर महासंघ के मनोज मिस्त्री, महाबीर सिंह,खलील अंसारी,अर्जुन महतो, सखावत अंसारी,आसीन अंसारी, गुलाम मुस्तफा, कुर्बान अंसारी, शमशेर अंसारी, हसनैन अंसारी आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे.



**खास बातें**

- हिन्द मजदूर किसान यूनियन आदि का मिला साथ
- वाहन चलाते समय हमेशा डर बना रहेगा : गंगाधर

### बाल मेला का किया गया आयोजन

**गावां ।** प्रखंड के खरसान पंचायत में सामाजिक परिवर्तन संस्थान की ओर से आरएमआई शीशम 2 परियोजना के तहत संकुल स्तरीय बाल मेला का आयोजन किया गया. इसका उद्घाटन पूर्व मुखिया मकसूद आलम ने फीता काटकर किया. इस बाल मेले में सामाजिक परिवर्तन संस्थान के 12 गांव के बच्चों ने भाग लिया. बाल मेला में लंबी कूद, उच्ची कूद,भाला फेंक, गोला फेंक, कबड्डी और फूटबॉल प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं के बीच कराया गया. मौके पर अफजल आलम, रवि कुमार, राजीव रंजन, जितेन्द्र कुमार ,शंकर कुमार, कविता कुमारी, बेबी देवी, श्रृष्टीपाल कुमार, सिंकू कुमार, पवन कुमार, उपेन्द्र कुमार, रिणा कुमारी, राधा देवी, महेश कुमार गुलशन सहित कई लोग उपस्थित थे.




भ्रमण | यात्रा में राम भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, लगाए जय श्रीराम के नारे

# अक्षत कलश यात्रा की रही धूम, घर-घर दिया जा रहा निमंत्रण

संवाददाता। बेरमो

22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है. फुसरो नप क्षेत्र में अक्षत कलश यात्रा की धूम रही है. करगली बाजार स्थित सत्यनारायण मंदिर से अयोध्या से आए पूजित अक्षतों की अक्षत कलश यात्रा लेकर करगली बाजार और कॉलोनी का भ्रमण किया गया. कार्यक्रम प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह सह प्रभारी डॉक्टर उषा सिंह, भाजपा नेत्री अर्चना सिंह, प्रदीप भारती, संजय चालक, पंकज पांडेय, दिनेश सिंह, अशोक सिंह ,मंचु सिंह, पिंकू गुप्ता, रमेश स्वर्णकार, उमेश रविदास, अशोक रविदास, सजल गांगुली, भरत वर्मा, सुमित सिंह, सूरज सिंह राठौर, शंकर भदानी, बबलू सिंह आदि दर्जनों लोग मुख्य रूप से शामिल हुए. एक अन्य समाचार के अनुसार फुसरो बाजार मे भाजपा जिला मंत्री विक्रम कुमार पांडेय के नेतृत्व में इस दौरान हिंदूवादी घर-घर पहुंचे और लोगों को श्रीराम मंदिर के बारे में बताया. इस यात्रा के दौरान श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे. इस अवसर पर वैभव चौरसिया, शंकर गोयल, भरत वर्मा, गौरव मित्तल, सुशांत राईका, मिथलेश कुमार, विशेष ठक्कर आदि मुख्य रूप से शामिल हुए.



### पसनोर व सेरुआ में निकाली गई अक्षत कलश यात्रा

**गावां।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित करने हेतु गावां प्रखंड के पसनोर व सेरुआ पंचायत में रविवार को गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से भव्य अक्षत कलश यात्रा निकाली गई . सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष समेत गांववासियों यात्रा में जय श्रीराम के उद्घोष लगाते नजर आए . यात्रा में श्रीराम दरबार व भारत की झांकियों समेत विभिन्न प्रकार की झांकियां भी निकाली गईं . पसनोर व सेरुआ पंचायत के विभिन्न गांवों में भव्य यात्रा को घुमाया गया . पसनोर पंचायत के शिव मंदिर व सेरुआ पंचायत के हनुमान मंदिर में यात्रा का समापन किया गया . लोगों ने जगह जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया और आरती की . यात्रा में शामिल लोग जय श्री राम का उद्घोष करते नजर आए . जुलूस में शामिल महिलाएं भी उदघोष करती नजर आईं . डीजे में बज रहे भक्ति गीतों पर महिलाएं व युवतियां जमकर थिरकी .



▼ ब्रीफ खबरें

## सेक्टर 12 में युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**बोकारो ।** बोकारो जिले के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र की गुमला कॉलोनी में एक युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई. मृत युवक की पहचान चास थाना क्षेत्र के कुंवर सिंह कॉलोनी निवासी बबन बांसफोर (20 वर्ष) के रूप में हुई. बताया गया कि, बबन बांसफोर ने कॉलोनी में रहने वाली दो बच्चों की मां रानी देवी से शादी की थी. रानी देवी ने बताया कि रविवार की देर रात बबन बांसफोर घर से गायब था. बाद में वह उसे बेहोशी हालत में मैदान से उठाकर घर लाई, जहां उसकी मौत हो गई. इधर, बबन की मां हेमंती कुंवर ने बेटे की मौत के लिए पत्नी रानी देवी को जिम्मेदार ठहराया है. कहा कि रानी ने रात में घटना की जानकारी तक नहीं दी. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है.

## बाइक समेत खाई में गिरे 3 युवक, 1 घायल

**साहिबगंज ।** बोरियो थाना क्षेत्र के दुर्गाटोला में सोमवार को एक तेज रफ्तारा बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई. हादसे में बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया. वहीं, मिली जानकारी के अनुसार, दो बाइक पर सवार 5 युवक घूमने के लिए बोरियो की तरफ जा रहे थे. चौक बाजार निवासी सत्यम शर्मा, रितांश शर्मा और सुंदर शर्मा एक ही बाइक पर सवार थे. इसी दौरान संतुलन बिगड़ जाने से बाइक खाई में जा गिरी, जिसमें तीनों युवक घायल हो गए. इनमें से एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है. तीनों का इलाज सदर अस्पताल साहिबगंज में चल रहा है.

## बाइक-साइकिल की टक्कर, दो मरे, 4 घायल

**राहे (रांची) ।** साल के पहले दिन सड़क दुर्घटना में 2 की मौत हो गई, वहीं 4 लोग घायल हो गये. घटना राहे ओपी के बासाहातू और इचाहातू के बीच सिल्ली-राहे सड़क पर सोमवार शाम साढ़े छह बजे की है. एक बाइक में 5 युवक सवार थे. तेज रफ्तार बाइक ने एक साइकिल सवार को पीछे से टक्कर मार दी. बाइक की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति जगमोहन सिंह मुंडा की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. वह बासाहातू गांव का रहने वाला था. वहीं बाइक सवार सभी 5 लड़के गिरकर घायल हो गये. सभी नाबालिग हैं. आसपास के ग्रामीणों ने पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी. पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को इलाज के लिये सिंगपुर अस्पताल पहुंचाया, मगर रास्ते में ही 14 वर्षीय प्रदीप महतो की मौत हो गयी. वह डोमनडीह गांव का रहने वाला था. घायल सभी युवक डोमनडीह गांव के ही रहनेवाले हैं. ये सभी सिल्ली से घर वापस लौट रहे थे. घायलों में बुधेश्वर महतो (15 वर्ष), अमित महतो (14 वर्ष), मन्ना लोहरा (15 वर्ष), मोहन महतो (14 वर्ष) शामिल हैं. सभी का इलाज सिल्ली में किया जा रहा है.

## संथालपरगना के नए डीआईजी बने संजीव



**दुमका ।** संथाल परगना प्रक्षेत्र के डीआईजी के रूप में संजीव कुमार ने सोमवार को योगदान दिया. डीआईजी का प्रभार लेने के बाद कार्यालय में एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया. इस अवसर पर डीआईजी ने कहा कि बाबा नगरी में सेवा का मौका मिला है. बाबा नगरी होने के कारण देश विदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं. पुलिस का जो दायित्व है, उसका निर्वहन होगा. पुलिस और पब्लिक का संबंध अच्छा हो इसके लिए कार्य करेंगे, ताकि भयमुक्त समाज का निर्माण हो सके. इसके लिए रेंज के सभी छह जिलों के पुलिस पदाधिकारी मिल कर कार्य करेंगे. लेकिन इसके लिए आम लोगों का सहयोग भी अपेक्षित है. उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में साइबर क्राइम एक बड़ा मुद्दा है. साइबर अपराध पर अंकुश लगे इसके लिए हर संभव प्रयास होगा. स्वच्छ पुलिसिंग के साथ भयमुक्त समाज का निर्माण के दिशा में सकारात्मक प्रयास किया जायेगा.

# पुलिस को हमेशा चुनौती दे जाते हैं ये 39 बड़े नक्सली नेता

सौरभ सिंह । रांची

झारखंड के 39 बड़े नक्सली नेता पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं. इनमें माओवादियों की संख्या ज्यादा है. ये पूरे राज्य में सक्रिय हैं. पुलिस लगातार इनके खिलाफ अभियान चलाती है. ऐसे में कभी पुलिस नक्सलियों पर तो कभी नक्सली पुलिस पर हावी होते हैं. इन बड़े नक्सलियों को लेकर सूचना मिलने पर जब पुलिस अभियान चलाती है तो ये सरगना पड़ोसी राज्यों में छिप जाते हैं. झारखंड पुलिस ने 39 माओवादी सरगनाओं को चिह्नित किया है. सभी को अलग-अलग श्रेणियों में रखा गया है. पुलिस को विशेष तौर पर इनकी तलाश है. सभी झारखंड पुलिस के लिए लगातार चुनौती बने हुए हैं.



### सभी को अलग-अलग श्रेणियों में रखा गया

**ए प्लस श्रेणी :** प्रयाग मांझी, मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी और असीम मंडल. मिसिर बेसरा को छोड़कर सभी माओवादियों की सेंट्रल कमेटी के मेंबर हैं. मिसिर बेसरा पोलित ब्यूरो मेंबर है.

**ए श्रेणी :** अनुज, ब्रजेश गंझू, चमन उर्फ लंबू, लालचंद्र हेंब्रम, रघुनाथ हेंब्रम, अजय महतो और प्रकाश महतो. टीपीसी सुप्रीमो ब्रजेश गंझू को छोड़कर सभी भाकपा माओवादी संगठन के सैक सदस्य हैं.

**बी श्रेणी :** मेहनत, रणविजय महतो, छोटू खेरवार, मार्टिन केरकेट्टा, आक्रमण गंझू, रामप्रसाद मारडी, नितेश यादव, रविंद्र गंझू, अमित मुंडा, बेला सरकार, गणेश भारती, पूनम और मदन महतो. ये सभी नक्सली रिजनल कमेटी के मेंबर हैं.

**सी श्रेणी :** मनोहर परहिया, आरिफ, रामदयाल महतो, मृत्युंजय जी, अरविंद भुइयां, पप्पू लोहरा, मनोहर गंझू, नीरज सिंह खेरवार, साहेबराम मांझी, विवेक यादव, सीताराम रजवार और गोदराय यादव. ये सभी नक्सली जोनल कमेटी के मेंबर हैं.

### आओ जानें

### जिले में अनुसंधान के मामले हैं लंबित

| | | | |
|---|---|---|---|
| रांची | : 10143 | चतरा | : 1513 |
| खूंटी | : 367 | गिरिडीह | : 2026 |
| गुमला | : 610 | धनबाद | : 4004 |
| सिमडेगा | : 193 | बोकारो | : 2290 |
| लोहरदगा | : 525 | दुमका | : 1085 |
| चाईबासा | : 806 | गोड्डा | : 709 |
| सराइकेला | : 964 | जामताड़ा | : 463 |
| जमशेदपुर | : 1930 | देवघर | : 2630 |
| पलामू | : 1991 | साहेबगंज | : 1572 |
| लातेहार | : 927 | पाकुड़ | : 421 |
| गढ़वा | : 1652 | रेल धनबाद | : 340 |
| हजारीबाग | : 3703 | रेल जमशेदपुर | : 87 |
| रामगढ़ | : 524 | | |
| कोडरमा | : 444 | कुल : | 41919 |

### रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग के नीमडीह के समीप हुआ हादसा

# सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, 4 गंभीर रूप से घायल

- मृतक की पहचान दिलास्वर राव के रूप में हुई है, परिजनों का रो-रोक बुरा हाल हो गया है
- चारों घायल युवक को टीएमएच में भर्ती किया गया है, जहां उनकी स्थिति यथावत बनी हुई है

संवाददाता । चक्रधरपुर



चक्रधरपुर के रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग के नीमडीह के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. बताया जाता है कि चक्रधरपुर के प्रेम निवास में रहने वाले दिलास्वर राव अपने एक दोस्त के साथ स्कूटी में सवार होकर अपने घर जा रहे थे. इसी दौरान उनके स्कूटी की टक्कर सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल से हो गई. मोटरसाइकिल पर दो लोग सवार थे. इस घटना में चारों युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए. इसके बाद स्थानीय लोग की सहयोग से सभी घायलों को इलाज के चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर के टीएमएच रेफर कर दिया गया. इस बीच रास्ते में दिलास्वर राव की मौत हो गई. वहीं अन्य युवक टीएमएच में इलाजरत है. वहीं दिलास्वर राव के शव का पोस्टमार्टम चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में कराकर परिजनों को सौंप दिया गया.

## पुलिया से टकराकर बाइक सवार की मौत

**चांडिल ।** साल के पहले दिन तेज रफ्तार ने एक युवक की जान ले ली. एक ओर जहां लोग नव वर्ष के स्वागत में जश्न मना रहे थे. नाचते-गाते नववर्ष का स्वागत कर रहे थे, वहीं युवा वर्ग मौज में इतना लीन हो गए कि उन्हें मौत का भय भी नहीं दिख रहा था.

सोमवार को नए वर्ष के पहले दिन तेज रफ्तार ने एक युवक की जान ले ली. मिली जानकारी के अनुसार चांडिल डैम से पिकनिक मनाकर लौट रहे, तेज रफ्तार बाइक सवार मुखिया होटल के सामने दुर्घटनाग्रस्त हो गया. बताया गया कि हीरो स्पलेंडर बाइक पर सवार युवक सड़क पर पुलिया से टकराकर गिरा था. लोगों ने बताया कि युवक हेलमेट भी पहना था.



**एसडीपीओ ने पहुंचाया अस्पताल :** चांडिल डैम से मुखिया होटल की ओर जाने वाली सड़क पर बोराबिंदा जाने वाली सड़क के पास तेज रफ्तार बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो गया. बाइक काफी तेज गति में होने की बात कहीं जा रही है. बाइक सवार युवक बाइक से गिरने के बाद पुलिया के पार जा गिरा था. दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद युवक सड़क पर कराह रहा था. उसी वक्त चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उसी रास्ते से गुजर रहे थे. गंभीर रूप से घायल युवक को देखकर उन्होंने स्वयं तत्काल उसे चांडिल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया. अस्पताल में चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया. इस संबंध में चांडिल थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक युवक की पहचान किया जा रहा है.

# गैराज से ट्रक ड्राइवर का शव बरामद

### हरिहर थाना क्षेत्र के पावापुर एनएच पर हादसा से मौत की आशंका

संवाददाता । गोमो

हरिहरपुर थाना क्षेत्र के गोमो अंतर्गत पावापुर स्थित एनएच पर एक ट्रक गैराज से रविवार शाम एक ड्राइवर का शव बरामद हुआ है. शव की पहचान नरकोपी गांव निवासी द्वारका प्रसाद महतो (35 वर्षीय) के रूप में हुई है. हरिहरपुर थाना की पुलिस ने सोमवार सुबह 11 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएम अस्पताल धनबाद भेज दिया है और जांच में जुट गयी है. ड्राइवर की मौत कैसे हुई है, इसका पता अभी नहीं चल पाया है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही सही कारणों का पता चल पायेगा.



**ट्रक की चपेट में आने से हुई होगी मौत :** पहला दृश्य से बताया जा रहा है कि गैराज में खड़ी ट्रक को पीछे करने के क्रम में द्वारिका प्रसाद महतो उसकी चपेट में आया होगा. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी होगी. हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि उसके शरीर में कही भी चोट के निशान नहीं है. हरिहरपुर थाना पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है. गैरेज संचालक और ट्रक ड्राइवर से भी पूछताछ की जा रही है. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

## 2336 में सिर्फ 1732 एएसआई प्रोन्नति के योग्य पाए गए

संवाददाता । रांची

2336 में सिर्फ 1732 एएसआई, सब इंस्पेक्टर रैंक में प्रोन्नति के लिए योग्य पाये गये. दरअसल झारखंड पुलिस मुख्यालय में एएसआई से एसआई रैंक में प्रोन्नति के लिए केंद्रीय चयन पर्षद की बैठक आयोजित की गयी थी. जिसमें 1732 एएसआई प्रोन्नति के योग्य पाये गये. वहीं 512 एएसआई, सब इंस्पेक्टर रैंक में प्रोन्नति के योग्य नहीं पाये गये.

इसके अलावा 79 एएसआई के प्रोन्नति देने के मामले को लंबित और 13 एएसआई का विचारण परिधि से बाहर रखा गया. झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रोन्नति और पदस्थापन से संबंधित आदेश अलग से जारी किया गया है.

## घाटशिला पुलिस ने होटल व लॉज में देर रात की छापेमारी



संवाददाता । घाटशिला

घाटशिला पुलिस द्वारा सुरक्षा की दृष्टिकोण से रविवार की देर रात विभिन्न होटल लॉज तथा ढाबा में छापेमारी किया. हालांकि छापेमारी के दौरान कहीं भी किसी तरह की आपत्तिजनक स्थिति नहीं पाई गई. इस संबंध में घाटशिला थाना प्रभारी ने बताया कि साल के विदाई को लेकर अंतिम दिन चारों तरफ उत्साह का माहौल है. लोग जश्न मना रहे हैं. इसे देखते हुए होटल तथा लॉज का जांच किया गया. किसी भी जगह किसी तरह की गड़बड़ी नहीं पाई गई है. खुशी के माहौल में कुछ शरारती तत्वों द्वारा माहौल खराब ना करें इसे ध्यान में रखते हुए जांच की गई.

# जगन्नाथपुर के बड़ानंदा में हब्बा-डब्बा और मुर्गापाड़ा का हो रहा था संचालन

- डीआईजी के आदेश पर जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने की छापेमारी

संवाददाता । किरीबुरु



जगन्नाथपुर थाना अन्तर्गत बड़ानंदा पंचायत के पंचायत भवन के ठीक बगल में एक जनवरी को खुलेआम हब्बा-डब्बा और मुर्गापाड़ा जैसे जुआ का प्रतिबंधित खेल का आयोजन किया गया. जिस स्थान पर यह खेल संचालित किया गया वह बड़ाजामदा-जगन्नाथपुर-चाईबासा मुख्य सड़क से कुछ दूरी पर स्थित था. आते-जाते सभी लोग इस अवैध जुआ संचालन को न सिर्फ देख रहे थे, बल्कि बाजी लगाकर जुआ में पैसे हार रहे थे. पैसा हारने वालों में स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या काफी अधिक थी. इसके अलावे पूरे क्षेत्र में अवैध शराब आदि की दुकानें खुलेआम संचालित हो रही थी. इतने बडे. जुआ का आयोजन के बावजूद पुलिस को जानकारी नहीं होने तथा पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं होने से नाराज कुछ लोगों ने वहां का वीडियो बनाकर डीआईजी को शेयर कर दिया. डीआईजी अजय लिंडा ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पूरी व्यस्तता के बावजूद उक्त वीडियो को देख जगन्नाथपुर अनुमंडल के एसडीपीओ को अविलम्ब कार्यवाही का निर्देश दिया. सूचना के अनुसार एसडीपीओ के आदेश पर जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने छापामारी की.

सूत्रों के अनुसार बड़ानंदा में सोमवार को एक साथ 5 स्थानों पर हब्बा-डब्बा का पाली लगाया गया था. यहां इस जुआ का खेल में लाखों रुपये का अवैध कारोबार हुआ. जुआ में हारने वाले सिर्फ गरीब आदिवासी ग्रामीण व मेहनतकश मजदूर थे, जबकि जीतने वाले हब्बा-डब्बा जुआ का संचालक. जानकारी के अनुसार इस जुआ का खेल का संचालन जगन्नाथपुर थाना पुलिस को गुमराह कर कुछ जुआ माफियाओं ने आपसी सांठ-गांठ कर नववर्ष के अवसर पर लाभ कमाने के उद्देश्य से किया था. खेलने वालों को यह जानकारी दी गई थी की पुलिस मैनेज है. जबकि सच्चाई इससे अलग बताई जा रही है. डीआईजी के आदेशानुसार जगन्नाथपुर पुलिस ने हब्बा-डब्बा स्थल पर कार्यवाही की है. कार्यवाही के बाद भगदड़ मच गई है. उसके बाद की स्थिति व पुलिसिया कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है, लेकिन ग्रामीण डीआईजी अजय लिंडा के इस कदम से खुश हैं.

# तीन शराब दुकानों में चोरी, महंगी शराब ले भागे चोर

संवाददाता । जमशेदपुर

जमशेदपुर के तीन शराब दुकानों को चोरों ने अपना निशाना बनाया है. शहर दुकानों से चोरों ने नकद समेत महंगी शराब की चोरी कर ली. चोर ने अपने साथ डीवीआर भी लेकर चले गए. सोमवार सुबह इसकी जानकारी तब हुई जब दुकान कर्मी दुकान खोलने पहुंचे. उन्होंने तत्काल इसकी सूचना उत्पाद विभाग और पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई.

चोरों ने सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइयांडीह शराब दुकान, बिरसानगर के हुरलुंग और गोविंदपुर के जोजोबेड़ा स्थित शराब दुकान को अपना निशाना बनाया. इधर, विभाग के पदाधिकारी भी घटना स्थल पहुंचे और चोरिब्ला आकलन करने में जुट गये.

**लाखों रु और शराब ले गए चोर :** बताया जाता है कि चोरों ने दुकान में लगे ताले को काटा और फिर दुकान में प्रवेश करते हुए 31 दिसंबर में शराब बिक्री के बाद नकद को रखे नकद और कई महंगी शराब की चोरी कर ली. संभवतः तीनों दुकान में 5 से 6 लाख नकद और शराब की चोरी हुई है. हालांकि विभाग इसका आंकलन करने में जुटा हुआ है कि दुकान से कितने को चोरी हुई है.



## बाजारटांड़ की दुकान से 35 पेटी सरसों तेल की चोरी

**गुमला ।** गुमला में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है. चोरी की घटना के तीसरे दिन गुमला बाजार टांड़ स्थित गायत्री ट्रेडर्स में चोरी हो गई है. दुकानदार युगेश्वर साव ने बताया कि रविवार की शाम दुकान बंद कर घर चला गया था. सोमवार की सुबह सामने पानी टंकी के कर्मी ने उसे फोन कर बताया कि उसके दुकान का एक ताला टूटा हुआ है. आकर देखा कि दुकान में चोरी हो गई थी. दुकानदार के अनुसार 35 पेटी सरसों का तेल (लगभग 80 हजार रुपये) की चोरी हुई है. उसका कहना था कि एक साल पहले नौ लाख रुपये बैंक आफ इंडिया से लोन लेकर दुकान किया है. इससे पहले भी उसके दुकान में चोरी हुई है. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दुकान का मुआयना किया. पुलिस के अनुसार चोरी की घटना हुई है लेकिन दुकान छोटा है. दुकानदार चोरी की मात्रा गलत बता रहा है.

**शोक की लहर** आदित्यपुर से काफी संख्या में लोग शवयात्रा में हुए शामिल, पूरेंद्र ने दी श्रद्धांजलि

# बाबाकुटी से एकसाथ उठीं छह अर्थियां, भर आईं आंखें

संवाददाता । आदित्यपुर



नए साल के पहले ही दिन एक साथ बाबाकुटी से छह युवकों की शव यात्रा निकली जो दुख की पराकाष्ठा थी. इसे देख आदित्यपुर वासियों के आंखें नम हो गई थी. इस शवयात्रा में आदित्यपुर नगर पर्षद के उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह शामिल हुए और गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है. बता दें कि आज सुबह बाबाकुटी के 6 युवकों की सड़क दुर्घटना में जमशेदपुर में मृत्यु हो गई थी. पुरेंद्र ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत मार्मिक और ह्रदय विदारक घटना है. इससे पूरे आदित्यपुर में शोक की लहर व्याप्त है. उन्होंने कहा कि आदित्यपुर ने एक साथ अपने 6 नौजवान बेटों को खोया है. इस ह्रदय विदारक घटना के उपरांत पुरेंद्र नारायण सिंह ने बाबाकुटी जाकर सभी शोक संतप्त परिवारों से मिले और अंतिम यात्रा में भी शामिल हुए. उन्होंने झारखंड सरकार से प्रत्येक मृतक के आश्रितों को नौकरी एवं 20 लाख रुपए मुआवजा दिए जाने की मांग की है. इस घटना पर जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अधिवक्ता ओम प्रकाश ने भी सबोक संवेदना व्यक्त किया है.

**पिकनिक मनाने जा रहे थे :** सड़क दुर्घटना में शुभम कुमार, अनिरुद्ध कुमार यादव, अनिकेत कुमार महतो, हेमंत कुमार सिंह, पियूष उर्फ टुकटुक और सूरज कुमार की मौत हुई है. सभी युवक सूरज के टाटा इंडिगो से पिकनिक मनाने निकले थे. बता दें कि 31 दिसंबर की रात सभी दोस्त बाबाकूटी के एस रोड में नव वर्ष के पिकनिक की तैयारी के लिए एकजुट हुए थे. जहां सभी ने पुराने साल को जश्न के साथ विदा किया. इस दौरान सभी युवक एकसाथ लिट्टी चोखा बनाकर खाएं थे. सुबह में सभी ने पिकनिक की तैयारी कर ली. जो उनके मौत की वजह बन गई.

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन युवक घायल

संवाददाता । घाटशिला

घाटशिला थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह पर रविवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन युवक घायल हो गए. सभी का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया गया. इस दुर्घटना में तीन युवक की पहचान नहीं हो पाई है. जबकि तीन युवक में पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम जिले अंतर्गत अमलाचट्टी निवासी विनय महंता एनएच 18 फोरलेन पर जैन पैलेस के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया. दूसरा युवक घाटशिला थाना क्षेत्र के ओनीडीह निवासी शंकर गोराई कशीदा स्थित ओवर ब्रिज के समीप सड़क पर पड़ा मिला पुलिस ने उठाकर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया. तीसरा युवक घाटशिला थाना क्षेत्र के लालडीह निवासी प्रशांत नामता को भी गंभीर चोट लगी है. सभी घायलों का अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आर एन सोरेन ने प्राथमिक उपचार किया. उन्होंने बताया कि सभी घायलों की स्थिति काफी नाजुक है.



### आरयू ने अपने विजन-2024 में मुख्य रूप से नौ बिंदुओं पर रखा गया है ध्यान, इसमें भवनों का नवीनीकरण भी शामिल है

# रांची विश्वविद्यालय ने जारी किया विजन-2024, नैक मान्यता पर विशेष जोर



**रांची। रांची विश्वविद्यालय ने मुख्य रूप से 9 बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए विजन 2024 जारी किया है, जिसमें नैक मान्यता, विश्वविद्यालय भवनों का नवीनीकरण, आदिवासी छात्रों को सशक्त बनाना, 30 नियमित विभागों को शामिल करते हुए विशेष 6 महीने के प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम या एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कार्यक्रम को प्रारंभ करना, महिला छात्रों के लिए केन्द्रित समर्थन, खेल उत्कृष्टता पारिस्थितिकी तंत्र रोधी विश्वविद्यालय के अंतर्गत एक खेल व डिजिटल परिवर्तन शामिल है.**

**क्या है विजन 2024**

1) **एनएएसीए मान्यता नैक मान्यता की प्रतिष्ठित ए ग्रेड के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम पूर्णतः** तैयार व कटिबद्ध हैं, जो हमारी अकादमिक उत्कृष्टता व संस्थागत गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, जिसके लिए हमारी आईक्यूएसी टीम के विश्वसनीय एवं लक्ष्य को हासिल करने के लिए समर्पित सदस्य इस प्रतिष्ठित ग्रेड को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक बिंदु पर दृढ़निश्चय कर कार्य कर रहे हैं.

2) विश्वविद्यालय भवनों का नवीनीकरण विश्वविद्यालय भवनों के सौंदर्यता, कार्यक्षमता व कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए निरंतर नवीनीकरण के प्रयास किये जा रहे है विश्वविद्यालय परिसर को जीवंत एवं प्रेरणादायक वातावरण में तबदील करने का प्रयास किया जा रहा है, जो नैक मान्यता की प्रतिष्ठित ए ग्रेड के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक उपयोगी एवं महत्वपूर्ण कदम है।

3) आदिवासी छात्रों को सशक्त बनाना आदिवासी छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में समर्थन और उत्थान के लिए एक सुदृढ़ योजना के तहत पहल करना है. साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित करना है कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संसाधन, समान दृष्टिकोण के साथ प्राप्त हो सके.
(i) अनुसंधान के माध्यम से जनजाति विरासत का संरक्षण समृद्ध सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण को सुनिश्चित करते हुए जनजातीय विरासत के संरक्षण और दस्तावेजीकरण के लिए जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा विभाग के अन्तर्गत केन्द्रीय अध्ययन और अनुसंधान कार्यक्रमों की स्थापना के साथ साथ प्रचार-प्रसार करना है।
(ii) विद्यालयों के लिए जनजातीय अध्ययन पाठ्यक्रम विद्यालयों के साथ एकजुट होकर जनजातीय अध्ययन पाठ्यक्रम की रचना व इसे कार्यान्वित करने के लिए सहभागिता करना है. छात्रों को क्षेत्रीय भाषाओं से परिचित करना व प्रारंभिक स्तर से ही जनजातीय विरासत की गहरी समक्ष और सराहना को बढ़ावा देना है. उपर्युक्त कार्यकलाप, आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के क्षेत्र में अनुसंधान का समर्थन करना और विश्वविद्यालय एवं विद्यालय, दोनों स्तरों पर सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना, रांची विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को उजागर करता है.

4) सभी विभागों में कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम व्यावसायिक अध्ययन केंद्र, रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी 30 नियमित विभागों को शामिल करते हुए विशेष 6 महीने के प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम या एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कार्यक्रम को प्रारंभ करना है. उक्त पाठ्यक्रमों को शामिल करने से छात्रों को व्यावहारिक कौशल व नवीनतम उद्योग की पहचान करायेंगे, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि छात्र अपनी नियमित पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी के लिए सुनियोजित तरीके से खुद को तैयार कर सके. इस सकारात्मक व भविष्य उपयोगी पहल का उद्देश्य, छात्रों की शिक्षा को वर्तमान उद्यागों की आवश्यकताओं के साथ जोड़ना और एक गतिशील शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देकर उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाना है.

5) **महिला छात्रों के लिए केन्द्रित समर्थन :** महिला छात्रों के लिए एक समावेशी और सहायक वातावरण को सुदृढ़ बनाना है, जो उनकी शैक्षणिक सफलता और व्यक्तिगत विकास के अनुकूल माहौल को बढ़ावा दिया जा सके.

6) **खेल उत्कृष्टता पारिस्थितिकी तंत्र रोधी विश्वविद्यालय के अंतर्गत एक खेल :** पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करना है, जिसमें लड़कियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया जाय, जिसका लक्ष्य विभिन्न खेलों और प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर करना है. रांची विश्वविद्यालय ने इस दिशा में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त स्पोर्टस कॉम्पलेक्स को मंजूरी देकर इस दिशा में पहले ही कदम उठा लिया है.

7) **स्वर्ण पदक उपलब्धियां (खेल) :** हमारे छात्रों, विशेषकर स्वर्ण पदक विजेताओं की उपलब्धियों को संज्ञान में लेते हुए उत्सव मनाना और उनकी निरंतर सफलता के लिए उन्हें सुविधाएं एवं समर्थन प्रदान करना है. हर साल रांची विश्वविद्यालय के कई छात्र स्वर्ण पदक हासिल कर विश्वविद्यालय को देशभर में गौरवान्वित करते रहे हैं.

8) अनुसंधान, नवोत्थान और उष्मायन केन्द्र ज्ञान सृजन, स्टार्ट-अप और उद्यमिता में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए अनुसंधान, नवोत्थान और उष्मायन की संस्कृति को बढ़ावा देना और इस प्रकार के अभूतपूर्व अनुसंधान केन्द्र के रूप में रांची विश्वविद्यालय की स्थिति को बढ़ाना है. यह स्टार्ट-अप और उद्यमिता भारत सरकार की एम.एस.एम.आई. को सहयोग करेगा।

9) **डिजिटल परिवर्तन :** प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिक्रियाओं को अंगीभूत करना, सीखने के अनुभवों को बढ़ाना और छात्रों एवं शिक्षकों के लिए एक तकनीक प्रेमी वातावरण प्रदान करना है।
रांची विश्वविद्यालय ने पहले ही परीक्षाओं और इसके विभिन्न अन्य वर्गों को डिजिटल बनाकर इस दृष्टिकोण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है. इसके अतिरिक्त, सभी स्नातकोत्तर विभागों में 5जी वाईफाई से लैस डिजिटल इंटरेक्टिव बोर्ड का गठन करके अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के एकीकरण का बीड़ा उठाया है, जिससे गहन और प्रभावी शिक्षण अनुभव को बढ़ावा मिला है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** पंचम भाव मे चंद्रमा है. नए स्थान पर घूमने का आनंद प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी मे कोई नया विचार क्रियान्वित हो सकता है. कोई बड़ा कार्य होगा और कार्य की प्रशंसा होगी. अन्न का दान करें.

**वृषभ** हृदय रोग से बचाव आवश्यक है. कार्य की सफलता के लिए प्रयास अधिक करना पड़ेंगे. गलतफहमी से विवाद हो सकता है. भावनाओं पर अंकुश आवश्यक है. हितशत्रुओं से सावधान रहें. कारोबार ठीक चलेगा.

**मिथुन** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. आय में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. निवेश शुभ फल देगा. समय की अनुकूलता का लाभ लें. भरपूर प्रयास करें.

**कर्क** समय उत्तम फल प्रदान करेगा. आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. आय में वृद्धि होगी. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा.

**सिंह** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भाग्य का सहारा रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. चोट व रोग से बचें. किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है. विदेश से मिलने वाले शुभ समाचार से मन खुश रहेगा.

**कन्या** कहीं घूमने का भी समय है. किसी व्यक्ति के उकसावे में नहीं आएं. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. आय बनी रहेगी.

**तुला** चोट व रोग से हानि की आशंका है, लापरवाही न करें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पुरानी लेनदारी वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. जल्दबाजी न करें.

**वृश्चिक** सरकारी कार्य में गति मिलेगा. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. शत्रुओं का पराभव होगा. आर्थिक नीति में बदलाव हो सकता है. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. कार्य होने से सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

**धनु** बड़ों के अनुभव का लाभ लेना चाहिए. अनहोनी की आशंका रह सकती है. कोर्ट-कचहरी व सरकारी मामलों की बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पूजा-पाठ आदि पर व्यय होगा.

**मकर** पार्टनर से विवाद हो सकता है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें. कारोबार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी.

**कुंभ** शुक्र के प्रभाव से जीवनसाथी का सुख बढ़ेगा. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी. आय में वृद्धि होगी. नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा. कार्य का सही लाभ होगा. मिठाई का दान करें.

**मीन** मौसमी बीमारियों से बचें. किसी के बहकावे में नही आना चाहिए. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. लंबी यात्रा की योजना बन सकती है. स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. अन्न दान करें.

### टाटा स्टील के एमडी ने नागरिकों के साथ मनाया नया साल

# सरकार का इंडस्ट्रियल टाउन बनाने का फैसला एकदम सही : टीवी नरेंद्रन

संवाददाता | जमशेदपुर

**खास बातें**

- एमडी ने सभी कर्मियों को नव वर्ष की बधाई दी
- आने वाले समय में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी

टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन ने शहर के वरिष्ठ नागरिकों और गणमान्य लोगों के साथ केक काटकर नये साल का स्वागत किया. बिष्टुपुर स्थित रुसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस में आयोजित कार्यक्रम में केक कटिंग कार्यक्रम आयोजित हुआ. मौके पर टिनप्लेट के पूर्व एमडी आरएन शर्मा, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी टुन्नु समेत अन्य लोग मौजूद थे. इस दौरान टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन के साथ उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी समेत तमाम अधिकारीगण मौजूद थे. इस अवसर पर एमडी ने सभी नव वर्ष की बधाई दी और कंपनी द्वारा किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी. बताया कि आने वाला साल भी चुनौतियों से भरा रहेगा. चीन जैसे देशों के स्टील के सेक्टर में बढ़ते निर्यात के कारण काफी परेशानी बढ़ रही है. इसको लेकर भी रणनीति के तहत काम करने की जरूरत है. स्टील सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिए सरकारों के प्रयासों का सकारात्मक असर रहा है और टाटा स्टील का मुनाफा काफी बेहतर हुआ है.

उन्होंने बताया कि कंपनी को और आगे ले जाने के लिए विस्तारीकरण पर काम चल रहा है. टाटा स्टील को ओड़िशा प्लांट के विस्तार के साथ ही जमशेदपुर के सारे डाउनस्ट्रीम प्लांट का भी विस्तार होगा. कंपनी करीब तीन हजार करोड़ रुपये का निवेश जमशेदपुर और आसपास के लिए कर रही है.




**झारखंड सरकार के फैसले का स्वागत**

टीवी नरेंद्रन ने इंडस्ट्रियल टाउन बनाने को लेकर झारखंड सरकार द्वारा लिये गये फैसले का स्वागत किया है. कहा कि झारखंड सरकार ने जमशेदपुर के विकास को लेकर काफी बेहतर काम किया है. इंडस्ट्रियल टाउन बनाने का फैसला सही है. इंडस्ट्रियल टाउन बनने से शहर का विकास होगा और शहर को एक नयी पहचान मिलेगी. टाटा स्टील हमेशा से चाहती थी कि इंडस्ट्रियल टाउन बनाया जाये. इसको लेकर नागरिकों ने भी कंपनी का समर्थन किया है. उन्होंने कहा कि टाटा स्टील कार्बन उत्सर्जन को जीरो करने के लिए लगातार काम कर रही है. वे लोग अभी चीन के निर्यात को लेकर वेट एंड वाच की स्थिति में है. इसके बाद टाटा स्टील समेत देश की सारी स्टील कंपनियां एक बार फिर से डंपिंग ड्यूटी को बढ़ाने की मांग करेगी जैसे 2015 में हुआ है.

### सरफराज ने विधायकी छोड़ी

# चर्चाओं का बाजार गर्म, दल में असमंजस की बनी स्थिति

अभय वर्मा | गिरिडीह



राजनीति भी दिलचस्प है, इसकी चाल हमेशा अबूझ पहेली बनी रहती है और यह तब ज्यादा सटीक लगती है, जब राजनीतिज्ञ डॉ. सरफराज अहमद जैसा हो. कम उम्र में विधायकी व शिक्षा राज्य उपमंत्री, सांसद तथा अखंड बिहार में कांग्रेस के 10 सालों तक प्रदेश अध्यक्ष रहे डॉक्टर अहमद का 50 सालों का राजनीतिक अनुभव है. विगत विधानसभा चुनाव में राजनीतिक स्थिति के कारण कांग्रेस से झारखंड मुक्ति मोर्चा में गए. अहमद को करीब दो दशक बाद जीत नसीब हुई थी. हालांकि झामुमो में रहते हुए भी इनके कांग्रेस के दिग्गज नेताओं से करीबी रिश्ते रहे हैं. इस कारण उनके इस्तीफा के बाद कांग्रेस में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है, पर अभी डॉ. अहमद ने विधायकी से इस्तीफा दिया है, पार्टी से नहीं. दल के अंदर किसी बात पर इस्तीफा की बात होती तो यह पूर्व में ही हो गई होती, पर जिले की राजनीति में पार्टी के अंदर किसी प्रकार की चुनौती नहीं है. अहमद के करीबी सूत्र की मानें तो विधायकी से इस्तीफा के बाद इनका राजनीतिक कद दल के अंदर और बढ़ गया है. मुख्यमंत्री की नजरों में इस्तीफा के बाद अहमद का कद कई गुना बढ़ा है. यही कारण है कि चर्चा के अनुसार इस्तीफा का इनाम कुछ बड़ा मिलने वाला है. यह भी सच है कि राज्य में चल रही गठबंधन की सरकार में कांग्रेस ने ऐसा कुछ नहीं किया है जिससे जिले में पार्टी की लोकप्रियता उफान पर हो. चर्चा जो भी हो पर इसकी संभावना कम ही है कि अहमद की वापसी कांग्रेस में होगी. बगैर कांग्रेस में शामिल हुए ही दल के अंदर उनके कई कांग्रेसी समर्थक हैं. जो चुनाव में उनके लिए काम करते हैं. शहर में जो कयास लगाए जा रहे हैं, उनके अनुसार दो-चार दिनों में राज्य के राजनीतिक हालात में बड़ा परिवर्तन होने वाला है. उस परिवर्तन और संभावित उपचुनाव में गिरिडीह का बड़ा रोल होगा. गिरिडीह में फिलहाल कयास लगाने का बाजार गर्म है.

# प्रशासन के आश्वासन के बाद सड़क जाम समाप्त




संवाददाता | बहरागोड़ा

बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मानुषमुड़िया पंचायत अंतर्गत सालदोहा चौक में माटिहाना चाकुलिया मुख्य सड़क पर बीते शनिवार को तुहिना दे नामक महिला की सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी. महिला की मौत के बाद सालदोहा गांव के ग्रामीणों भारी ट्रकों के परिचालन के खिलाफ आक्रोश हो गए हैं. रविवार रात से ही ग्रामीणों ने सड़क को दोनों तरफ से घेर कर सड़क जाम कर दी थी. इस दौरान उसे जगह में गाड़ियों की काफी लंबी कतार लग गयी. ग्रामीणों का कहना है कि जबतक उक्त सड़क पर स्पीड ब्रेकर नहीं लग जाते व भारी ट्रकों की परिचालना बंद न हो जाते तबतक उक्त सड़क जाम रहेगी. स्थानीय विधायक समीर मोहंती को जाम स्थल पर आने की भी मांग कर रहे थे. सोमवार की सुबह सड़क जाम की सूचना पाकर बरसोल थाना प्रभारी रामदयाल उरांव, पुअनि रामदेव कुमार,एएसआई कुलदीप ठाकुर जाम स्थल पर जाकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया तथा सड़क जाम को मुक्त कराने की बात कही.

ग्रामीणों का कहना है कि जबतक जाम स्थल पर विधायक तथा प्रशासन नहीं आ जाते व हमारे मांग पूरी नहीं हो जाते, तबतक सड़क जाम रहेगी. सूचना पाकर बीडीओ केशब भारती, सीओ भोला शंकर महातो, माणुसमुड़िया के मुखिया राम मुर्मु आदि पहुंच कर ग्रामीणों से मिले व सड़क को जाम मुक्त करने की अपील की. लेकिन ग्रामीणों ने मानने के लिए तैयार नहीं थे. काफी समझाने के बाद बीडीओ भारती व बरसोल थाना प्रभारी उरांव ने ग्रामीणों से कहा दुर्घटना बीमा के तहत कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद 15 से 20 लाख रुपये मिलेगा.

### खरसावां गोलीकांड के शहीदों को किया गया नमन

# बिरसा सेना ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता | जमशेदपुर

सीतारामडेरा चौक में सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर बिरसा सेना के सदस्यों में खरसावां गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी. इसकी अध्यक्षता बिरसा सेना के केंद्रीय अध्यक्ष दिनकर कच्छप ने की. उन्होंने खरसावां गोलीकांड के इतिहास के बारे में मौजूद लोगों को जानकारी दी. बताया कि भारत की आजादी के करीब पांच महीने बाद जब देश एक जनवरी, 1948 को आजादी के साथ-साथ नए साल का जश्न मना रहा था तब खरसावां ''''आजाद भारत के जलियांवाला बाग कांड'''' का गवाह बन रहा था. उस दिन साप्ताहिक हाट का दिन था. ओडिशा सरकार ने पूरे इलाके को पुलिस छावनी में बदल दिया था. खरसावां हाट में जुटे करीब पचास हजार आदिवासियों की भीड़ पर ओडिशा मिलिट्री पुलिस गोली चला दी थी.

**जयपाल सिंह मुंडा ने विलय का किया था विरोध :** इस गोलीकांड का प्रमुख कारण था खरसावां के उड़ीसा राज्य में विलय का विरोध था. आदिवासी और




श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल बिरसा सेना के सदस्य.

झारखंड (तब बिहार) में रहने वाले समूह भी इस विलय के विरोध में थे. मगर केंद्र के दवाब में सरायकेला के साथ ही खरसावां रियासत का भी ओडिशा में विलय का समझौता हो चुका था. 1 जनवरी, 1948 को यह समझौता लागू होना था. तब मरांग गोमके के नाम से जाने जाने वाले आदिवासियों के सबसे बड़े नेताओं में से एक और ओलंपिक हॉकी टीम के पूर्व कप्तान जयपाल सिंह मुंडा ने इसका विरोध करते हुए आदिवासियों से खरसावां पहुंचकर विलय का विरोध करने का आह्वान किया था. इसी आह्वान पर हजारों आदिवासियों की भीड़ पारंपरिक हथियारों के साथ खरसावां में इकठ्ठा हुई थी. इसी भीड़ पर फायरिंग की गई थी. यहां आजाद भारत का सबसे बड़ा नरसंहार आदिवासियों का हुआ था. मौके पर मौजूद सेना के सदस्यों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी एवं नारे लगाए. मौके पर बिरसा सेना के संस्थापक बलराम कर्मकार, सुनील सोरेन, सवान लुगून, रोहित बानरा, दामोदर बानरा, अनिकेत मुण्डा, हरिस हेम्ब्रम, दुर्गा सांडील, बिकास तिर्की आदि मौजूद रहे.

### गोलीकांड के शहीदों को आजाद समाज पार्टी ने दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने सोमवार को खरसावां गोलीकांड की 76वीं बरसी मनाई. इस अवसर पर खरसावां में पार्टी ने पैदल मार्च निकाला. हाथों में बैनर लिए पार्टी नेताओं ने खरसावां गोलीकांड के शहीदों के सम्मान में नारे लगाए और खरसावां बाजार से लेकर केरसे मुंडा चौक तक पैदल मार्च किया. तदोपरांत आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नेताओं ने खरसावां शहीद स्थल पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी. पार्टी के प्रदेश महासचिव आकाश मुखी ने खरसावां गोलीकांड को आजाद भारत का सबसे बड़ा नरसंहार करार देते हुए शहीदों के परिवारों को अबतक न्याय नहीं मिलने की बात कही. इस मौके पर आजाद समाज पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष तरनी सेन माझी, आसपा पूर्वी सिंहभूम जिला महासचिव सन्नी सामड, आसपा पूर्वी सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष शमीम अकरम आदि मौजूद रहे.

## पुलिस कप्तान के रूप में संभाला पदभार



**साहिबगंज।** जिले के 45वें पुलिस कप्तान के रूप में 2017 बैच के आईपीएस कुमार गौरव ने सोमवार को स्वतः पदभार ग्रहण किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि अपराधियों को उनके कार्यकाल में कोई जगह नहीं मिलेगी. वहीं अपराधी मुख्यधारा में शामिल हो जाएं या जिला छोड़कर चले जाएं.

**हैप्पी न्यू ईयर**

### डायवर्सिटी पार्क के आसपास लगा लंबा जाम, लोगों को हुई परेशानी

# मंदिरों में रही भीड़, पिकनिक मनाने पार्क पहुंचे लोग





संवाददाता | गोड्डा

नववर्ष की सुबह पूजा-अर्चना करने की लेकर मंदिरों में भक्तों की काफी भीड़ देखी गई. वहीं दोपहर बाद पार्क एवं नदी की किनारे चिन्हित पिकनिक स्पॉट पर लोगो का जमावड़ा लगा हुआ था. शहर से ठीक सटे कॉलेज मोड़ के समीप वन विभाग के डायवर्सिटी पार्क में भी सर्वाधिक भीड़ देखी गई. दोपहर के बाद हालात ऐसे थे कि डायवर्सिटी पार्क की ओर से निकलना मुश्किल था. भीड़ इस कदर उमड़ी कि घंटों जाम लगा रहा. चारों तरफ जाम इस कदर लगा था कि अगल-बगल से निकलना संभव नहीं हो पा रहा था. पिकनिक के साथ साथ धार्मिक मान्यताओं वाले माता योगिनी स्थान में भी दिन भर अच्छी खासी भीड़ लगी रही.

प्रकृति के गोद में बसे मां योगिनी स्थान में पहुंचने वाले भक्तों की भीड़ का सालोंभर माता के प्रांगण में जमावड़ा लगा रहता है. इस मंदिर की पौराणिक धार्मिक मान्यताओं के साथ ही प्रकृति ने भी इस इस क्षेत्र में अपनी विशेष कृपा दृष्टि बना रखी है. प्राकृतिक सुंदरता की वजह से भी मां योगिनी स्थान परिसर में नववर्ष के आगमन पर लोगों की भारी भीड़ जुटती है.

जिला मुख्यालय से सेट गोड्डा महगामा मुख्य सड़क पर करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित होने के कारण यहां अगल-बगल क्षेत्र से तो लोग पहुंचते ही है, बगल के पड़ोसी राज्य बिहार बंगाल से भी आने वाले सैलानियों की संख्या कम नहीं होती है. परिवार के साथ पूजा पाठ कर दिन भर की मौज मस्ती कर शाम लौट जाते हैं. धार्मिक मान्यता के अनुसार सती का बायां जांघ इस स्थान पर गिरा था, जिस स्थल पर माता का अंग गिरा था. वह गर्भ गृह पहाड़ पर गुफा में अवस्थित है, जहां तक पहुंचने के लिए तीन सौ सीढ़ी चढ़ना होता है.

# साहिबगंज से अयोध्या की पैदल यात्रा पर निकले रामभक्त, गोड्डा में हुआ स्वागत

संवाददाता | गोड्डा

भगवान राम के प्रति ऐसी आस्था जगी कि हजारों किमी की पैदल यात्रा कर रामलला के दर्शन करने को रामभक्तों की टोली निकल पड़ी है. साहिबगंज से अयोध्या की ओर जाने के क्रम में देर संध्या गोड्डा पहुंचने पर इन रामभक्तों का भव्य स्वागत किया गया. ग्राम कोटाल पोखर के निवासी रंजय अग्रवाल के साथ दो सगे भाई नारायण साह और पवन साह इस कठिन यात्रा पर निकले है. रंजय अग्रवाल बताते हैं कि वह 1992 में अयोध्या पहुंचकर कर सेवा भी कर चुके हैं. उस वक्त भी वह कार सेवा में भाग लेने के लिए टीम के साथ गए हुए थे. अब जब 30 वर्ष से अधिक समय के बाद भगवान राम अपने विराट स्वरूप के साथ अपने भव्य महल में विराजेंगे तो उस उसे घड़ी को हम सब भी देखना चाहते हैं. यही सोचकर अचानक मन में आया और जाने की तैयारी कर लिए मगर अयोध्या जाने के लिए टिकट तो दिया ही नहीं जा रहा था तो हम सब पैदल ही निकल लिए है. दिन में ही यात्रा करते हैं, रात्रि किसी भक्त के यहां या मंदिर में गुजार लेते हैं. यात्रा के तीसरे दिन करीब सवा सौ किलोमीटर की यात्रा तय कर गोड्डा तक पहुंच चुके हैं. आगे बांका (बिहार) होते हुए वे लोग अगले 15 दिनों में उत्तर प्रदेश तक पहुंच जाएंगे. उम्मीद है कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन हमलोग अयोध्या की सीमा तक तो पहुंच ही जाएंगे. उसके बाद भगवान राम के दर्शन करने के बाद ही लौटेंगे.





# नए साल के पहले दिन सैलानियों से पटे रहे राज्य के पिकनिक स्थल

2024 नव वर्ष की शुभकामनाएं

मौज-मस्ती और पूजा-अर्चना बीच नए साल का आगाज हो गया. साल के पहले दिन राज्य के पिकनिक स्थल सैलानियों से गुलजार रहे. यार दोस्त और परिवार के संग लोगों ने समय बिताया और नए साल का उत्सव मनाया. पिकनिक स्थलों में उमंग के कई रंग देखने को मिले. अच्छे अच्छे पकवान बन रहे थे, तो कहीं युवक-युवतियों की टोलियां गाने की धुन पर थिरक रहे थे. छोटे बच्चे अपने संग-साथियों के साथ खलने में मस्त थे. अगल अलग परिधानों में सभी मस्ती के रंग में रगे थे. नए साल को लेकर इन स्थलों में सैलानियों के लिए विशेष तैयारियां की गई थी. रांची के हुंडरु, जोन्हा, दशम जलप्रपात और पतरातू डैम में हजारों की संख्या में पर्यटक नए साल की खुशी मना रहे थे. धनबाद, जमशेदपुर, गिरिडीह, लातेहार से भी पिकनिक स्थलों पर भारी भीड़ जुटने की खबर है. साल के पहले दिन बड़ी संख्या में मंदिरों में भी लोगों ने दर्शन किए और पूज-अर्चना की. रांची के पहाड़ी मंदिर, जगन्नाथपुर मंदिर के बाहर भक्तों की लंबी कतार लगी थी. बुंडू के देवरी मंदिर में भी सैलानियों की भारी भीड़ देखने को मिली. बाबाधाम में भी बड़ी संख्या में लोगों ने पूजा-अर्चना कर भोले बाबा को जल चढ़ाया. शुभम संदेश की टीम ने विभिन्न जिलों में नए साल के पहले दिन हुए जश्न को कवर किया है. पेश है रिपोर्ट.

- पिकनिक स्थलों पर नए साल के उमंग -उत्साह में लोगों ने की मस्ती
- गीत-संगीत की धुन पर युवक-युवतियों की टोली थिरक रही थी
- झरने की खूबसूरती निहारते लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया लोगों ने
- मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, पूजा-अर्चना के लिए लगी लंबी कतार

## मौज-मस्ती, पूजा-अर्चना के बीच

# नए साल का आगाज



रांची

## पर्यटन स्थलों पर उमड़े सैलानी

नए साल में रांची जिले के पर्यटक स्थलों पर भारी संख्या में सैलानियों की भीड़ देखने को मिली. खासकर हुंडरु, जोन्हा और दशम जलप्रपात में काफी भीड़ भाड़ थी. राज्य के अलग-अलग हिस्से से लोग यहां पहुंचे थे. साथ ही प्रमुख मंदिरों में लंबी लंबी कतारें लगी थी. रांची के पहाड़ी मंदिर, जगन्नाथपुर मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटी थी. सड़कों पर आम दिनों की अपेक्षा गहमागहमी थोड़ी कम थी. बहुत से लोगों ने अपने घरों में ही साल का पहला दिन बिताया. मिटाई और मांस मछली की दुकानों में भी लोगों की भीड़ लगी थी.

जमशेदपुर



## जुबिली पार्क में रही लोगों की भीड़

जमशेदपुर की शान कहे जाने वाले जुबिली पार्क में नए साल के पहले दिन लोगों की काफी भीड़ देखी गई. लोग पूरा-पूरा दिन पार्क में मस्ती कर बिताते दिखे. थीम पार्क, हुडको डैम, डिमना लेक इन दिनों पिकनिक करने वालों से गुलजार दिख रही है. पिकनिक स्पॉट पर बैडमिंटन, क्रिकेट, शतरंज, लुडो, कैरम, प्लेइंग कार्ड खेले जा रहे थे. किसी तरह की अनहोनी को देखते हुए पिकनिक स्पाटों पर सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं. यहां शहर के अलावा पश्चिम बंगाल और ओडिशा से भी लोग पहुंचते हैं.

### निक्को पार्क बच्चों की पहली पसंद

जुबिली पार्क में स्थित निक्को पार्क बच्चों का पसंदीदा स्थल रहा. पार्क में दो दर्जन से ज्यादा झूले मिरर इमेज, पैडल बोट, मून रैकर, पैरोट शिप, ट्विस्ट एंड टर्न साइकिलिंग कार, वाटर पोस्टर, बुल राइड, बोरटिक्स राइड, मिनी टॉय ट्रेन, कैटर पिलर, मैरी गो राउंड व जीप राइड को मिलाकर दो दर्जन से ज्यादा झूले हैं. यहां बच्चों के साथ-साथ बड़े भी मस्ती करते दिखे.

### लोगों को लुभा रहा हुडको डैम

हुडको डैम भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता रहा है. डैम में सुंदरता के साथ यहां के मनमोहक दृश्य लोगों को पहली पसंद है. पहाड़ से टाटा मोटर्स कंपनी तथा लफार्ज कंपनी का मनोहर दृश्य दिखाई देता है. हुडकों पार्क में पहाड़ों से निकलने वाले झरने आकर्षण का केन्द्र है. हालांकि यहां लोग अपने घर से ही खाना लेकर आते दिखे क्योंकि यहां यहां पकवान पकाने की शख्त मनाही है.

### थीम पार्क बना आकर्षण का केंद्र

नए साल में टेल्को थीम पार्क लोगों को खूब भा रहा है. टेल्को के घोड़ाबांधा स्थित थीम पार्क में नए साल लोगों की भीड़ देखने को मिली. थीम पार्क झारखंड वन विभाग की देख-रेख में चल रहा है. पार्क में सटे जंगल लोगों को काफी भा रहे हैं. यहां पर लोग व्यंजन बनाकर गरम भोजन का आनंद लेते हैं. यहां शहर के साथ जादूगोड़ा, नरवा से लोग आए थे.

### डिमना में जुट रहे लोग



नए साल में डिमना लेक में भी लोगों की काफी भीड़ देखने को मिली. पहाड़ की तलहटी पर झील का दृश्य लोगों को काफी लुभाता है जिस कारण हर साल यहां हजारों की संख्या में सैलानी पहुंचते है और पिकनिक का आनंद लेते है. बच्चों के लिए छोटे-मोटे झूले भी लगाए जाते है. यहां लोग अपने परिवार के साथ मस्ती करते दिखे.

लातेहार



## तपा पहाड़ी पर सुबह से ही जुटने लगे थे लोग

नये साल का आगाज जिला वासियों ने पूजा पाठ और मौज व मस्ती के साथ किया. जिले विभिन्न मंदिरों में सुबह से लोगों की लंबी-लंबी कतार लग गयी थी. हालांकि सुबह चारों ओर घना कोहरा छाया था. लेकिन नौ बजते ही कोहरा छंट गया. इसके बाद युवकों की टोलियों को विभिन्न रमणीक स्थलों में पिकनिक करने जाते देखा गया. शहर के पूरब में स्थित तपा की पहाड़ी में सुबह के नौ बजते बजते लोगों का आना शुरू हो गया था. लोगों को पहाड़ी के नीचे पिकनिक मनाते देखा गया. कई स्थानों पर बड़े-बड़े साउंड बॉक्स के सामने युवकों को थिरकते देखा गया. पिकनिक के बाद लोगों ने तपा पहाड़ में पर्वतारोहण किया. पोचरा पंचायत के ततहा गरम जलस्त्रोत में भी लोगों को वनभोज का आनंद लेते देखा गया. लातेहार से युवकों की कई टोलियों को टोरी-लोहरदगा के बीच स्थित 27 नंबर पुल के नीचे पिकनिक मनाते देखा गया. इसके अलावा लोगों को ललमटिया, स्टेशन स्थित रिवर व्यू, औरंगा नदी व अन्य स्थानों पर पिकनिक करते देखा गया.

### नेतरहाट की वादियां इन दिनों पर्यटकों से है गुलजार



नेतरहाट की वादिंया इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है. नये साल का स्वागत करने के लिए काफी संख्या में झारखंड व बंगाल के पर्यटक यहां आये हैं. नेतरहाट के एक भी होटल या लॉज खाली नहीं हैं. लोगों को होटल प्रभात बिहार से सनराईज का दीदार करते देखा गया. वहीं मैग्लोनिया सनसेट प्वाईंट पर भी लोगों की अप्रत्याशित भीड़ थी. नेतरहाट के कोयल रिवर व्यू, नेतरहाट डैम समेत अन्य कई जगहों पर लोगों को नये साल का आनंद लेते देखा गया.

### बेतला नेशनल पार्क में स्कूली बच्चे भी पहुंचे



बेतला नेशनल पार्क में पहली जनवरी को काफी संख्या में सैलानियों को देखा गया. बता दें कि यहां इस वर्ष चार बाघों के देखे जाने की खबर के बाद यहां पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है. यहां पलामू, गढ़वा व लातेहार समेत झारखंड व बंगाल के टूरिस्टों को देखा गया. बेतला के बाजार में काफी भीड़ भाड़ देखी गयी.

### लोध फॉल में काफी संख्या में जुटे पर्यटक



महुआडांड़ के लोध फॉल में लोगों की प्रत्याशित भीड़ देखी गयी. झारखंड के सबसे उच्चे जलप्रपातों में शुमार लोध फॉल में झारखंड व बिहार के काफी संख्या में सैलानियों को देखा गया. लोगों ने लोध फॉल की नैसर्गिक खुबसूरती को देख कर मुक्त कंठ से इसकी प्रशंसा की. बंगाल के एक टूरिस्ट देबाशीष ने कहा कि लोध फॉल की खुबसूरती ने उन्हें अपना मुरीद बना लिया है वे हर साल यहां पहली जनवरी को आयेगें.

आदित्यपुर



## जेपी उद्यान में पहले से कम आये पर्यटक

नववर्ष पर आदित्यपुर के पिकनिक स्थल पर सैलानियों की भीड़ थोड़ी कम दिखी. यहां के पिकनिक स्थल पर इक्का दुक्का लोग ही पहुंचे थे. आदित्यपुर का मशहूर पिकनिक स्पॉट जेपी उद्यान जो हर वर्ष सैलानियों से भरा रहता था. पर इस बार खाली नजर आया. यही हाल सीतारामपुर डैम और गजिया बराज पिकनिक स्पॉट का भी रहा.

### अपेक्स ऑटो के कामगारों ने की पिकनिक में मस्ती




जेपी उद्यान में पिकनिक मनाने औद्योगिक क्षेत्र की कंपनी अपेक्स ऑटो के कामगार जुटे थे. सभी कामगार कंपनी के जीएम विश्वजीत दत्ता के नेतृत्व में यहां पहुंचे थे. जिसमें अकॉउंट मैनेजर राजेश मित्तल, अनंत बारीक, संतोष कुमार, गोपाल गिरी, अजय दुबे, योगेश पटेल आदि शामिल रहे. कामगारों ने पिकनिक के दौरान क्रिकेट खेल का आनंद लिया. इस पिकनिक में कंपनी के करीब 150 कामगार और आफिस स्टाफ मौजूद रहे. जनरल मैनेजर ने बताया कि वे लोग वर्ष 1996 से हर वर्ष नए साल पर कामगारों के साथ पिकनिक मनाते हैं जिसका मुख्य उद्देश्य कामगारों का मनोरंजन होता है. क्रिकेट के साथ लेमन रेस, म्यूजिकल चेयर का भी कामगारों ने आनंद लिया.

चाईबासा

## खरकई नदी तट पर पर्यटकों का तांता



2024 नये साल पर तांतनगर व मंझारी प्रखंड क्षेत्र के डैम, खरकई नदी तट जैसे जगहों पर पिकनिक मनाने वालों से गुलजार रहा है. खासकर तांतनगर प्रखंड क्षेत्र के खड़कई संगम नदी तट तथा मंझारी के तोरलो डैम पर्यटकों से पटा हुआ था. इन क्षेत्रों में काफी भीड़भाड़ थी. काफी दूर दराज से लोग पिकनिक मनाने के लिए आये थे. सैलानी डैम व नदी के प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया. आये लोगों ने यहां भोजन पकाया और मिल बैठ कर उसका आनंद उठाया. लोग विभिन्न ग्रुप बनाकर पिकनिक मनाने के लिए आये थे. वहीं डीजे की धून पर लोग खूब थिरके. सुरक्षा की दृष्टिकोण से तांतनगर ओपी पुलिस तथा मंझारी थाना पुलिस क्षेत्र की गशती करते रहे.

धनबाद



## सैलानियों से गुलजार रहा शहर का बिरसा मुंडा पार्क व अन्य स्थल

नववर्ष 2024 के पहले दिन जश्न को लेकर जिले के बिरसा मुंडा पार्क में अपने परिवार और ईस्ट मित्रों के साथ लगभग दस हजार लोग पहुंचे और मनोरम स्थल का लुत्फ उठाया. सैलानियों ने बिरसा मुंडा पार्क में भूल भुलैया, घुड़सवारी के साथ साथ रंग बिरंगे फूलों का भी आनंद लिया. वहीं बच्चों ने झूला, टॉय ट्रेन, चरखा, तारामाची आदि में खूब मस्ती की. कई अलग अलग ग्रुप के लोगों ने अपने परिवार के साथ वनभोज का भी आंनद लिया.युवाओं में सेल्फी की भी खूब खुमारी देखने को मिली. पार्क में भिड़ को देखते हुए जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे.

### लिलौरी मां के मंदिर और अमृत पार्क में उमड़ा लोगों का हुजूम

कोयलांचल के चर्चित व धार्मिक स्थल मां लिलौरी मंदिर, अमृत पार्क, वन क्षेत्र छहपुलवा डैम में रविवार को नए वर्ष के उपलक्ष पर पिकनिक मनाने हजारों संख्या में लोग पहुंचे. यहां पिकनिक का आनंद उठाने से पहले हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां लिलौरी के मंदिर में मत्था टेका और पूजा अर्चना की. सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं पहुंचने लगे थे.भक्ति में सराबोर श्रद्धालु जय मां लिलोरी का जयकारा लगा रहे थे. वहीं युवा वर्ग ने उत्साह के साथ नववर्ष का स्वागत किया. हालांकि अधिक ठंड मौसम के कारण लोग परेशान रहे.अधिक ठंड के बावजूद मां लिलौरी मंदिर के समीप बने अमृत पार्क में काफी संख्या में लोग पहुंचे . वहीं पार्क में लगे झूले सहित जानवरों की बनी तरह की आक्रितियों के साथ लोगों ने खूब तस्वीरें खींच कर तथा पार्क का अद्भुत नजारे का आनंद उठाया.



### मैथन डैम में लोगों ने लिया नौका विहार का आनंद



धनबाद जिले का मैथन डैम नए साल पर पर्यटकों से गुलजार रहा. एक जनवरी को हल्के कोहरे की बीच पिकनिक मनाने के लिए यहां रिकॉर्ड भीड़ जुटी. एक आकलन के अनुसार झारखंड- बंगाल दोनों साईड मिलाकर एक लाख से अधिक पर्यटक मैथन डैम पहुंचे और नववर्ष का जश्न मनाया. धनबाद सहित झारखंड के विभिन्न जिलों व पश्चिम बंगाल के दूरदराज से हजारों लोग परिवार के साथ डैम पहुंचे थे. सैलानी सर्द मौसम प्राकृतिक सुंदरता का मजा लेते नजर आए. डैम के विशाल जलाशय में जमकर नौका विहार का आनंद भी उठाया. नौका विहार करने वालों की भीड़ इतनी अधिक थी कि लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा. मिलेनियम पार्क, गोल्डन पार्क, हिरण पार्क, सुलेमान पार्क, फूलबगान, चम्मच पहाड़ आदि जगहों की प्राकृतिक सुंदरता से सभी अभिभूत दिखे. फूलों की सुंदरता और सजावट सैलानियों को खूब पसंद आई.

### मां कल्याणेश्वरी मंदिर में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

डैम पहुंचे सैलानियों ने साल 2024 में घर-परिवार की सुख-समृद्धि के लिए डैम के समीप स्थित मां कल्याणेश्वरी मंदिर में पहुंचकर मां की पूजा-अर्चना की. मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई. मंदिर के बाहर सड़क पर दूर तक भक्तों की कतार लगी रही. यह सिलसिला शाम तक चलता रहा.



बोकारो

## पिकनिक स्पॉट एवं मंदिरों में पूजा अर्चना को उमड़े लोग



नववर्ष का पहला दिन अहले सुबह से लेकर लगभग 10 बजे तक बोकारो के शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरा छाया रहा. इसके बावजूद बोकारो जिले के प्रमुख पिकनिक स्पॉट गरगा डैम, सिटी पार्क, नेहरू पार्क, बरवाघाट, तेनू डैम, रामलखन टुंगरी, मृग खोह, सेवाती घाटी, दुर्गा पहाड़ी समेत जिले के अन्य पिकनिक स्पॉट में जमकर भीड़ हुई. सुबह 10 बजे के बाद कोहरा छंटते ही अचानक भीड़ बढ़ गयी. इनमें से सबसे ज्यादा भीड़ गरगा डैम में दिखी. अनुमान के आधार पर गरगा डैम में 8 से 10 हजार, सिटी पार्क में पांच हजार, बरवाघाट में तीन से चार हजार एवं तेनू डैम में पांच से छह हजार की भीड़ पिकनिक के लिए जुटी. इस दौरान जगह जगह पिकनिक मनाने वालों का समूह डीजे एवं साउंड सिस्टम में भोजपुरी, खोरठा से लेकर बांग्ला गीतों की धुन पर थिरकते दिखे. इसके अलावा कसमार, जरीडीह, पेटरवर, चंदनकियारी समेत अन्य प्रखंड में भी नदियों के किनारे एवं पारंपरिक पिकनिक स्पॉट पर काफी भीड़ पिकनिक मनाने के लिए जुटी. इसके अलावा कुछ परिवार ऐसे भी थे जो नववर्ष में पिकनिक के साथ साथ मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भी जुटी. युवाओं की टोली जगह जगह मौज मस्ती में डूबी रही.

बेरमो

## नदी और डैम किनारे लोगों ने मनाया पिकनिक



बेरमो अनुमंडल के अलग अलग पिकनिक स्पॉट पर नए साल का जश्न में लोग डूबे रहे. कुछ परिवार के साथ तो कुछ दोस्तों के साथ नदी और डैम के किनारे नए साल का पहला दिन बिताया. सुबह से ही लोग इसकी तैयारी में जुटे रहे. दिन के दस ग्यारह बजे पिकनिक स्थल पर लोग जुटने लगे थे. कुछ तो घर से ही खाना बनाकर नदी किनारे पहुंचे और परिवार के साथ भोजन किया. हाल के दिनों में लकड़ी और कोयला से खाना बनाने का प्रचलन नहीं देखा जा रहा है. लोग गैस में ही खाना बनाते हैं. बेरमो के हथिया पत्थर, तेनुघाट डैम, कोनार डैम, आईईएल के इंटेक वेल, कोनार नदी और बोकारो नदी के किनारे पिकनिक मनाने वालों की जमघट रही. अनुमंडल के पुलिस और प्रशासन भी पिकनिक स्पॉट का जायजा लेते रहे. इसके साथ ही चौक चौराहे पर भी पुलिस मुस्तैद थी.

लोहरदगा

### फिल्मी धुनों पर जमकर थिरके युवा

हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बीच लोगों ने जश्न के साथ नव वर्ष 2024 का स्वागत किया गया. सुबह से ही इसके लिए नंदनी डैम, दक्षिणी कोयल नदी के तट पर स्थित भक्सो, सिठियो, कंडरा आदि पिकनिक स्पॉटों, नंदगांव, शंख नदी, बगड़ू हिल स्टेशन, अजय उद्यान आदि खूबसूरत स्थलों पर युवा, किशोर और बच्चे पिकनिक मनाने के लिए उमड़ पड़े. इस दौरान फिल्मी धुन पर लोगों ने खूब डांस किया. साथ ही प्राकृतिक स्थलों पर लोगों ने जमकर वनभोज का लुत्फ उठाया.



घाटशिला



## सैलानियों की भीड़ उमड़ी, लिया वनभोज का मजा

घाटशिला प्रखंड के विभिन्न पर्यटन क्षेत्र में वर्ष के प्रथम दिन सैलानियों की भीड़ सोमवार को उमड़ पड़ी. काफी संख्या में पश्चिम बंगाल तथा आस-पास के क्षेत्र से लोगों ने वर्ष 2024 का स्वागत हर्षोल्लास के साथ मनाने पहुंचे. बुरुडीह डैम में नौका विहार के साथ जगह-जगह युवाओं की टोली लजीज व्यंजन का स्वाद लिया. नव वर्ष के स्वागत में युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों ने भी फिल्मी गीत की धुन पर जगह-जगह थिरकते नजर आए. इसके अलावा मऊभंडार स्वर्णरेखा नदी किनारे, गालूडीह बराज डैम, धालभूमगढ़ पुराना एयरपोर्ट, राजबाड़ी सहित अन्य पिकनिक स्पॉट पर लोगों ने वनभोज का आनंद लिया. सुरक्षा की दृष्टि से सभी पिकनिक स्पॉट पर पुलिस बल तैनात किए गए थे.

किरीबुरु

## पिकनिक स्थलों पर कम नजर आई भीड़



नव वर्ष के पहले दिन सारंडा एवं किरीबुरु के आसपास के पिकनिक स्थलों पर पिकनिक मनाने वाले लोगों की भीड़ काफी कम देखी गई. प्राय: लोग आज अपने-अपने घरों में परिवार के साथ पिकनिक मनाते नजर आये. किरीबुरु स्थित वायरलेस मैदान में सिर्फ कुछ परिवार दो स्थानों पर परिवार व बच्चों के साथ पिकनिक मनाते नजर आये. इस दौरान दोनों स्थानों पर छोटे स्तर का साउंड सिस्टम लगाया गया था. लेकिन डांस व मस्ती प्रारम्भ नहीं हो पाया था. सभी लोग ना बनाने में व्यस्त थे. लोगों ने बताया की नव वर्ष का आगमन का स्वागत के लिए देर रात सोये एवं ठंड की वजह से सुबह लेट से उठे. सारी तैयारी कर यहां आने में विलम्ब हो गई.

गुमला



### पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार

गुमला जिला में लोगों ने नव वर्ष 2024 का स्वागत हर्षोल्लास के साथ किया. इस दौरान पिकनिक स्पॉट सैलानियों से गुलजार रहे. शहर की दुकानें बंद रही. गुमला के बिरसा मुंडा एग्रो पार्क और रॉक गार्डेन सहित जिला के प्रमुख पिकनिक स्पॉट बाघमुंडा, नागफेनी, पालकोट, गोबरसील्ली, हीरादह, वसा व लावा नदी संगम, पुराना शंख घाट में बड़ी संख्या में पर्यटक जुटे.

# वैश्विक चुनौतियां

नववर्ष का वैश्विक संकल्प सिर्फ इतना ही हो सकता है कि दुनिया युद्धों से मुक्त हो. बेगुनाह मासूमों को सत्ताधीशों और उनके आकाओं की लालच से बचाया जा सके. दुनिया सामाजिक लोकतंत्र की धुरी पर ही चले. इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि इस साल दुनिया के 76 देशों को लोकतंत्र की बड़ी परीक्षा से गुजरना है. इसमें भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश और अमेरिका भी शामिल है. गुजरे साल दुनिया ने लोकतांत्रिक चुनावों के माध्यम से 1930 के दशक के फासीवदियों और नाजीवादियों को सत्ता तक पहुंचते देखा है. दुनिया पश्चिम एशिया में बच्चों, महिलाओं, बीमारों और चिकित्सकों के मौत की गवाह रही है. दुनिया भर में मजदूरों, किसानों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के उन प्रतिरोधों को भी देखा गया है, जो इस साल की वैश्विक सियासत में बड़ा हस्तक्षेप कर सकते हैं. अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में बढ़ रही अराजकता की बेचैनी को महसूस किया गया है. इसके साथ ही दुनिया में अनुदारता, असहिष्णुता और पूंजी के एकाधिकार के बढ़ते प्रभाव को भी महसूस किया गया है. दुनिया एक ऐसे मुकाम पर खड़ी है, जिसमें अनेक देशों में सामाजिक - सांस्कृतिक प्रतिक्रांतियां अंगड़ाई ले रही हैं. अनेक लोकतांत्रिक देशों में सत्ता की अनुदारता के बढ़ते शिकंजे की कराह साफ-साफ सुनायी पड़ती रही है. नए साल का संकल्प लेते समय इन तथ्यों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. मानवता ने बड़ी कुर्बानियों से लोकतंत्र, समानता और बंधुत्व के उच्चतर मानवीय मूल्यों को हासिल किया है. तकनीक संचालित इस दुनिया में इन मूल्यों का क्षरण एक गंभीर बीमारी की तरह दरपेश है. दुनिया भर के आदिवासी बहुल देशों के समक्ष एक ओर जहां प्राकृतिक संसाधनों को बचाने का मुद्दा महत्वपूर्ण बना हुआ है, वहीं दुनिया भर में जलवायु को बचाने की लड़ाई तेज हो रही है. सर्वकालिक मूल्यों को बचाने की दिशा में दुनिया के श्रमिक समूहों को बड़ी कठिनाइयों के दौर से गुजरना पड़ रहा है. ऐसी दुनिया, जिसमें सर्वसत्तावाद एक बड़े खतरे के रूप में दस्तक दे रहा है, नया साल में केवल और केवल जनगण की बड़ी एकजुटता के सहारे ही मानवीयता को बचाया सकता है. एशिया, यूरोप, अरब, लातिनी अमेरिका और अफ्रीका में हर जगह युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं. यूक्रेन और रूस के बीच अभी तक कोई शांति की राह नहीं बन सकी है. इसी तरह फिलिस्तीन और इजराइल का युद्ध मानव इतिहास के सबसे भयावह अंधेरे की ओर बढ़ गया है. बेनुजुएला और गुयाना के बीच सेनाएं आमने सामने खड़ी हैं और अमेरिकी युद्धपोत आसपास मंडरा रहे हैं. माली, नाइजर सहित अफ्रीका के अनेक देशों में युद्ध के हालात बने हुए हैं. चीन और ताइवान के बीच के अंतरविरोधों को ले कर अमेरिका और यूरोप अपनी भौंहे ताने हुए है. अर्थ व्यवस्था के क्षेत्र में भी माहौल बहुत उम्मीदें नहीं पैदा कर रहा. जानकार तो मान रहे हैं पिछली सदी के तीसरे दशक की तरह के हालात 21 सदी में कभी भी दस्तक दे सकते हैं.

> मानवता ने बड़ी कुर्बानियों से लोकतंत्र, समानता और बंधुत्व के उच्चतर मानवीय मूल्यों को हासिल किया है. तकनीक संचालित इस दुनिया में इन मूल्यों का क्षरण एक गंभीर बीमारी की तरह दरपेश है.

## सुभाषित

**सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयान्नब्रूयात् सत्यमप्रियम्।**
**प्रियं च नानृतम् ब्रूयादेषः धर्मः सनातनः।।**

सत्य कहो, प्रिय कहो, किन्तु अप्रिय सत्य मत कहो. सभी को प्रिय लगने वाला सत्य ही कहो, उस सत्य को मत कहो, जो सर्वजन के लिए हानिप्रद है. इसी प्रकार से उस झूठ को भी मत कहो, जो सर्वजन को प्रिय हो, यही सनातन धर्म है.

# 'भारत न्याय यात्रा' राहुल की बड़ी चुनौती?

**कांग्रेस के सबसे बड़े चेहरों में से एक राहुल गांधी 14 जनवरी से भारत न्याय यात्रा पर निकलेंगे, जिसके जरिए पार्टी की रणनीति 14 राज्य, 355 लोकसभा सीटों को कवर करने की है. इन 355 में से 282 सीटें भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के पास है, जो बहुमत के लिए जरूरी 272 के जादुई आंकड़े से भी अधिक है. ऐसे में राहुल गांधी की सबसे बड़ी चुनौती क्या होगी?**



• देश-काल



बृजेंद्र दुबे

राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू होगी और 20 मार्च को महाराष्ट्र के मुंबई पहुंच कर संपन्न होगी. राहुल 67 दिन की इस यात्रा के दौरान 6200 किमी की दूरी तय करेंगे. कांग्रेस की रणनीति इस यात्रा के जरिए 14 राज्यों की 355 लोकसभा सीटों को कवर करने की है. मणिपुर टू मुंबई यह भारत न्याय यात्रा नगालैंड, असम, मेघालय, बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात भी जाएगी. भारत न्याय यात्रा का जो रूट कांग्रेस ने तैयार किया है, इसमें शामिल राज्यों में फिलहाल कांग्रेस की स्थिति बहुत खराब है. मणिपुर में 2, नगालैंड में 1, असम में 14, मेघालय में 2, बंगाल में 42, बिहार में 40, झारखंड में 14, ओडिशा में 21, छत्तीसगढ़ में 11, यूपी में 80, एमपी में 29, राजस्थान में 25, गुजरात में 26 और महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटें हैं. इन राज्यों में कांग्रेस की हालत पतली है. जिस मणिपुर से कांग्रेस की यात्रा शुरू होनी है, 2019 के चुनाव में वहां कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी थी. नगालैंड में भी पार्टी शून्य पर सिमट गई थी, तो वहीं असम की 14 में से कांग्रेस को तीन सीटों पर जीत मिली थी. कांग्रेस मेघालय में एक सीट जीतने में सफल रही थी. कांग्रेस बंगाल और छत्तीसगढ़ में दो-दो, ओडिशा- बिहार- झारखंड- मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के साथ ही महाराष्ट्र में पार्टी एक-एक सीटें ही जीत सकी थी. राजस्थान और गुजरात में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुल सका था. इन 14 राज्यों की 355 सीटों में से कांग्रेस 2019 के चुनाव में मात्र 14 सीटों पर सिमट गई थी. इसके उलट केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा के पास इन राज्यों की 237 सीटें हैं. एनडीए को भी ले लें, तो एनडीए की सीटों का आंकड़ा 282 पहुंच जाता है, जो बहुमत के लिए जरूरी 272 सीटों के जादुई आंकड़े से भी ज्यादा है. इन राज्यों में कांग्रेस की खोई सियासी जमीन वापस पाने और सीटें बढ़ाने की चुनौती राहुल गांधी के सामने होगी. माना जा रहा है कि राहुल का फोकस पीएम मोदी और हिंदुत्व की काट तलाशने पर राहुल गांधी का फोकस होगा.

कांग्रेस के लिए यूपी और बिहार जैसे राज्यों में मंडल बनाम कमंडल यानी राममंदिर की लहर की काट तलाशने के लिए चुनौती होगी. भारत न्याय यात्रा नाम को इस बात का इशारा माना जा रहा है कि कांग्रेस का जोर जातीय, खासकर ओबीसी पॉलिटिक्स को धार देने की रणनीति पर होगा. जातीय जनगणना की मांग संसद से लेकर राज्यों के चुनाव तक, हर संभावित मंच पर कांग्रेस उठाती रही है. पूर्वोत्तर से उत्तर तक भाजपा ने केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का एक नया वोट बैंक खड़ा किया है. इस वर्ग के मतदाताओं को अपने पाले में कैसे लाया जाए, किस तरह के वादे किए जाएं, कांग्रेस के सामने हिंदुत्व की काट तलाशने के साथ यह चुनौती भी होगी. 80 लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश की बात करें तो पीएम मोदी के साथ ही सीएम योगी की लोकप्रियता से पार पाना भी कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती होगा. असम समेत पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में भी बांग्लादेशी घुसपैठियों का मसला मुद्दा बनता रहा है. बिहार में नीतीश सरकार की जातिगत जनगणना को इंडिया गठबंधन के दल बड़ी उपलब्धि के रूप में जनता के बीच लेकर जा रहे हैं, तो वहीं यूपी में 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है. यानी हिंदी बेल्ट में जातीय सियासत के साथ ही राम मंदिर भी एक बड़ा मुद्दा रहेगा, ये तय माना जा रहा है. कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के अन्य दलों का जोर महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दों पर भी है.

भाजपा ने तीन राज्यों की सरकार के जरिए जातीय समीकरणों का जो गुणा-गणित सेट किया है, उस नई सोशल इंजीनियरिंग की काट भी कांग्रेस के लिए चुनौतीपूर्ण होगा. भाजपा ने एमपी में सरकार की कमान मोहन यादव को सौंप कर यूपी और बिहार के यादव वोटरों को भी एक संदेश दे दिया है तो वहीं भजनलाल शर्मा को सीएम बनाकर ब्राह्मणों और विष्णुदेव साय के जरिए आदिवासियों को. ऐसे में कांग्रेस के लिए चुनौती और भी कड़ी मानी जा रही है. जातीय राजनीति के जाल में उलझी यूपी और बिहार की सियासत में यादव, कुर्मी, राजभर, जाट के साथ ही जाटव और नॉन जाटव दलित अहम भूमिका निभाते हैं.

राहुल गांधी ने पिछले साल कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी. 7 सितंबर 2022 को दक्षिण भारत के कन्याकुमारी से शुरू हुई यह यात्रा 30 जनवरी को श्रीनगर पहुंच कर संपन्न हुई थी. 130 दिन लंबी इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने 12 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेश कवर किए थे. इस यात्रा से राहुल गांधी की लोकप्रियता का ग्राफ चढ़ा ही, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे राज्यों में कांग्रेस सत्ता पाने में भी सफल रही तो इसके लिए भारत जोड़ो यात्रा को ही श्रेय दिया गया. भारत जोड़ो यात्रा के बाद सर्वे रिपोर्ट्स के मुताबिक राहुल गांधी की लोकप्रियता में भी उछाल आया था. दक्षिण से उत्तर की यात्रा के बाद अब राहुल पूर्वोत्तर से पश्चिम की यात्रा पर निकलने को तैयार हैं. ऐसे में देखना होगा कि चुनावी साल में शुरू होने जा रही राहुल गांधी की यह यात्रा पीएम मोदी की लोकप्रियता और हिंदुत्व की काट कर भाजपा के स्ट्रांग होल्ड वाले बेल्ट में कांग्रेस को खोई सियासी जमीन वापस दिलाने में कितना सफल हो पाती है?

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## परिमार्जन ऋजुता

किसी समय वाणिज्य नामक शहर में आनंद नामक व्यापारी रहता था. वह अपार धन संपदा का स्वामी था तथा राजा भी उसका सम्मान करता था. एक बार उस शहर में भगवान महावीर स्वामी पधारे. आनंद भी उनके प्रवचन को सुनने पहुंचा. भगवान के प्रवचन को सुनकर उसने श्रावक धर्म स्वीकार कर लिया. चौदह वर्ष तक श्रावक धर्म का पालन करने के पश्चात, उसने सारे सांसारिक कार्यों से विरक्त होने का निश्चय किया. उसने अपने पुत्रों को अपने व्यापार तथा परिवार की ज़िम्मेदारी सुपुर्द करते हुए कहा, ₹अब उसके धर्मध्यान में किसी तरह का व्यवधान न डाला जाए.₹ इस प्रकार वह अपना शेष जीवन धर्मध्यान में व्यतीत करने लगा. धर्म का आचरण करते हुए उसे 'अवधिज्ञान' की प्राप्ति हो गई. कुछ समय पश्चात् वहां, भगवान महावीर का पुनः पधारना हुआ. जब उनके शिष्य गौतम स्वामी गोचरी के लिए शहर में भ्रमण कर रहे थे, उन्होंने आनंद के गिरते हुए स्वास्थ्य एवं उसके 'अवधिज्ञान' प्राप्ति के बारे में सुना तो उनसे मिलने का निश्चय किया. स्वयं गौतम स्वामी को अपने घर आया देख आनंद बड़ा प्रसन्न हुआ. उन्होंने विवशता में बिस्तर पर लेटे लेटे ही गौतमस्वामी का वंदन किया. चर्चा के मध्य आनंद ने अपने अवधिज्ञान उपार्जन के बारे में गौतम स्वामी को बताते हुए कहा कि वह बारहवें देवलोक तक देख सकता है. अवधिज्ञान का विस्तार जान गौतमस्वामी को संशय हुआ. गौतम स्वामी बोले, गृहस्थ को अवधिज्ञान होना तो संभव है, किन्तु वह इतनी दूर तक नहीं देख सकता. तुम्हारा यह कहना असत्य संभाषण है. तुम्हें सत्य व्रत को खण्डित करने के लिए, अर्थात् असत्य बोलने के लिए प्रायश्चित कर लेना चाहिए. यह सुनकर आनंद अचम्भित हो गए, वे जानते थे, वे सत्य बोल रहे हैं. उन्होंने भगवान महावीर के प्रधान गणधर गौतम स्वामी से निवेदन किया, "हे भगवन ! क्या सत्य बोलने पर भी प्रायश्चित किया जाना आवश्यक है?" यह सुनते ही गौतम स्वामी त्वरित सचेत हुए. अपना संदेह दूर करने के लिए वे प्रभु महावीर स्वामी के समीप पहुंचे और अपने व आनंद के सम्वाद का वृत्तांत कह सुनाया. तब महावीर स्वामी बोले, ₹गौतम!! आनंद सत्य कह रहा है.

# बुध और शुक्र ग्रह पर मिल सकता है जीवन

• विज्ञान

मुकुल व्यास

पारलौकिक जीवन की खोज कर रहे वैज्ञानिकों का ध्यान अब बुध और शुक्र की तरफ गया है. उन्होंने बुध के उत्तरी ध्रुव के पास लवणयुक्त ग्लेशियरों की खोज की है, जिससे यह संभावना बढ़ गई है कि सूर्य का निकटतम ग्रह जीवन की मेजबानी करने में सक्षम हो सकता है. दूसरी तरफ, वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में पाया गया है कि शुक्र पर कभी टेक्टोनिक प्लेट में वैसी ही हलचल हुई होगी जैसी प्रारंभिक पृथ्वी पर हुई थी. यह खोज शुक्र पर प्रारंभिक जीवन की संभावना की तरफ इशारा करती है. बुध सौरमंडल का सबसे छोटा ग्रह है. इस ग्रह के लवणीय ग्लेशियरों में जीवन के चरम रूपों के लिए सही परिस्थितियां हो सकती हैं. दरअसल, नए निष्कर्ष नासा के मैसेंजर रोबोटिक यान द्वारा किए गए पिछले अवलोकनों पर आधारित हैं. मैसेंजर ने 2011 और 2015 के बीच बुध की रासायनिक संरचना, चुंबकीय क्षेत्र और भौगोलिक विशेषताओं का अध्ययन किया था. नई खोज का ब्योरा द प्लैनेटरी साइंस पत्रिका में दिया गया है. एरिज़ोना स्थित ग्रह-विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिक और अध्ययन के प्रमुख लेखक एलेक्सिस रोड्रिग्ज ने कहा, हाल के एक शोध से पता चला था कि प्लूटो में नाइट्रोजन के ग्लेशियर हैं. नई खोज इसी शोध का विस्तार है. इन शोधों के नतीजों से स्पष्ट है कि हमारे सौरमंडल के सबसे गर्म से लेकर सबसे ठंडे क्षेत्रों तक ग्लेशियर पाए जाते हैं. बुध के रेडिटलाडी और एमिनेस्कु क्रेटर में पाए जाने वाले ये ग्लेशियर पृथ्वी जैसे हिमखंडों की तरह नहीं हैं. इसके बजाय, वे लवण के प्रवाह हैं जो बुध की सतह के नीचे वाष्पशील यौगिकों को जकड़े हुए हैं. भूविज्ञान की दृष्टि से वाष्पशील पदार्थ वे रसायन हैं, जो किसी ग्रह पर आसानी से वाष्पित हो जाते हैं, जैसे पानी, कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन. क्षुद्रग्रहों के प्रहारों ने बुध के विचित्र लवण खंडों को उजागर किया है. इस प्रक्रिया में सतह के नीचे फंसा हुआ पदार्थ भी उजागर हो गया. यही वजह है कि विज्ञानियों ने इन्हें क्रेटरों में खोजा. सूर्य से निकटता के कारण बुध पर ग्लेशियरों का पाया जाना सचमुच आश्चर्यजनक है. यह ग्रह पृथ्वी की तुलना में सूरज से 2.5 गुना अधिक निकट है. उस छोटी सी दूरी पर चीजें बहुत अधिक गर्म होती हैं. अध्ययन के सह-लेखक ब्रायन ट्रैविस के अनुसार लवण के ये प्रवाह एक अरब वर्षों से अधिक तक अपने वाष्पशील पदार्थों को संरक्षित कर सकते हैं. हालांकि बुध का लवण भंडार विशिष्ट हिमखंडों या आर्कटिक ग्लेशियरों के अनुरूप नहीं है, पृथ्वी पर भी लवणीय वातावरण मौजूद है. इसलिए भूविज्ञानियों को इस बात का अच्छा अंदाजा है कि ये किस तरह के वातावरण हैं और क्या वहां जीवन उभर सकता है. रोड्रिग्ज ने कहा, पृथ्वी पर विशिष्ट लवण यौगिक कुछ सबसे कठोर वातावरणों में भी रहने योग्य स्थान बनाते हैं. चिली में अटाकामा का शुष्क रेगिस्तान इसका उदाहरण है. सोच की यह दिशा हमें बुध पर सतह के नीचे के क्षेत्रों पर विचार करने के लिए प्रेरित करती है. ये क्षेत्र ग्रह की कठोर सतह की तुलना में अधिक अनुकूल हो सकते हैं.सौरमंडल में हमारा सबसे करीबी पड़ोसी शुक्र ग्रह एक झुलसा देने वाली बंजर भूमि है. पृथ्वी की तरह शुक्र की आयु करीब 4.5 अरब वर्ष है. उसका आकार और द्रव्यमान भी लगभग पृथ्वी के बराबर है. शायद इसी वजह से उसे पृथ्वी का जुड़वां ग्रह भी कहा जाता है. नेचर एस्ट्रोनॉमी पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में ब्राउन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं और अन्य वैज्ञानिकों की एक टीम ने शुक्र ग्रह के वायुमंडलीय डेटा और कंप्यूटर मॉडलिंग का उपयोग करके यह दर्शाया है कि ग्रह के वर्तमान वायुमंडल की संरचना और सतह का दबाव केवल प्लेट टेक्टोनिक्स के प्रारंभिक रूप के परिणामस्वरूप ही संभव हो पाए होंगे. प्लेट टेक्टोनिक्स जीवन के लिए महत्वपूर्ण प्रक्रिया है. दरअसल, प्लेट टेक्टोनिक्स सिद्धांत के अनुसार पृथ्वी की ऊपरी परत (लिथोस्फीयर) कई बड़े शिलाखंडों अथवा प्लेटों में विभाजित है जो पृथ्वी के नरम मध्य भाग (कोर) के ऊपर चट्टानी आंतरिक परत (मेंटल) पर सरकती हैं. शोध पत्र से पता चलता है कि यह प्रारंभिक टेक्टॉनिक हलचल पृथ्वी की तरह प्लेटों के हिलने की संख्या और उनके खिसकने की मात्रा के संदर्भ में सीमित रही होगी. यह पृथ्वी और शुक्र पर भी एक साथ घटित हो रहा होगा. अध्ययन के प्रमुख लेखक मैट वेलर ने कहा कि इस शोध से बड़ी तस्वीर यह उभरती है कि सौरमंडल में एक ही समय में प्लेट टेक्टोनिक के अंतर्गत संचालित होने वाले दो ग्रह थे.

> भूविज्ञान की दृष्टि से वाष्पशील पदार्थ वे रसायन हैं, जो किसी ग्रह पर आसानी से वाष्पित हो जाते हैं, जैसे पानी, कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन. क्षुद्रग्रहों के प्रहारों ने बुध के विचित्र लवण खंडों को उजागर किया है. इस प्रक्रिया में सतह के नीचे फंसा हुआ पदार्थ भी उजागर हो गया. यही वजह है कि विज्ञानियों ने इन्हें क्रेटरों में खोजा.

# नया वायरस बड़ा खतरा नहीं पर सतर्कता जरूरी

• सेहत

ज्ञानेन्द्र रावत

देश में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया के देशों से निगरानी बढ़ाने का आग्रह किया है. संगठन ने दुनिया के देशों को चेताया है कि कोरोना का उप-स्वरूप जे एन-1 तेजी से उभर रहा है और इसमें उतनी ही तेजी से बदलाव हो रहे हैं. इसलिए सभी देश इस बाबत जानकारी लगातार आपस में साझा करते रहें. देश में अब तक पिछली कई लहरों में मिलाकर कोरोना से 5,33,332 से भी ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है. तकरीब साढ़े चार करोड़ से भी ज्यादा लोग कोरोना से प्रभावित हुए हैं. सबसे ज्यादा चिंता तो कोरोना के सब वैरिएंट जे एन-1 की है, जिसकी चपेट में आने वालों की तादाद तेजी से बढ़ती जा रही है. स्वास्थ्य मंत्रालय की मानें तो देश में साल के अंत में उत्तर भारत की तुलना में कोरोना के मरीजों की तादाद में दक्षिण भारत में ज्यादा बढ़ोतरी सामने आ रही है. कोरोना का यह नया वैरियंट कई देशों में संक्रमण वृद्धि का कारण बन रहा है. आशंका है कि यह नया वैरियंट पिछले वैरियंट के मुकाबले ज्यादा संक्रामक हो सकता है. सबसे खराब हालत तो रूस की है, उसके बाद नम्बर सिंगापुर और फिर इटली का है. वह बात दीगर है कि दिल्ली स्थित आयुर्विज्ञान संस्थान के डाक्टरों का दावा है कि इससे लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है. कोरोना के ऐसे वैरिएंट और लहरें तो आगे भी आयेंगी. लेकिन धीरे-धीरे रुग्णता और इससे होने वाली मृत्यु दर में कमी आती जायेगी. इसलिए सतर्क रहने की जरूरत है. यह भी सत्य है कि डेल्टा जैसा खतरनाक वायरस नहीं आयेगा. लेकिन एक हकीकत यह भी है कि कोरोना के वायरस मानव शरीर में मजबूती से जीवित रहने या अपना स्वरूप बदलने की कोशिश जरूर करेंगे. ऐसे हालात में जिन लोगों की जीवनशैली बेहतर होगी, उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता अच्छी होगी. नया शोध तो यह भी दावा कर रहा है कि देश में लगभग 93 फीसदी लोगों में कोरोना से लड़ने वाली एंटीबाडी मिली है. संभावना व्यक्त की जा रही है कि यह नया वायरस ओमिक्रान वायरस से मिलता-जुलता है. हकीकत यह है कि कोरोना का नया वैरियंट जेएन-1 ओमिक्रान सबवैरियंट बीए 2.86 का वंशज है. यह वैरियंट सितम्बर महीने में अमेरिका में सामने आया था. दिसम्बर महीने के आखिरी हफ्ते में तकरीबन 50 फीसदी से अधिक मरीज वहां के अस्पतालों में भर्ती हुए हैं. रायटर्स की मानें तो 15 दिसम्बर को चीन में इस वैरियंट के सात मामले सामने आये थे. सीडीसी के अनुसार भले ही वैरियंट के नाम अलग-अलग दिखते हों, लेकिन स्पाइक प्रोटीन में जेएन-1 और बीए 2.86 के बीच केवल एक ही बदलाव है. इसीलिए केन्द्र सरकार ने समय रहते सतर्कता बरतने और राज्य सरकारों को तत्काल नमूने इकट्ठे करने के निर्देश दे दिए हैं. देश में सबसे पहले कोरोना ने केरल में ही अपने पैर पसारे थे. वह मौसम भी सर्दियों का ही था. इसलिए मौसमी बदलावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. उस हालत में जबकि इन दिनों मौसमी अनियमितताएं काफी असर दिखा रही हैं. ऐसे माहौल में यह मौसमी बदलाव बीमारियों की जड़ हैं, जो इनकी बढ़ोतरी का अहम कारण है. फिर दक्षिणी राज्यों खासकर तमिलनाडु में पिछले दिनों हुई भीषण बारिश ने अपना रौद्र रूप दिखाया है, जिसके चलते राहत एवं बचाव के लिए सेना भी बुलानी पड़ी थी. ऐसी स्थिति में कोरोना के साथ-साथ महामारी का अंदेशा और बढ़ जाता है. हृदय रोगियों को ऐसे हालात से बचाव बेहद जरूरी है. नेशनल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कोविड टास्क फोर्स के सह-अध्यक्ष राजीव जयदेवन के अनुसार सात महीने के अंतराल के बाद भारत में कोविड के मामले बढ़ रहे हैं. जेएन-1 तेजी से फैलने वाला वैरियंट है और यह बाकी वैरियंट्स के संस्करणों से काफी अलग है. कहने को तो इसके लक्षणों में बुखार, नाक बहना, गले में खराश, सिरदर्द और पेट से जुड़ी परेशानी अहम हैं. इसके अधिकांश रोगियों में हल्की सांस सम्बंधी दिक्कतों का अनुभव होता है, जो आमतौर पर चार से पांच दिनों में ठीक हो जाता है. डब्ल्यूएचओ ने इसे वैरियंट आफ इंटरेस्ट नाम दिया है और कहा है कि इससे वैश्विक स्वास्थ्य के लिए कोई बड़ा खतरा नहीं है. नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पाल की मानें तो इस वैरियंट से कोरोना के टीके लगवा चुके लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है. भले डब्ल्यूएचओ इसे वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिहाज से कम घातक करार दे, लेकिन उत्तरी गोलार्द्ध में सर्दियों की शुरुआत के साथ ही इसकी वजह से सांस सम्बंधी समस्याओं में इजाफा होने से खतरा बढ़ रहा है.

> नया शोध तो यह भी दावा कर रहा है कि देश में लगभग 93 फीसदी लोगों में कोरोना से लड़ने वाली एंटीबाडी मिली है. संभावना व्यक्त की जा रही है कि यह नया वायरस ओमिक्रान वायरस से मिलता-जुलता है. हकीकत यह है कि कोरोना का नया वैरियंट जेएन-1 ओमिक्रान सबवैरियंट बीए 2.86 का वंशज है.

## मीडिया में अन्यत्र

# 2025 तक ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाएं सबसे आगे




पिछले सप्ताहांत की चौथाई सदी वाली बात पर आगे बढ़ते हुए लंबी अवधि के लिए जताए गए उन पूर्वानुमानों पर नजर डालना सही रहेगा, जिनकी बात इस शताब्दी की शुरुआत में दुनिया कर रही थी. गोल्डमैन सैक्स की विख्यात (कुछ लोग इसे कुख्यात भी कहेंगे) भविष्यवाणी थी कि चार उभरती ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाएं (ब्राजील, रूस, भारत और चीन) बढ़ते-बढ़ते उन छह अर्थव्यवस्थाओं – अमेरिका, जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस और इटली (जी-6) से आगे निकल जाएंगी, जो उस समय दुनिया में सबसे बड़ी थीं. वह भविष्यवाणी एक हद तक सही साबित हुई है.गोल्डमैन ने कहा था कि जी-6 अर्थव्यवस्थाओं के सातवें हिस्से से भी छोटी ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाएं वृहद स्तर पर बढ़ते हुए 2025 तक उनके आधे आकार की हो जाएंगी. हैरत की बात है कि ब्रिक्स ने यह उपलब्धि पूरे एक दशक पहले यानी 2015 में ही हासिल कर ली. लेकिन उसके बाद से उनकी रफ्तार धीमी पड़ी है.2025 तक ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाएं जी-6 के कुल आकार की 60 फीसदी तक पहुंच सकती हैं. माना जा रहा था कि मुद्रा का मूल्य बढ़ने से ब्रिक्स के आकार में काफी बढ़ोतरी होगी मगर ऐसा नहीं हुआ है. फिर भी ब्रिक्स समूह ने कुल मिलाकर उस भविष्यवाणी से ज्यादा हासिल कर लिया है.इसकी बड़ी वजह चीन का दमदार प्रदर्शन रहा मगर ब्राजील और रूस ने बुरी तरह निराश किया. रूस को इस समय तक इटली से आगे निकलकर फ्रांस की बराबरी कर लेना था. मगर वह अब भी इन दोनों से छोटा है और ब्राजील का भी यही हाल है. इनमें भारत भविष्यवाणी के सबसे करीब पहुंचा है. इसकी अर्थव्यवस्था 2000 में जी-6 अर्थव्यवस्थाओं के कुल आकार की 2.4 फीसदी थी.पूर्वानुमान के मुताबिक 2023 तक इसे तीन गुना से ज्यादा होते हुए 8.5 फीसदी तक पहुंचना था. भारतीय अर्थव्यवस्था वास्तव में जी-6 की 8.4 फीसदी हो गई है. ज्यादातर लोग अब मानने लगे हैं कि चौथाई सदी ब्रिक्स की कम और भारत-चीन की ज्यादा रही. दिलचस्प है कि भारत की वृद्धि दर 2025 तक चीन की दर से आगे निकलने और उसके बाद और भी आगे जाने की बात कही गई थी, जो बाकी भविष्यवाणियों की तुलना में ज्यादा सटीक निकली.गोल्डमैन ने चार कारकों को ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाओं के प्रदर्शन की बुनियाद बताया थाः वृहद आर्थिक स्थिरता, पूरी दुनिया को व्यापार और निवेश के मौके देना, मजबूत संस्थाएं और अच्छी शिक्षा. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### भजन/भाजन/भोजन

**भजन** बिना चैन न आवे राम. यह कव्वालीनुमा भजन सन 1975 में आयी फिल्म रफूचक्कर में सुना गया था. इसे गुलशन बावरा ने लिखा था और कल्याण जी आनंद जी के संगीतनिर्देशन में मशहूर कव्वाल अजीज नाजा और कंचन ने गाया था. उस जमाने में यह ऐसा सुपरहिट हुआ कि यह मदिरों में गूंजने लगा. यही नहीं यज्ञ मंडपों में प्रवचन करनेवाले कथावाचक भी इसे भजन के रूप में गाने लगे. यह भजन क्या है, जिसके बिना किसी भक्त हृदय को चैन आना संभव नहीं है? हिंदी शब्दसागर के अनुसार भजन संस्कृत मूल का तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका अर्थ है भाग, खंड, विभाजन, सेवा, पूजा, स्वत्व, अधिकार, बार-बार किसी पूज्य या देवता आदि का नाम लेना, स्मरण, जय, वह गीत,जिसमें ईश्वर अथवा किसी देवता आदि के गुणों का कीर्तन हो. भजन जब सकर्मक क्रिया रूप में हो तो इसका अर्थ है सेवा करना, आश्रय लेना, देवता आदि का स्मरण करना, जपना, जीतना, लेकिन यही भजना जब अकर्मक क्रिया के रूप में हो तो इसका अर्थ हो जाता है भागना, पहुंचना. भजन तो वे ही लोग करते हैं, जो आस्तिक होते हैं. जिनके पास आस्था की मात्रा कम होती है-वे तो यही कहते हैं-भूखों भजन न होहिं गोपाला, लेहू आपन कंठी माला. भोजन के बिना शरीर का पोषण संभव नहीं होगा और दुर्बल शरीर कितनी भक्ति कर पायेगी? फिर भी गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है-राम नाम में आलसी भोजन में होशियार, तुलसी ऐसे पतित को बार-बार धिक्कार. भोजन तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका शाब्दिक अर्थ है पेट भरने के लिए खाया जानेवाला पदार्थ, खाना, आहार, भक्षण करने या खाने की क्रिया. अक्सर लोग भोजन के साथ भाजन शब्द भी जोड़ देते हैं. हालांकि भाजन का भोजन से कोई आर्थिक संबंध नहीं है. भाजन का मतलब है योग्य. जैसे मैं आपका स्नेह भाजन हूं. भाजन का मतलब विभाग करने या बांटने की क्रिया, उपयुक्त आधार, भांड़ा या बरतन भी होता है.

# सड़कों पर शोध कर बने सड़क छाप

• तीर-तुक्का

कुबेर



भारत के योगियों और सड़कों के अन्तर्संबंधों पर शोध करनेवाले मेरे एक सड़कछाप शोधार्थी मित्र हैं. (मित्र असाधारण हैं, परन्तु सड़कों पर शोधकार्य में जब से वे प्रवृत्त हुए हैं, उन्होंने अपना उपनाम सड़कछाप रख लिया है.) अपने शोधकार्य का महत्व समझाते हुए एक दिन मुझे उन्होंने ये बातें बतलाईं थी- एक अतिप्रभावशाली और सभ्रांत व्यक्ति था. वह आपने एक मातहत को बुरी तरह झिड़क रहा था. कह रहा था - "सड़क निर्माण के पवित्र कार्य में लगे हो और राष्ट्रनिर्माण और चरित्र-निर्माण की बातें करते हो? इसी से सड़कें बनेंगी? हम सड़क निर्माता हैं. हमने केवल सड़क निर्माण का ठेका लिया है; राष्ट्रनिर्माण और चरित्र-निर्माण का नहीं. केवल सड़कें बनायेंगे, सड़कें ही बिछायेंगे, सड़कें ही ओढ़ेंगे और सड़कें ही खायेंगे. यह अलग बात है कि भविष्य में जब कभी भी राष्ट्रनिर्माण का टेण्डर निकलेगा तो वह हमारे ही खाते में आयेगा. चरित्र-निर्माण का टेण्डर निकला तो वह भी हमी को मिलेगा. तब हम वह भी कर लेंगे. अभी मुफ्त में इसे काहे बांटते फिरते हो. सब्र नहीं कर सकते? अभी से राष्ट्रनिर्माण और चरित्र-निर्माण का काम करके हमें कितना नुकसान होगा, जानते हो? और फिर राष्ट्र और चरित्र बनाकर क्या उखाड़ लोगे. खूब बना लिये राष्ट्र. खूब बना लिये चरित्र. जाओ! अभी सड़कें बनाओ, राष्ट्र और चरित्र बनते रहेंगे." उस अतिप्रभावशाली और सभ्रांत व्यक्ति की इन बातों से मैं बड़ा प्रभावित हुआ. कारण साफ है - बातें बिलकुल मौलिक हैं. इसमें सत्य और ईमान की झलक है. विचारों में नवीनता है. ऐसी बातें मैंने पहले कभी नहीं सुनी थी. कहीं पढ़ा भी नहीं था. जाहिर है, ऐसी बातें करनेवाला पहुँचा हुआ कोई योगी अथवा ज्ञानी ही होगा. इन्हीं चीजों ने मुझे सड़कों और सड़कों के बारे में चिंतन करनेवाले योगियों पर अनुसंधान करने के लिए प्रेरित किया. इसीलिए मेरे शोध में दी जा रही सामग्रियों का सीधा संबंध सड़कों के निर्माण से है, न राष्ट्र निर्माण से और न ही चरित्र निर्माण से. रही बात राष्ट्र निर्माण और चरित्र निर्माण की - ये विषय 'आऊट आफ फैशन' हैं. इन पर बातें करके मैं आपको और आपके अमूल्य समय को नष्ट करना नहीं चाहूँगा. किसी को भी बोर करना या कष्ट देना नहीं चाहूँगा. राज की एक बात कहता हूँ - शोध कार्य जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, एक नया तथ्य सामने आ रहा है. सड़क निर्माण के साथ-साथ राष्ट्रनिर्माण और चरित्र-निर्माण का काम भी होता रहता है, एकदम आधुनिक शैली में. यह आम तरह के राष्ट्रनिर्माण और चरित्र-निर्माण से बिलकुल अलग तरह का होता है, एकदम विशिष्ट.

# 4 जनवरी को लॉन्च होगा यह धाकड़ फोन

**नए साल में फोन खरीदने की चाहत रखने वाले के लिए एक बेहतर विकल्प है. चीनी स्मार्टफोन निर्माता शाओमी 4 जनवरी को अपना पहला ग्लोबल लॉन्च इवेंट आयोजित कर रहा है. इस इवेंट में कंपनी अपनी रेडमी नोट 13 सीरीज को लॉन्च करेगी. हाल ही में, कंपनी ने धीरे-धीरे उन डिवाइसों का खुलासा करना शुरू कर दिया है जो इवेंट में लॉन्च किए जाएंगे. कंपनी रेडमी नोट 13 प्रो प्लस फाइव जी और रेडमी नोट 13 प्रो 5जी के साथ रेडमी नोट 13 5जी को भी लॉन्च करेगा. आइए, लीक्स के आधार पर इसके फीचर्स की करें बात...**



### डिस्प्ले

6.67 इंच 1.5 के ओएलईडी डिस्प्ले होगा जो 120 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट के साथ आएगा. इसमें 1,800 नीट्स की पीक ब्राइटनेस मिलेगी. इसका डिस्प्ले कर्व्ड डिजाइन में आएगा. साथ ही डिस्प्ले कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस को सपोर्ट करेगा.

### दमदार बैटरी, स्टोरेज

रेडमी नोट 13 प्रो प्लस में मीडियाटेक डाइमेंशन 7200 अल्ट्रा प्रोसेसर सपोर्ट दिया जाएगा. फोन 16जीबी रैम और 512 जीबी स्टोरेज के साथ आएगा. फोन में 120 वाट फास्ट वायर्ड चार्जिंग के साथ 5000 मेगाहर्ट्ज की बैटरी दी जाएगी. फोन आईपी 68 रेटिंग के साथ आएगा. जिसका अर्थ है कि यह धूल और पानी के प्रति कुछ हद तक प्रतिरोधी है. फोन में एक साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर है. रेडमी नोट 13 प्रो और प्रो प्लस में ड्यूल स्पीकर दिया जाएगा जबकि नोट 13 में मोनो स्पीकर है.

### ट्रिपल कैमरा

रेडमी नोट 13 प्रो प्लस के रियर में ट्रिपल कैमरा सेटअप दिया जाएगा. इसका मेन कैमरा 200 मेगापिक्सल का होगा और सेल्फी के लिए फ्रंट में 16 मेगापिक्सल का दूसरा कैमरा दिया जाएगा. रेडमी नोट 13 में 100 मेगापिक्सल प्राइमरी कैमरा सेंसर दिया जाएगा. फ्रंट में इसमें 16 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा मिलेगा.

# सोशल मीडिया पर करते हैं टाइमपास!

## ये सावधानियां जरूरी हैं



प्रेम आनंद
टेक्नो एक्सपर्ट

**58%** जनसंख्या दुनिया की सोशल मीडिया यूजर्स है. डेटा रिपोर्टल के आंकड़ों पर विश्वास करें तो हर 10 में से 9 लोग सोशल मीडिया यूजर्स हैं. कुछ लोग रोजगार के लिए तो कुछ लोग शौक से और कुछ टाइम पास के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं. सोशल मीडिया पर महिलाओं की फोटो अपलोड कर उनकी नीलामी और आपत्तिजनक बातें लिखने का मामला अक्सर सामने आता रहता है. फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, ट्विटर और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी है. ऐसे में इन प्लेटफॉर्म्स को इस्तेमाल करने वाली महिलाओं को कुछ सावधानी बरतने की जरूरत है ताकि सोशल मीडिया पर उनकी प्राइवेसी बरकरार रहे. साथ ही निजी डाटा भी सुरक्षित रह सके. आज हम बताने जा रहे हैं कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय क्या क्या सावधानी बरतनी जरूरी है.

### सिक्योरिटी अपडेट इंस्टॉल करना न भूलें.

ऐसे डिवाइस जिनके लिए सिक्योरिटी अपडेट आना बंद हो चुके हैं, उन्हें तुरंत बदल दें. सुरक्षा चेतावनी ईमेल या मैसेज पर पूरा ध्यान दें. विफल लॉगिन प्रयासों या आपके पासवर्ड में परिवर्तन की सूचनाएं हैकिंग प्रयास का चेतावनी संकेत हो सकती हैं, ऐसे मे पासवर्ड तुरंत बदले और अपने अकाउंट का सिक्युरिटी चेक जरूर करें.

### ठिकाने नहीं बताएं

सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री शेयर न करें जिसमें व्यक्तिगत जानकारी या आपका ठिकाना शामिल हो. हटाई गई सामग्री को कभी-कभी वेबसाइट या मूल पोस्ट के स्क्रीनशॉट के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है और दुर्भावनापूर्ण रूप से उपयोग किया जा सकता है. सोशल मीडिया से जुड़ी सबसे बड़ी समस्या साइबर अपराध है. सोशल मीडिया पर कंटेंट का कोई मालिक न होने से मूल स्रोत का अभाव हो जाता है. फोटो या वीडियो की एडिटिंग करके भ्रम फैलाया जा सकता है.



**4.55**
**अरब से अधिक हो गई है दुनिया भर में सोशल मीडिया यूजर्स की संख्या.**
(डेटा रिपोर्टल के मुताबिक)

### ऐसे करें अपनी प्रोफाइल सुरक्षित

साइबर क्राइम से बचने के लिए अपने मोबाइल को अपडेट रखें. अनजान नंबर से आए लिंक पर क्लिक न करें. फेसबुक पर थर्ड पार्टी एप्स से सतर्क रहें. थर्ड पार्टी एप्स के साथ अपना डाटा शेयर न करें. प्रोफाइल पर प्राइवेसी लगाएं. अगर प्रोफाइल पर प्राइवेसी नहीं लगाई तो फोटो पोस्ट करते वक्त प्राइवेसी का खास ख्याल रखें. बीच-बीच में पासवर्ड बदलती रहें. फ्रॉड या साइबर क्राइम का शिकार होने पर आईटी एक्ट के तहत अपनी शिकायत दर्ज कराएं. पुलिस से मदद लें.

### अनजान लोगों से दोस्ती न करें

आजकल साइबर क्रिमिनल्स ने सोशल मीडिया को ब्लैकमेलिंग का टूल बना लिया है. साइबर ठग सोशल मीडिया पर हर उम्र के लोगों को निशाना बना रहे हैं. पीड़ितों में सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं की होती है. ऐसे में सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती करने से बचें. ऐसे में न तो अनजान लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजें और न ही जल्दबाजी में उनकी रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करें. अगर किसी अनजान शख्स की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई है तो पहले उसकी प्रोफाइल को अच्छे से जांच परख लें ताकि समझ सकें वह कौन है और किस तरह का पर्सन है? उसके बाद ही फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करें.

### पर्सनल मैसेज करने से बचें

साइबर क्राइम के हर दिन सैकड़ों मामले आ रहे हैं. क्रिमिनल्स लोग फेक प्रोफाइल बनाकर मैसेज करने लगते हैं. इसलिए महिला हो या पुरुष अगर आप किसी व्यक्ति को अच्छी तरह नहीं जानते हैं, तो उसके साथ चैट न करें. अपनी निजी जानकारी तो बिल्कुल भी शेयर न करें.

### निजी पलों की तस्वीरें शेयर न करें

ज्यादातर लोग खास कर महिलाएं पल-पल की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करना पसंद करतीं है. ऐसी महिलाएं अपने बेहद निजी पलों की तस्वीरों को शेयर करने से बचें क्योंकि साइबर क्राइम करने वाले आपकी हर एक्टिविटी पर नजर रखते हैं, उसके बाद आपको शिकार बनाते हैं.

### उकसाने वाला भड़काऊ पोस्ट न करें

फेसबुक हो या फिर ट्विटर सोशल मीडिया पर कुछ लिखते वक्त शब्दों के चयन में सावधानी बरतें क्योंकि आपका लिखा दूर तक जाता है और उससे लोग आपके प्रति एक राय बना लेते हैं. इसलिए जो भी लिखें, उसमें अच्छे और चुनिंदा शब्द यूज किए गए हों. किसी भी तरह के अश्लील या फिर किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों का प्रयोग न करें.

# फोन के स्टोरेज में ऐसे बनेगी स्पेस

**स्मार्टफोन में स्टोरेज एक बड़ी समस्या है. अक्सर फोन स्टोरेज भर जाने पर स्मार्टफोन हैंग करने लगता है और कोई नई चीज इसमें नहीं आ पाती. जब हमें कोई नया ऐप या फाइल चाहिए होती है, तब परेशान हो जाते हैं. स्टोरेज बनाने के लिए या तो किसी ऐप को हटाना होता है या काम की फाइल को डिलीट कर देते हैं ताकि नई फाइल या ऐप के लिए थोड़ी जगह बन सके.आइए आज जानते हैं कि स्मार्टफोन में स्पेस कैसे बनाएं**



### वीडियो, गाने, पॉडकास्ट हटाएं

स्पॉटिफाइ पर आप प्लेलिस्ट में जाकर, प्लेलिस्ट इमेज के नीचे तीन लंबवत बिंदुओं पर टैप कर डाउनलोड हटा सकते हैं. इसी तरह यूट्यूब पर डाउनलोड प्लेलिस्ट पर जाएं, उसके आगे तीन लंबवत बिंदुओं पर टैप करें और डाउनलोड हटा दें.

### ऑटो डाउनलोड बंद करें, प्री-इंस्टॉल ऐप डिसेबल करें

ऐप्स की सेटिंग्स में जाकर ऑटो डाउनलोड बंद करें. स्मार्टफोन पर पहले से इंस्टॉल ऐप्स आपके काम नहीं आते. ये स्टोरेज भरते हैं. इन ऐप को डिलीट नहीं सिर्फ डिसेबल कर सकते हैं. ऐसा करने पर वह बैकग्राउंड में चलना बंद कर देता है.

### गैलरी खंगाले

वॉट्सऐप एलबम, स्क्रीनशॉट एलबम और इंस्टाग्राम मीडिया एलबम को ध्यान से देखें. यहां आप बहुत कुछ ऐसा हटा पाएंगे, जो आपके काम का नहीं होगा.

### कैशे क्लियर करें

क्रोम में कैशे हटाने के लिए ऐप के ऊपरी-दाएं कोने में तीन डॉट्स आइकन पर टैप करें और सैटिंग्स> प्राइवेसी एंड सिक्योरिटी> क्लियर ब्राउजिंग डेटा पर जाएं. इसके अलावा माय फाइल्स को भी जांचें. फोन का डिफाल्ट फाइल्स ऐप खोलें. यहां हटाए गए ऐप्स, पुराने वॉयस नोट्स या अवांछित रिंगटोन, पीडीएफ फाइल्स दिखेंगी. इन्हें डिलीट करें.

### फ्रीअप स्पेस

एड्रॉइड स्मार्टफोन में डिफॉल्ट रूप से फ्रीअप स्पेस का फीचर मिलता है. जब भी स्मार्टफोन का स्टोरेज फुल हो जाए तो सबसे पहले फ्रीअप स्पेस से मोबाइल फोन में जगह बनानी शुरु करें.

### बिना काम के ऐप्स को हटाएं

ऐसे सभी ऐप्स को हटाएं जिनका इस्तेमाल आपने लम्बे समय से नहीं किया है. कुछ एप्स की हमें बहुत कम जरुरत होती है. ऐसे में उसे उपयोग के बाद डिलिट किया जा सकता है. इसलिए ऐसे सभी ऐप्स को स्मार्टफोन से हटा दें जो यूज में नहीं हैं. साथ ही स्मार्टफोन में डिफॉल्ट रूप से आए तमाम काम में न आने वाले ऐप्स को भी हटा दें.

### मेल्स-स्पैम आदि को करें क्लीन


मेल और स्पैम फोल्डर को भी क्लीन करें. इससे भी मोबाइल फोन का स्टोरेज प्रभावित होता है और फोन हैंग करने लगता है.

# आपके पीछे घर संभालेगा यह रोबोट

*आपकी छोटी-छोटी जरुरतें पूरी करने के लिए कोई तैयार है. आप घर से बाहर चले गए और घर के स्विच ऑन हैं, पंखे-एसी-टीवी यूं ही चल रहे, बल्ब व्यर्थ चल रहे तो यह सेवक आपको बेफिक्र करते हुए इन सबको देखेगा. अगर घर में घंटो कोई नहीं रहता, इस डर से कोई पालतू कुत्ता-बिल्ली आदि नहीं रख पा रहे तो आपकी यह समस्या भी यह सेवक दूर करेगा. आपके पीछे आपके पालतू का ख्याल रखेगा. उसे किसी तरह की परेशानी होने पर तुरंत आपको सूचित करेगा. आपके आने पर आपका हाल पूछेगा और दिन भर आपने क्या किया-कैसे दिन गुजारा यह भी सुनेगा, अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करेगा. बात हो रही है एआई से लैस रोबोट की. जी हां, एलजी ने गजब का होम असिस्टेंट रोबोट लॉन्च किया है जो आपकी गैरमौजूदगी में दौड़-दौड़ कर सारे काम करेगा और साथ ही पूरे घर की निगरानी भी. यह क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज, इंक द्वारा बनाए गए एक शक्तिशाली सिस्टम से लैस है, इसलिए यह चेहरों और यूजर्स को पहचान सकता है. प्राप्त जानकारी के अनुसार सीईएस 2024 में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स अपने नए स्मार्ट होम असिस्टेंट को पेश करेगा.*

### पूरे घर में घूम सकता

ये स्मार्ट होम असिस्टेंट पहियों और पैरों वाले रोबोट की तरह बनाया गया है. यानी यह खुद ही आपके घर में घूम सकता है. ये आपसे बात करता है और अपने पैरों को हिलाता है, इसके माध्यम से अपने इमोशंस को दिखा सकता है. यह असिस्टेंट एक सुपर स्मार्ट हेल्पर है जो घरों को मैनेज करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करता है. यह नई चीजें सीख सकता है, समझ सकता है कि लोग क्या कहते हैं, आपके पालतू जानवरों की निगरानी करता है और जटिल बातचीत करता है. यह समझ सकता है कि आप क्या कहते हैं, इमेज को पहचान सकता है और आपके शब्दों के पीछे का अर्थ समझ सकता है. इसका मतलब है कि यह आपसे एक वास्तविक व्यक्ति की तरह बात कर सकता है.



### लौटने पर स्वागत ऐसे

जब आप घर लौटते हैं, तो यह आपका स्वागत करता है, आपके मूड का पता लगाता है, और संगीत बजा सकता है या आपको बेहतर महसूस कराने के लिए चीजें कर सकता है. यह आपको मौसम अपडेट देने या जरूरी कामों के बारे में याद दिलाने जैसे दैनिक कार्यों में भी मदद करता है.

# देश का पहला एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट लॉन्च

नए साल का पहला दिन इसरो के लिए बेहद खास रहा. एक जनवरी को इसरो ने दुनिया का दूसरा और देश का पहला एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट (एक्सपो सैट) लॉन्च कर दिया. इसे पीएसएलवी रॉकेट से लॉन्च किया गया है. यह सैटेलाइट पल्सर, ब्लैक होल्स, आकाशगंगा, रेडिएशन आदि की स्टडी करेगा. यह प्रक्षेपण पीएसएलवी रॉकेट श्रृंखला का 60वां प्रक्षेपण है. इसके साथ ही 10 अन्य पेलोड भी लॉन्च किए गए हैं. 9.50 करोड़ रुपए के इस मिशन की शुरुआत इसरो ने वर्ष 2017 में ही कर दी थी.

### करेगा इनका अध्ययन

इसरो की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार सैटेलाइट को 650 किलोमीटर की ऊंचाई पर तैनात किया जाएगा. इस उपग्रह की लाइफ पांच साल की है. यह सैटेलाइट अंतरिक्ष में होने वाले रेडिएशन का अध्ययन करेगा. ये रेडिएशन किन स्रोतों से निकल रहे हैं, इनकी तस्वीरें लेगा. यह सैटेलाइट ब्रह्मांड के 50 सबसे ज्यादा चमकने वाले स्रोतों की स्टडी करेगा. जैसे- पल्सर, ब्लैक होल एक्स-रे बाइनरी, एक्टिव गैलेक्टिक न्यूक्लियाई, नॉन-थर्मल सुपरनोवा.



### दो पेलोड्स

लॉन्चिंग के करीब 22 मिनट बाद ही एक्सपोसैट सैटेलाइट अपनी निर्धारित कक्षा में तैनात हो चुका है. इस सैटेलाइट में दो पेलोड्स हैं. पहला - पोलिक्स और दूसरा एक्सपेक्ट. पोलिक्स इस सैटेलाइट का मुख्य पेलोड है. इसे रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट और यूआर राव सैटेलाइट सेंटर ने मिलकर बनाया है.

# नए साल में इसरो अंतरिक्ष में फहराएगा सफलता के नए ध्वज

**गुजरा वक्त भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरों के लिए उपलब्धियों वाला वर्ष रहा है. चंद्रयान 3 मिशन की सफलता और फिर भारत के पहले सौर अवलोकन मिशन आदित्य एल1 के सफल प्रक्षेपण... अंतरिक्ष में इसरो ने देश का नाम एक बार फिर स्वर्णाक्षर में लिखा. नया साल भी नई उपलब्धियों का साल होगा, ऐसा पहले दिन ही इसरो ने एक्सपो सैट की लॉन्चिंग से जाहिर कर दिया. नए वर्ष में इसरो की कार्य योजना में अन्य प्रोजेक्ट ये हैं-**

### गगनयान 1



हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और इसरो के बीच की इस साझा परियोजना को जनवरी या फरवरी में लॉन्च किया जाना प्रस्तावित है. गगनयान 1 में तीन चालक दल के सदस्यों को परीक्षण उड़ान सेट के लिए तैयार किया जाएगा. इससे देश मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन के लिए तैयार हो सकेगा.

### निसार



यह एक सहयोगी परियोजना है जिसमें नासा की भी सहभागिता है. इस मिशन का लक्ष्य दोहरी-आवृत्ति का सिंथेटिक एपर्चर रडार उपग्रह लॉन्च करना है, जिसका इस्तेमाल रिमोट सेंसिंग के लिए किया जाएगा. प्राप्त जानकारी के अनुसरी यह जनवरी में लॉन्च होगा. उपग्रह 12 दिनों में दुनिया का नक्शा तैयार कर आंकड़ों का संग्रहण करेगा .वैज्ञानिकों के मुताबिक यह आंकड़ा पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र, आइस मास, समुद्र स्तर में वृद्धि, भूजल और सुनामी आदि प्राकृतिक खतरों को समझने में मदद करेगा.

### मंगलयान-2



इसे मार्स ऑर्बिटर मिशन 2 (एमओएम 2) के नाम से भी जाना जाता है. यह इसरो का दूसरा मंगल ग्रह मिशन होगा. यह मंगल ग्रह की सतह, वायुमंडल और जलवायु परिस्थितियों का अध्ययन करेगा. इसमें हाइपरस्पेक्ट्रल कैमरे होंगे.

### शुक्रयान-1 (वीनस ऑर्बिटर मिशन)



नए साल के अंत तक वीनस ऑर्बिटर मिशन के तहत इसरो शुक्र ग्रह की कक्षा में जाने के लिए भी अंतरिक्ष यान लॉन्च करने की योजना बना रहा है. इस योजना के साथ भारत पहली बार शुक्र ग्रह के लिए किसी मिशन पर होगा.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### हत्याकांड का खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा नगर के भदौनी-फुलवारी शरीफ निवासी मकबूल अंसारी की हत्या का खुलासा हो गया है. 5 माह बाद पुलिस ने सोमवार को घटना का उद्भेदन किया है. घटना जमीन विवाद बताया गया है. बता दें कि 28 अगस्त 23 को मकबूल अंसारी के पुत्र महबूब आलम ने अपने पिता के गायब होने की सूचना नगर थाना पुलिस को दी थी. पिता 22 जुलाई को धार्मिक यात्रा पर अजमेर शरीफ जाने के लिए घर से निकले थे. उसके बाद से उनका कोई अता-पता नहीं था. बेटे की शिकायत पर इस बाबत पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच आरंभ की थी.

### कोरोना से 10 वर्षीय बच्ची की हुई मौत

**रोहतास।** सासाराम में कोरोना पॉजिटिव एक 10 वर्षीय बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई है. बच्ची के मौत की पुष्टि सासाराम के सिविल सर्जन डॉ. केएन तिवारी ने की है. उन्होंने बताया है कि नोखा के लिलारी की रहने वाली 10 वर्षीय बच्ची की मौत हुई है. वह हरेंद्र गिरी की पुत्री थी. डेहरी के जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बच्ची का इलाज चल रहा था, जहां उसकी मौत हुई है. इससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है. सिविल सर्जन ने बताया कि बच्ची अपने एक रिश्तेदार के यहां गया के शेरघाटी गई हुई थी, जहां उसकी तबीयत खराब होने लगी, जिसके बाद जमुहार के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था.

### बगहा में होगा अमृत भारत एक्स. का ठहराव

**बगहा।** अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन से रामायण काल की दो पीढ़ियां जुड़ गई हैं. अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का चंपारण के बगहा में भी ठहराव है, जिससे राम जन्मभूमि, लवकुश जन्मस्थली और माता-सीता की जन्म नगरी यानी कि एक साथ तीन जन्मस्थली एक ही रेल मार्ग से जुड़ने के कारण लोगों में काफी खुशी है. वहीं इससे तीर्थस्थलों के विकास के साथ पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वंदे भारत की तर्ज पर अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर नेपाल और यूपी सीमा पर स्थित बगहा को रामायण सर्किट से जोड़ने की कवायद को बड़ा बल मिला है.

# पंचमुखी हनुमान मंदिर में दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

**पटना।** नया साल 2024 की शुरुआत हो चुकी है. जिसको लेकर राजधानी पटना के राजवंशी नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालु अपनी-अपनी मन्नत लेकर हनुमान जी के दर्शन के लिए पहुंचे. यहां दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतार लग गई. मंदिर में भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की भी पूरी व्यवस्था की गई थी ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की समस्या ना हो. इस बाबत शास्त्री नगर थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि आज नए साल के अवसर पर सुबह 4 बजे से ही हनुमान मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं. जिसको लेकर पुलिस अलर्ट है.



## आओ जानें

### बिहार : सामान्य ज्ञान

स्थापना : 15 अगस्त, 1947, प्रान्त 26, जनवरी 1950 (राज्य भाग (ए) 1556 तक
क्षेत्रफल : 94163 वर्ग किमी
लिंगानुपात : 916
मुख्य भाषा : हिन्दी
राजधानी : पटना
जनसंख्या : 103804647
साक्षरता : 63.82%
जनसंख्या घनत्व : 1002
जिलों की संख्या : 38
अक्षांश : 24-20-10 ₹ 27-31-15 उत्तर
देशान्तर : 83-19-50 ₹ 88-17-40 पूर्व
कुल क्षेत्र : 94,163.00 वर्ग किमी
देश के कुल क्षेत्रफल में बिहार का हिस्सा : 2.86%
समुद्र तल से ऊंचाई :173 फीट
पूर्व से पश्चिम की दूरी : 483 किमी
उत्तर से दक्षिण की दूरी :345 किमी
नेपाल सीमा की लंबाई : 601 किमी
सबसे गर्म जिला : गया
सबसे ठंडा जिला : गया
वर्षा वाला जिला : किशनगंज
सबसे कम वर्षा वाला जिला : औरंगाबाद
बिहार में गंगा की सबसे बड़ी सहायक नदी : कोसी

## बिहार के मंत्रियों ने जारी किया संपत्ति का ब्योरा

# सीएम नीतीश के पास 13 गायें व 10 बछड़े भी

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र । पटना**

बिहार के मुखिया गरीब और उनके अधीनस्थ सारे मंत्री उनसे कई गुना अमीर. हैं, दो मुखिया से भी गरीब हैं. साल के अंतिम दिन बिहार सरकार की वेबसाइट पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत सभी मंत्रियों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा जनता के सामने सार्वजनिक कर दिया. खास बात यह है कि दो मंत्रियों जमां खान और इसरायल मंसूरी के अलावा सभी मंत्रियों की संपत्ति मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से ज्यादा है.

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के दोनों सुपुत्र डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद और पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप के पास सीएम से अधिक चल-अचल संपत्ति है.अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खां सबसे गरीब हैं. उनकी संपत्ति 68.60 लाख रुपये है. वहीं , सूचना प्रावैधिकी मंत्री इसराइल मंसूरी के पास 1.10 करोड़ की संपत्ति है. फैक्ट फिगर के मुताबिक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से ज्यादा नकद उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के पास है. नीतीश कुमार के पास नकद 22 हजार 552 रुपये हैं, जबकि तेजस्वी के पास 50 हजार नकदी है. तेजस्वी के पास कई बैंकों में 54 लाख से अधिक धनराशि जमा है. वेबसाइट पर अपलोड जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 1.64 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति के मालिक हैं. नीतीश के पास 11.32 लाख रुपये की एक फोर्ड इकोस्पोर्ट कार, 1.28 लाख रुपये की दो सोने की अंगूठियां और एक चांदी की अंगूठी भी है. इसके अलावा 13 गायें, 10 बछड़े, एक ट्रेडमिल, एक एक्सरसाइज साइकिल और एक माइक्रोवेव ओवन भी है. मुख्यमंत्री की संपत्ति में पिछले एक वर्ष में इजाफा हुआ है.


▪ फाइल फोटो

मुख्यमंत्री के पास नयी दिल्ली के द्वारका में एक सहकारी आवास सोसायटी में केवल एक आवासीय फ्लैट है. वहीं , उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के पास 50,000 रुपये नकद हैं. जबकि उनकी पत्नी राजश्री के पास एक लाख रुपये नकद हैं. उपमुख्यमंत्री के बड़े भाई तेजप्रताप यादव के पास 98,562 रुपये नकद हैं. उनके पास करीब 3.58 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति भी है. इसके अलावा जिन अन्य मंत्रियों ने अपनी संपत्ति की घोषणा की है, उनमें शाहनवाज (आपदा प्रबंधन), संजय कुमार झा (जल संसाधन विभाग एवं सूचना एवं जनसंपर्क), शीला कुमारी (परिवहन विभाग), कुमार सर्वजीत (कृषि), सुमित कुमार सिंह (विज्ञान, प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा विभाग), सुनील कुमार (मद्य निषेध, उत्पाद शुल्क और पंजीकरण विभाग), अनीता देवी (पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग), जितेन्द्र कुमार राय (कला, संस्कृति एवं युवा विभाग), रत्नेश सादा (एससी/एसटी कल्याण विभाग), जयंत राज (लघु जल संसाधन विभाग), जमा खान (अल्पसंख्यक कल्याण विभाग), मुरारी प्रसाद गौतम (पंचायती राज), शमीम अहमद (विधि विभाग), मदन सहनी (समाज कल्याण) आदि शामिल हैं.

# सीएम ने मां परमेश्वरी देवी की पुण्यतिथि मनाई

**संवाददाता। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साल के पहले दिन सोमवार को अपनी माता स्व परमेश्वरी देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर पैतृक गांव कल्याण बिगहा, हरनौत स्थित कविराज रामलखन सिंह स्मृति वाटिका में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. मौके पर सीएम ने अपने पिता स्व रामलखन सिंह एवं अपनी धर्मपत्नी स्व मंजू सिन्हा की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. मुख्यमंत्री के बड़े भाई सतीश कुमार, पुत्र निशान्त कुमार एवं निकट परिजनों ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा के भगवती मंदिर (देवी स्थान) में पूजा अर्चना की और राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की. मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनका अभिवादन स्वीकार किया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी और उसके समाधान के लिये अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये.



### बालू लदे ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**जमुई।** जमुई में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. गिद्धौर मुख्य मार्ग स्थित महुली गढ़ के पास एनएच 333 पर बालू लदे ट्रक ने बाइक सवार को रौंद डाला. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी. मृतक की पहचान महुली गढ़ निवासी उपेंद्र यादव (40 वर्षीय) के रूप में हुई है. घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया. घटना के आक्रोशितों ने सड़क जाम कर दी. साथ ही ट्रक में तोड़फोड़ भी की. इसके बाद गिद्धौर और खैरा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और समझा-बुझाकर जाम हटवाया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि उपेंद्र यादव अपने घर मुहली गढ़ से गिद्धौर की तरफ जा रहे थे. तभी बालू लदे ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी. इसके बाद वह ट्रक के टायर के नीचे आ गया.

## रविवार को महाराष्ट्र स्थित दस्ताना फैक्ट्री में आग लग गई थी

# मधुबनी के 4 मजदूरों की मौत, हड़कंप

**संवाददाता। मधुबनी**

नया साल 2024 के पहले दिन एक ओर जहां लोग जश्न में डूबे हैं. वहीं, बिहार के लिए एक बुरी खबर आई है. राज्य के चार मजदूरों की महाराष्ट्र में रविवार को जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई. मरने वाले सभी मजदूर मधुबनी के रहने वाले थे. मिली जानकारी के अनुसार औरंगाबाद के छत्रपति संभाजी नगर में यह दस्ताना (ग्लव्स) फैक्ट्री में रविवार की रात भीषण आग लग गई. इस घटना में कुल 4 लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई और कई लोग झुलसकर घायल हो गए. आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई. दमकल की टीम को आग बुझाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी.


▪ फाइल फोटो

**परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है :** बताया जा रहा है कि आग बुझ गई है, लेकिन उससे पहले 4 मजदूर जलकर मर गए. मरने वालों सभी चार मजदूर बिहार के रहने वाले थे. सभी मजदूर मधुबनी जिले के निवासी थे. आग कैसे लगी? इसकी जांच की जा रही है, फिलहाल आग पर काबू कर लिया गया है. परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है. मिली जानकारी के अनुसार सभी मजदूर 4 महीने ही काम की तलाश में मुंबई गए थे. उन्हें औरंगाबाद स्थित दस्ताने फैक्ट्री में काम मिला तो मुंबई से निकल गए.

## कारोबार

### 1,200 मेगावाट की परियोजनाएं बेचेगी

**नयी दिल्ली।** रिलायंस पावर ने अरुणाचल प्रदेश में 1,200 मेगावाट क्षमता की कलाई-दो जलविद्युत परियोजना टीएचडीसी इंडिया लि. बेचने के लिये समझौता किया है. यह सौदा 128.39 करोड़ रुपये का है. रिलायंस पावर ने रविवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समझौते का मकसद जलविद्युत परियोजना को बेचकर कोष जुटाना है. कलाई पावर लि., रिलायंस पावर की अनुषंगी है. अरुणाचल प्रदेश सरकार, कलाई पावर प्राइवेट लि. और टीएचडीसी इंडिया लि. ने इस संदर्भ में 30 दिसंबर, 2023 को समझौते पर हस्ताक्षर किये.

### सुरेश ने चेयरमैन का पदभार संभाला

**कोलकाता।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी एस सुरेश कुमार ने सोमवार को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के चेयरमैन का पदभार संभाल लिया. डीवीसी ने बयान में कहा कि पश्चिम बंगाल कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी कुमार इससे पहले नेताजी सुभाष प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान के महानिदेशक थे. कुमार नवंबर, 2019 से अप्रैल, 2023 तक पश्चिम बंगाल सरकार के बिजली विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव भी रह चुके हैं.

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की बिक्री 45% बढ़ी

**नयी दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की 2023 में थोक बिक्री 46 प्रतिशत बढ़कर 2,33,346 इकाई हो गयी. इससे पिछले साल कंपनी ने 1,60,364 वाहन बेचे थे. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की ओर से जारी बयान के अनुसार, 2022 में 1,60,364 इकाइयों की तुलना में 2023 में घरेलू बिक्री 2,21,356 इकाई रही. 2023 में निर्यात 11,984 इकाई रहा. टीकेएम के उपाध्यक्ष अतुल सूद ने कहा कि विभिन्न खंडों की बिक्री मिलाकर सालाना आधार पर कैलेंडर वर्ष 2023 में 46% की वृद्धि हुई. उन्होंने कहा, मासिक आधार पर लगातार बेहतर प्रदर्शन साथ ही सालाना आधार पर वृद्धि हमारे सभी खंडों में ग्राहकों की बढ़ती दिलचस्पी का संकेत है.

## 36 लाख किसानों को प्रतिदिन मिल रहे हैं 200 करोड़ रुपये

# आगे बढ़ रहा है गुजरात का डेयरी क्षेत्र

**एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) से 36 लाख डेयरी किसानों को संयुक्त रूप से प्रतिदिन 200 करोड़ रुपये मिलते हैं. इससे राज्य के लोगों को समृद्ध करने में मदद मिल रही है. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि राज्य में डेयरी क्षेत्र का आकार एक लाख करोड़ रुपये का हो गया है. मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि 10 से 12 जनवरी के बीच गांधीनगर में आयोजित होने वाला वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन का 10वां संस्करण सरकार को कृषि, बागवानी और पशुपालन में राज्य की तेजी से वृद्धि को प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करेगा.

सरकार द्वारा जारी बयान के अनुसार, राज्य का कृषि, बागवानी और पशुपालन क्षेत्र प्राकृतिक खेती तथा उन्नत प्रौद्योगिकियों के संयोजन के जरिये बेहतरीन वृद्धि कर रहा है. ये गुजरात की संसाधनों के महत्तम इस्तेमाल करने वाली अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहे हैं और डेयरी क्षेत्र की वैश्विक प्रतिष्ठा को आगे बढ़ा रहे हैं. मुख्यमंत्री पटेल ने हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, आगामी वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन 2024 प्राकृतिक कृषि पद्धतियों और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के संयोजन की बदौलत कृषि, बागवानी और पशुपालन में राज्य की तेजी से हो रही वृद्धि को प्रदर्शित करेगा. यह समग्र दृष्टिकोण न केवल संसाधनों के महत्तम इस्तेमाल की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि डेयरी क्षेत्र में राज्य की वैश्विक स्थिति को भी बेहतर कर रहा है. सरकारी बयान के अनुसार, गुजरात में डेयरी उद्योग एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है. जीसीएमएमएफ के जरिये 36 लाख डेयरी किसानों को प्रतिदिन 200 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाता है. बयान में कहा गया, विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त अमूल ब्रांड जिसके तहत जीसीएमएमएफ दूध तथा डेयरी उत्पादों का विपणन करता है, लाखों डेयरी किसानों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है. इंडियन डेयरी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं जीसीएमएमएफ के पूर्व प्रबंध निदेशक आर एस सोढ़ी ने कहा कि गुजरात से अमूल की संगठित डेयरी खरीद 27 साल में 30 लाख लीटर से नौ गुना होकर 270 लाख लीटर हो गई है. यह राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पिछले कुछ वर्षों में हुई प्रगति को दर्शाता है.



### ग्वाले शोभराज रबारी ने कहा

आणंद जिले के नापद वंतो गांव के ग्वाले शोभराज रबारी ने कहा कि उनके परिवार ने डेयरी व्यवसाय की शुरुआत दो गायों के साथ की थी और अब उनके पास 35 गाय हैं. उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन से हमें बहुत मदद मिली...मैं प्रति माह 2,000 लीटर दूध की आपूर्ति करता हूं. मेरी आय 1.10 लाख रुपये है. हमें दूध के अच्छे दाम मिल रहे हैं. हमें सरकार से अच्छा समर्थन मिल रहा है. वहीं आणंद के बोरसद तालुका के ज़ारोला गांव के डेयरी किसान जयेश पटेल ने कहा, यह शिखर सम्मेलन मेरे लिए महत्वपूर्ण है. मेरे जैसे कई लोग इस शिखर सम्मेलन में भाग लेते हैं और कई लाभ प्राप्त करते हैं. मैंने लगातार वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन का फायदा उठाया है.

### कड़ाके की ठंड में पेट्रोल डीजल की बिक्री घटी

**नयी दिल्ली।** भारत में कड़ाके की ठंड पड़ने के साथ ही ईंधन की मांग नरम पड़ी है जिससे दिसंबर में पेट्रोल और डीजल की बिक्री में गिरावट आई है. सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के शुरुआती बिक्री आंकड़ों से यह जानकारी मिली है. पेट्रोलियम बाजार के 90 प्रतिशत हिस्से पर नियंत्रण रखने वाली तीन सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की पेट्रोल बिक्री दिसंबर, 2023 में एक साल पहले की तुलना में 1.4 प्रतिशत घटकर 27.2 लाख टन रह गई, जबकि डीजल की मांग 7.8 प्रतिशत की गिरावट के साथ 67.3 लाख टन पर आ गई.

उत्तर भारत में ठंड का सितम शुरू होने से वाहनों में एयर कंडीशनिंग की मांग कम हो गई जिससे ईंधन की खपत भी कम हो गई. मासिक आधार पर पेट्रोल की बिक्री 4.9 प्रतिशत कम हो गई. नवंबर में 28.6 लाख टन की खपत हुई थी. वहीं नवंबर के 67.9 लाख टन की तुलना में डीजल की मांग भी दिसंबर में 0.8 प्रतिशत कम रही. भारत में सबसे अधिक खपत वाला ईंधन डीजल है जो सभी पेट्रोलियम उत्पादों की खपत का लगभग 40 प्रतिशत है. देश में कुल डीजल बिक्री में परिवहन क्षेत्र की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत है. वैसे पिछले कुछ महीनों में ईंधन की घरेलू खपत में गिरावट देखी गई है.

# चीनी वर्चस्व को तोड़ने के लिए भारत में निवेश बढ़ेंगे

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा है कि दुनिया आपूर्ति श्रृंखला पर चीन के दबदबे को चुनौती देने वाले एक भरोसेमंद विकल्प के तौर पर भारत को देखना चाहती है जिससे वर्ष 2024 में अभूतपूर्व निवेश के अवसर पैदा होंगे. महिंद्रा ने नववर्ष पर अपने संदेश में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था कई दशकों से प्रतीक्षित उछाल भरने के लिए तैयार है और मनचाहे उत्पादों की पेशकश कर सकने वाली कंपनियों को नए साल में बढ़ती मांग को पूरा करने की खूबसूरत चुनौती का सामना करने में खुशी होगी.

उन्होंने नए साल को नई शुरुआत के लिए खास अवसर बताते हुए कहा, इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि पिछला साल कितना खराब रहा है, मानवीय प्रेरणा हमेशा उम्मीद का दामन थामती है. वर्ष 2023 में संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और कोविड महामारी के बाद के सुधार में आई सुस्ती हावी रही. इस साल का समापन नया जोश भरने की चाहत के साथ हुआ. महिंद्रा समूह के मुखिया ने नए साल को नया अध्याय एवं आशावाद एवं नई शुरुआत का अवसर बताते हुए कहा, वैश्विक स्तर पर दुनिया चाहती है कि भारत आपूर्ति श्रृंखला में चीन के वर्चस्व को चुनौती देने वाला एक भरोसेमंद विकल्प बने. यह 2024 में एक बड़ा मौका है. इससे उछाल को रफ्तार मिलेगी. भारत में निवेश अभूतपूर्व मात्रा में आने वाला है. उन्होंने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में बड़ा उछाल हासिल करने का अवसर भारत के सामने है और इसे दोनों हाथों से लपकना चाहिए. वहीं दीर्घकालिक रूप में नवोन्मेषण की क्षमता भारतीय अर्थव्यवस्था को उछाल देने का काम करेगी. महिंद्रा ने कहा, आने वाले समय में जो भी कंपनी खूबियों एवं कीमत के लिहाज से ग्राहकों की पसंद के उत्पाद पेश कर पाएंगी, उन्हें मांग पूरा करने के लिए अपना उत्पादन बढ़ाने की चुनौती का सामना करना होगा.



## दाम कम किए गए | वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम 1.5 रुपये घटे

# विमान ईंधन की कीमत में चार प्रतिशत की कटौती की गई

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

विमान ईंधन (एटीएफ) के दाम में सोमवार को चार प्रतिशत की कटौती की गयी. वहीं खाना पकाने के 19 किलो के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में मामूली 1.50 रुपये प्रति सिलेंडर की कमी की गयी है. यह लगातार तीसरा महीना है जब एटीएफ के दाम कम हुए हैं.

हालांकि, रसोई गैस के रूप में घरों में उपयोग होने वाले 14.2 किलो के घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 903 रुपये पर बरकरार हैं. सार्वजनिक क्षेत्र की खुदरा ईंधन कंपनियों की अधिसूचना के अनुसार, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी विमान ईंधन की कीमत में 4,162.5 रुपये यानी 3.9 प्रतिशत की कटौती की गयी है. इस कटौती के बाद दिल्ली में विमान ईंधन की कीमत 1,01,993.17 रुपये प्रति किलोलीटर हो गयी है. यह लगातार तीसरा महीना है जब विमान ईंधन के दाम में कटौती की गयी है. इससे पहले, नवंबर में एटीएफ के दाम में लगभग छह प्रतिशत (6,854.25 रुपये प्रति किलोलीटर) की कटौती की गयी थी.



जबकि दिसंबर में इसमें 5,189.25 यानी 4.6 प्रतिशत की कमी की गयी थी. किसी एयरलाइन की परिचालन लागत में एटीएफ का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत बैठता है. ऐसे में विमान ईंधन के दाम कम होने से वित्तीय रूप से दबाव झेल रही विमानन कंपनियों को राहत मिलेगी. इसके साथ, तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक रूप से उपयोग होने वाले एलपीजी के दाम में 1.50 रुपये प्रति सिलेंडर की कमी की है. इस सिलेंडर का उपयोग होटल और रेस्तरां में होता है. इस कटौती के बाद राष्ट्रीय राजधानी में 19 किलो के एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,755.50 रुपये होगी जबकि मुंबई में यह 1,708.50 रुपये प्रति सिलेंडर बैठेगी. सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) पिछले महीने की औसत अंतरराष्ट्रीय कीमत के आधार पर हर महीने की पहली तारीख को रसोई गैस और एटीएफ की कीमतों में संशोधन करती हैं. पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार 21वें महीने रिकॉर्ड स्थिर बनी हुई हैं.

### खास बातें

- 14.2 किलो के घरेलू सिलेंडर के दाम 903 रुपये बरकरार
- एटीएफ का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत बैठता है

# हुंदै की 2023 में कुल रिकॉर्ड बिक्री, नौ प्रतिशत बढ़ोतरी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की 2023 में कुल बिक्री सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 7,65,786 इकाई रही है. घरेलू बाजार में रिकॉर्ड बिक्री के दम पर कंपनी यह आंकड़ा हासिल कर पाई है. एचएमआईएल की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई है. कंपनी ने 2022 में कुल 7,00,811 वाहन बेचे थे. बयान के अनुसार, कंपनी की घरेलू बिक्री कैलेंडर साल 2023 में सबसे अधिक रही है और यह छह लाख इकाइयों का आंकड़ा पार कर गई है. कंपनी ने 2023 में घरेलू बाजार में 6,02,111 इकाइयां बेचीं जो पिछले साल के 5,52,511 के आंकड़े की तुलना में नौ प्रतिशत अधिक है. कंपनी का 2023 में निर्यात 10 प्रतिशत बढ़कर 1,63,675 इकाई हो गया. यह 2022 में 1,48,300 इकाई रहा था. हुंदै मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुण गर्ग ने कहा कि कंपनी ने न केवल अपनी गति बरकरार रखी है, बल्कि करीब 8.2 प्रतिशत की अनुमानित उद्योग की वृद्धि के आंकड़े को भी पार कर दिया है. उन्होंने कहा, इसके अलावा 2023 में हमने अपने ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सक्रिय रूप से अपनी वार्षिक उत्पादन क्षमता में 50,000 इकाइयों का विस्तार किया.

# चुनौतियों से भरा रहा रांची नगर निगम का पूरा साल, ऐसा रहा एक साल का लेखा-जेखा

**संवाददाता। रांची**

नगर निगम का पूरा साल चुनौतियों से भरा रहा. राजधानी रांची में जलजमाव की समस्या, शहर में डेंगू से लड़ने के लिए नगर निगम ने 2023 में कई कदम उठाय है. लोगो के जिंदगी को आसान और शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम ने कई नई मशीनें खरींदीं और कई निर्माण कार्य शुरू कराया.

**चार मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग और दो सुपर सकर मशीन की खरीदारी :** रांची नगर निगम द्वारा स्मार्ट क्लीनिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीन वदो सुपर सकर मशीन खरीदी गयी. मैकेनिकल रोड स्वीपिंग वाहन की कीमत 1.19 करोड प्रति गाड़ी है. जिससे प्रतिदिन लगभग 50 किमी सड़क की सफाई करने की क्षमता है. स्वीपिंग मशीन अति सूक्ष्म कणों को भी वैक्यूम के जरिए सड़क से उठा सकती है. सुपर सकर मशीन लगभग 2.28 करोड़ एक यूनिट खरीदी गयी,. जिसमें एक यूनिट सुपर सकर मशीन, 01 सकिंग यूनिट व्हीकल और 02 डंप टैंक शामिल हैं.

**स्ट्रीट डॉग्स के रेस्क्यू के लिए डॉग रेस्क्यू वाहन :** शहरी क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग्स के रेस्क्यू के लिए रांची नगर निगम ने विधायक नवीन जायसवाल द्वारा उपलब्ध कराए गए फंड से स्ट्रीट डॉग्स के रेस्क्यू के लिए एक और वाहन खरीदा. इस वाहन की खरीदारी से निगम के पास स्ट्रीट डॉग्स को रेस्क्यू करने के लिए 3 गाड़ियां हो गई है.

**बड़ा तालाब में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया गया :** रांची के बड़ा तालाब के समीप नगर निगम द्वारा 8.20 करोड़ की लागत से सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया गया है. इससे नालियों से निकलनेवाले गंदे पानी को फिल्टर किया जाएगा.

अपर बाजार, सेवा सदन के आसपास के इलाके का गंदी नालियों का पानी पहले बड़ा तालाब में जाया करता था. अब वह पानी फिल्टर होकर बड़ा तालाब में जाएगा.



**कार्यालय में टोकन सिस्टम शुरू किया गया :** शहर के सौकड़ों लोग कई तरह के काम के लिए रांची नगर निगम कार्यालय आते हैं. डेथ व बर्थ सर्टिफिकेट बनवाने के साथ होल्डिंग टैक्स, वाटर टैक्स जमा करने के अलावा और भी कई काम होते हैं. इस काम के लिए उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता था.इसे देखते हुए नगर निगम ने अब टोकन मैनेजमेंट सिस्टम शुरू किया. इसके तहत बटन दबाते ही मशीन से टोकन निकलेगा. इसके बाद संबंधित काउंटर से अनाउंसमेंट और डिसप्ले के बाद लोग काउंटर पर जाकर अपना काम करा रहे हैं.

### कोकर में वेजिटेबल मार्केट निर्माण

कोकर स्थित डिस्टिलरी पुल के पास रांची नगर द्वारा 3 .29 करोड़ की लागत से अंडरग्राउंड वेजिटेबल मार्केट बनाया गया है. इस मार्केट में कोकर से लालपुर तक के सभी दुकानदारों को बसाना था. लेकिन सिर्फ मांस - मछली बेचने वाले विक्रेताओं को ही शिफ्ट कराया जा सका है.

### 10 नए स्टील वाटर टैंकर की खरीद

शहर में भीषण गर्मी एवं स्वच्छ जलापूर्ति की आवश्यकता को देखते हुए रांची नगर निगम द्वारा इस साल 10 नए स्टील वाटर टैंकर खरीद किया गया. इन टैंकरों की क्षमता 4000 लीटर है. इन नए टैंकरों द्वारा जलापूर्ति शुरू की जा चुकी है. शहर में पानी की किल्लत को देखते हुए निगम की तरफ से नि:शुल्क टैंकर की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है.

### 24 आरोग्य केंद्र शुरू किया गया

रांचीवासीयों के लिए नगर निगम के द्वारा पूरे शहर में 24 शहरी स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र शुरू किया गया. इसके साथ पूरे शहर में आरोग्य केंद्र के साथ लोगो के लिए अटल क्लिनिक भी चलाया जा रहा है जो चार घंटे तक खुला रहता है और स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र में आठ घंटे की सेवा दी जायेगी. जिले में कुल 18 अटल क्लीनिक हैं और 24 स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र जुड़ गए है. स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र एक सामान्य बाहरी रोगी विभाग के रूप में कार्य करेगा. सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए नि:शुल्क दवा प्रदान करेगा.

### 98 हजार घरों में वाटर कनेक्शन दिया गया

राजधानी रांची में जेएनएनयूआरएम और अमृत योजना के तहत 410 किमी पाइपलाइन बिछाई गई है. जबकि 1388 किमी पाइपलाइन बिछाने का काम चर रहा है. इसके तहत पूरे शहर में करीब 2 लाख नए घरों में वाटर कनेक्शन दिया जाना था. जिसमें 1.06 लाख घरों में शहरी जलापूर्ति योजना के फेज-1 के तहत कनेक्शन दिया गया. वहीं 60 हजार घरों फेज-2, के तहत पानी का कनेक्शन दिया गया. 38 हजार घरों में शहरी जलापूर्ति योजना के फेज-2 बी के तहत कनेक्शन मिलना बाकि है. कनेक्शन लागाने के लिए अब किसी भी प्रकार का चार्ज नहीं लिया जाता है.

### वेस्ट टू वेल्थ का कॉन्सेप्ट शुरू किया गया

राजधानी को स्वच्छ और सुंदर बनाने को लेकर नगर निगम के अधिकारियों ने वेस्ट मैनेजमेंट प्लान बनाया. जिसके तहत लोगों को अपने घरों में ही गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करके लिया जा रहा है. इन कचरो को अलग अलग कर इसे रीसायकल किया जा रहा है.

### गेल इंडिया लिमिटेड के साथ एमओयू

रांची नगर निगम ने गेल इंडिया के साथ झिरी स्थिति डंप यार्ड में रीसायकल प्लांट तथा बायोगैस प्लांट का निर्माण के लिए एमओयू साइन किया.इसके तहत गेल इंडिया लिमिटेड झिरी में 150 टन का एक प्लांट लगायेगा. इसके लिए रांची नगर निगम ने गेल इंडिया को झिरी में 8 एकड़ जमीन उपलब्ध कराया है. प्लांट से हर दिन 300 टन ऑर्गेनिक कचरा का प्रोसेसिंग कर करीब 10 टन कंप्रेस्ड बायोगैस उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है. बहुत जल्द ही प्लांट शुरू होगा.

### जयपाल सिंह मंडा स्टेडियम बनकर तैयार

4 .53 करोड़ कि लागत से नगर निगम के द्वारा जयपाल सिंह स्टेडियम का जिर्णोद्धार किया गया. स्टेडियम के जीर्णोद्धार का काम रेवांत इंजीनियर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कर रही थी. स्टेडियम में फुटबॉल मैदान बनाया गया है. इसके अलावा लॉन टेनिस व बास्केटबॉल का कोर्ट भी बनाया गया है. मैदान में बैठकर मैच देखने के लिए गैलरी का भी निर्माण किया गया है. जिसमें लगभग 200 लोग बैठकर मैच देख सकेंगे. बच्चों के खेलने के लिए प्ले एरिया बनाया गया है. जहां झूले और स्लाइडर लगाए गए हैं.

### ट्रांसजेंडर के लिए शौचालय शुरू किया गया

रांची में पहली बार इस तरह के शौचालय शुरू किया गया है. इस मॉड्यूलर शौचालय का उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक वातावरण प्रदान करना है. प्रारंभिक चरण में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए 6 शौचालय शहर में स्थापित किए गया हैं. इसके अतिरिक्त 25 शौचालय वर्तमान में प्रगति पर हैं.

---

## ब्रीफ खबरें

### पिकनिक स्पॉट में लोगों ने उठाया लुत्फ

**साहिबगंज।** शहर के बीचों बीच झरना कॉलोनी धोबी झरना समीप दिब्यांक स्कूल के निकट पहाड़ तल्ली पर शहर के लोगो ने पिकनिक स्पॉट में जाकर नए वर्ष 2024 का जश्न का खूब लुप्त उठाया. इस पिकनिक स्पॉट में लगभग सैकड़ो की संख्या में भीड़ जुटी थी. वहीं पिकनिक स्पॉट के जगह जगह पर पिकनिक मनाने वालों का समूह डीजे एवं साउंड सिस्टम में गानों की धुन पर लोग थिरकते दिए. वहीं युवाओं की टोली जगह जगह मौज मस्ती में डूबी रही. बहुत से लोगों ने परिवार के साथ नववर्ष में पिकनिक के साथ साथ मंदिरों में पूजा अर्चना की. युवाओं की टोली जगह जगह मौज मस्ती में डूबी रही.

### कल्पतरु दिवस पर प्रसाद का वितरण

**पाकुड़ ।** कल्पतरु दिवस पर सत्य सनातन संस्था पाकुड़ ने सोमवार को शहर के थानापाड़ा स्थित हनुमान मंदिर के निकट पूजन सह प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया. संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत कुमार चौबे के नेतृत्व में पूजा अर्चना के उपरांत तलवाडांगा स्थित महाकाल शक्तिपीठ मंदिर परिसर में कल्प वृक्ष के समीप कल्पतरु की बैदीक मन्नत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना की गई. पूजा पुरोहित रोहित दास के द्वारा विधि विधान के साथ की गई. पूजा के बाद अनुमानित सैकड़ों लोगों के बीच भोजन वितरण कार्यक्रम किया गया. साथ ही कार्यक्रम में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया.

### रामभक्तों का गोड्डा में हुआ भव्य स्वागत

**गोड्डा।** भगवान राम के प्रति ऐसी आस्था जगी कि हजारों किमी की पैदल यात्रा कर रामलला के दर्शन करने को रामभक्तों की टोली निकल पड़ी है. साहेबगंज से अयोध्या की ओर जाने के क्रम में देर संध्या गोड्डा पहुंचने पर इन रामभक्तों का भव्य स्वागत किया गया. ग्राम कोटाल पोखर के निवासी रंजय अग्रवाल के साथ दो सगे भाई नारायण साह और पवन साह इस कठिन यात्रा पर निकले है. रंजय अग्रवाल बताते हैं कि वह 1992 में अयोध्या पहुंचकर कर सेवा भी कर चुके हैं. उस वक्त भी वह कार सेवा में भाग लेने के लिए टीम के साथ गए हुए थे. अब जब तीस वर्ष से अधिक समय के बाद भगवान राम अपने विराट स्वरूप के साथ अपने भव्य महल में विराजेंगे तो उस उसे घड़ी को हम सब भी देखना चाहते है.

### करोड़ों की गटक गए मांस-मदिरा

**धनबाद ।**31 की रात और पहली जनवरी को धनबाद के लोगों ने करोड़ों रुपये की शराब पी ली. लाखों रुपये का मटन व चिकन डकार गए, मटन व चिकन दुकानों के अलावा केक व मिठाई दुकानों में काफी भीड़ रही. जिले के लगभग सारे इलाकों में नव वर्ष का जश्न पूरे खुमार पर देखा गया. शहर व ग्रीमण क्षेत्र की शराब दुकानों में देर रात तक दुकानें खुली रही और कई स्थानों पर तो नंबर लगाने के बाद शराब की बोतल खरीदा जा सके. यहां भी कई दुकानों में शराब की कीमत से 20 रुपये अधिक वसूली गई. बावजूद इसके शराब की बिक्री में कोई कमी नहीं, एक अनुमान के मुताबिक धनबाद जिले में करीब तीन करोड़ रुपये की सिर्फ शराब की बिक्री हुई है.

---

झारखंड में राज्यपाल व केंद्रीय मंत्री ने किया किसान समागम का शुभारंभ

# राज्यपाल ने कहा- कृषि में हो रहा है क्रांतिकारी परिवर्तन

**संवाददाता ।खरसावां**

राज्यपाल राधाकृष्णन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री ने जय जवान-जय किसान का नारा दिया था, जो पीएम मोदी के प्रयासों से सार्थक सिद्ध हो रहा है. उक्त बातें सोमवार को राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने कही. वे विकसित गांव-विकसित भारत थीम पर खरसावां, झारखंड में किसान समागम (कृषि मेला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम) का शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा किउन्होंने ने कहा कि आज राष्ट्रपति पद को आदिवासी महिला- द्रौपदी मुर्मु सुशोभित कर रही हैं.

**150 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे :** 150 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे, जहां बड़ी संख्या में किसानों ने जानकारी लेकर लाभ प्राप्त किया. किसानों के लिए केंद्र की योजनाओं का लघु फिल्म द्वारा प्रचार-प्रसार किया गया. किसानों को इफको द्वारा नैनो यूरिया किट, एचआईएल द्वारा सुरक्षा किट व पौधों का वितरण किया गया. चारा बीज उत्पादन पर प्रशिक्षण के साथ कृषि अवसंरचना कोष, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्राकृतिक खेती, ड्रोन का उपयोग, कृषि को उद्यम के रूप में विकसित करने, नैनो यूरिया सहित पीपीवीएफआरए गतिविधियों व अन्य योजनाओं के बारे में जागरूकता का प्रसार किया गया. माध्यमिक कृषि, मुर्गीपालन, एकीकृत कृषि प्रणाली आदि से अवगत कराया गया



### विकसित भारत के संकल्प को मिलकर पूरा करें: मुंडा

इसी तरह आदिवासी नेता श्री अर्जुन मुंडा को जनजातीय कार्य के साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय का प्रभार प्रधानमंत्री ने सौंपा है. स्टालों का अवलोकन करते हुए मैंने देश में कृषि क्षेत्र में अहम बदलाव को महसूस किया है, केंद्रीय योजनाओं के जरिये क्रांतिकारी बदलाव करते हुए कृषि को बढ़ावा दिया जा रहा है .प्रधानमंत्री से हमने झारखंड के लिए रेलवे इलेक्ट्रिक लाइन सहित अनेक सुविधाओं का आग्रह किया था, जो पूरी हुई हैं. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि गांवों-कस्बों-शहरों को विकसित बनाने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सरकार योजनाबद्ध ढंग से काम कर रही है.

### कई संस्थान हुए शामिल


केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की विभिन्न संस्थाओं, राष्ट्रीय बीज निगम, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, इफको, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, अटारी (पटना), कृषि विज्ञान केंद्रों, नेफेड, नाबार्ड व राज्य की विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर यह वृहद आयोजन किया गया, जिसमें हजारों किसान शामिल हुए. मेले में सांसद संजय सेठ व बिद्युत बरन महतो सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक, वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे.

### पतरातू प्रखंड कार्यालय में शॉर्ट सर्किट से मची अफरा-तफरी

**पतरातू।** प्रखंड व अंचल कार्यालय में सोमवार को अचानक शॉर्ट सर्किट होने से पूरे ऑफिस में अफरा तफरी मच गई. लेकिन, स्थिति पर जल्दी काबू पाया गया . जिससे बड़ा हादसा टल गया. जानकारी के अनुसार प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित ट्रांसफार्मर में पंछी के बैठने और ग्यारह हजार वोल्टेज के संपर्क में आने के कारण शॉट सर्किट हुआ. इस शॉट सर्किट में पंछी की तो मौके पर ही मौत हो गई. लेकिन ग्यारह हजार का तार फोर फॉटी में सड़ गया. जिससे कि पूरे प्रखंड मुख्यालय कैंपस में ग्यारह हजार का करंट दौड़ गया. संभावना जताई जा रही है कि इस शॉर्ट सर्किट में प्रखंड कार्यालय के पंखे कंप्यूटर बल्ब इनवर्टर आदि सामानों को काफी क्षति हुई है. मौके पर अंचलाधिकारी ने तुरंत, बिजली विभाग एवं फायर ब्रिगेड को कॉल किये.

### आओ जानें
## भारतीय तेल शोधशालाएं

| तेल शोधनशालाएं | स्थापना वर्ष | तेल शोधनशालाएं | स्थापना वर्ष |
|---|---|---|---|
| डिग्बोई (असम) | 1901 | कोचीन | 1966 |
| मुम्बई (एच.पी.सी.एल.) | 1954 | चेन्नई | 1969 |
| मुम्बई (बी.पी.सी.एल.) | 1955 | हल्दिया (पश्चिम बंगाल) | 1975 |
| विशाखापटनम | 1957 | बोगाईगाँव (असम) | 1979 |
| गुवाहाटी (असम) | 1962 | मथुरा (उत्तर प्रदेश) | 1982 |
| बरौनी (बिहार) | 1964 | करनाल (हरियाणा) | 1987 |
| कोयली (गुजरात) | 1965 | जामनगर (गुजरात) | 1999 |



## अयोध्या से आये निमंत्रण पत्र का हुआ वितरण

**संवाददाता। पाकुड़**



पंचवटी गीता परिवार पाकुड़ एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा अयोध्या से आए हुए अभिमंत्रित चावल एवं निमंत्रण पत्र का वितरण पाकुड़ शहर के कालिकापुर स्थित मंदिर, बलिहारपुर मंदिर, आदर्श नगर मंदिर एवं धूलियान रोड स्थित मंदिर एवं हिंदू धर्मावलंबी भक्तों के बीच किया गया. बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य श्री राम मंदिर का उद्घाटन होना है. जिसको लेकर देशभर में निमंत्रण पत्र बांटा जा रहा है, जिसको लेकर सोमवार को आरएसएस के स्वयंसेवकों एवं पंचवटी गीता परिवार के सदस्यों ने पाकुड़ शहर के मंदिरों एवं भक्तों के बीच निमंत्रण पत्र एवं अक्षत का वितरण किया गया. मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मृत्युंजय घोष समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

## बिट्टी बालपन प्ले स्कूल में मना बाल उत्सव, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**संवाददाता ।रांची**

बिट्टी बालपन प्ले स्कूल रविवार को बाल उत्सव का आयोजन किया गया. इसमें राजधानी रांची के विभिन्न इलाकों से अभिभावक अपने बच्चे को लेकर पहुंचे. यहां डांसिंग, सिंगिंग, स्पोर्टस, म्युजिकल चेयर, पेंटिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.बिट्टी बालपन प्ले स्कूल राजधानी रांची के रातू रोड के इन्द्रपुरी रोड नंबर-5 में है. स्कूल के प्राचार्य प्रणव अनामय ने बताया कि यहां हर वर्ष इसी तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके. साथ ही उनकी पढ़ाई के साथ उनकी कला को और बेहतर तरीके से निखारा जा सके. इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूल प्रबंधन पूरे समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम कर रहा है और बच्चों को एक स्थायी मंच प्रदान करता है. इस मेले का संचालन प्राचार्य प्रणव अनामय की देखरेख में हुआ. शिक्षिका सपना सिंह, नेहाशु चौधरी, रविता कुमारी, तनुराधा चौधरी तथा पप्पू सिंह समेत सभी कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया.

## गरीब लाचार, बीमार को राशन की किल्लत, जिप सदस्य ने किया सहयोग

**संवाददाता। मझिआंव।**



प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरबे के मिसीर बीघा टोला निवासी योगेश्वर प्रजापति के 40 वर्षीय पुत्र अजय प्रजापति को जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह ने एक बोरी चावल और एक बोरी गेहूं सहायता के रूप में दिया. बताते चले कि अजय कुमार बीते 4 वर्ष पूर्व छत से गिर गया था. इसके बाद उसके कमर से नीचे कोई भी अंग सही नहीं बचा. जिससे वह चलने से लाचार और असहाय हो गया है.

अजय कुमार घर में इकलौता कमाओ व्यक्ति था. इस संबंध में जानकारी देते हुए अजय कुमार ने बताया कि छत पर से गिरने के बाद कमर की रीढ़ की हड्डी के साथ-साथ दोनों पैर बिल्कुल बेकार हो चुके हैं जिसके कारण हमें तो तकलीफ है ही लेकिन पत्नी और बच्चों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. अजय ने बताया कि हमारा ग्रीन कार्ड है लेकिन कई महीनों से राशन नहीं मिला है जिसके कारण बच्चे भी भुखे रह जा रहे हैं.

कुछ खेत भी था तो वो बेच कर इलाज में ही लगा दिए. अजय ने अपील करते हुए कहा कि बाल बच्चों को पालने के लिए हमें सहयोग चाहिए. इस बात की जानकारी जब जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह को मिला तो उन्होंने एक बोरी चावल एवं एक बोरी गेहूं सहायता के रूप में दिया. इस संबंध में धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि असहाय व्यक्ति अजय कुमार को हर संभव लाभ दिलाने का प्रयास करूंगा और साथ ही कहा कि अजय को जब तक सरकारी राशन नहीं मिलता है . मौके पर मनोज कुमार साव, मोहन पासवान, प्रवीण कुमार सिंह, लालजी प्रजापति, लालमोहन प्रजापति, सत्या शर्मा सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे.

## नववर्ष पर मंदिरों में भीड़ डायवर्सिटी पार्क भी गुलजार

**संवाददाता ।गोड्डा**



नववर्ष की सुबह पूजा अर्चना करने की लेकर मंदिरों में भक्तों की काफी भीड़ देखी गई. वहीं दोपहर बाद पार्क एवं नदी की किनारे चिन्हित पिकनिक स्पॉट पर लोगों का जमावड़ा लगा हुआ था. शहर से ठीक सटे कॉलेज मोड़ के समीप वन विभाग के डायवर्सिटी पार्क में भी सर्वाधिक भीड़ देखी गई. दोपहर के बाद हालात ऐसे थे कि डायवर्सिटी पार्क की ओर से निकलना मुश्किल था. भीड़ इस कदर उमड़ी कि घंटो जाम लगा रहा. चारों तरफ जाम इस कदर लगा था कि अगल-बगल से निकलना संभव नहीं हो पा रहा था. पिकनिक के साथ साथ धार्मिक मान्यताओं वाले माता योगिनी स्थान में भी दिन भर अच्छी खासी भीड़ लगी रही. प्रकृति के गोद में बसे मां योगिनी स्थान में पहुंचने वाले भक्तों की भीड़ का सालो भर माता के प्रांगन में जमावड़ा लगा रहता है. इस मंदिर की पौराणिक धार्मिक मान्यताओं के साथ ही प्रकृति ने भी इस इस क्षेत्र में अपनी विशेष कृपा दृष्टि बना रखी है. प्राकृतिक सुंदरता की वजह से भी मां योगिनी स्थान परिसर में नववर्ष के आगमन पर लोगों की भारी भीड़ जुटती है. जिला जिला मुख्यालय से सेट गोड्डा महगामा मुख्य सड़क पर करीब पंद्रह 15 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित होने के कारण यहां अगल-बगल क्षेत्र से तो लोग पहुंचते ही है बगल के पड़ोसी राज्य बिहार बंगाल से भी आने वाले सैलानियों की संख्या कम नहीं होती है.

---

**समीक्षा** 2023 में गुमला पुलिस को नक्सल अभियान में मिली सफलता

# लेकिन.. चोरों व शरारती ने किया नाको दम

**संवाददाता। गुमला**

वर्ष 2023 में गुमला पुलिस को नक्सल अभियान में भले ही बड़ी सफलता मिली है लेकिन चोर और शरारती पुलिस को नाको दम कर रहा है. वर्ष 2023 में गुमला पुलिस ने दो इनामी नक्सली को मार गिराया जिसमें राजेश उरांव और लजीम अंसारी के नाम शामिल हैं.

नक्सल के खिलाफ पुलिस के बढ़ते दबिश और बैकफुट पर जाते नक्सलियों को देखते हुए सब जोनल कमांडर खुदी मुंडा ने आत्मसमर्पण कर दिया. पुलिस ने इस वर्ष 27 नक्सलियों की गिरफ्तार कर जेल भी भेजा है. नक्सल अभियान के अलावे भी गुमला पुलिस की कुछ बड़ी उपलब्धियां रही हैं जिसमें दिल्ली से गुप्ता बस में उड़ीसा ले जा रहे लगभग सात करोड़ कैश को गुमला पुलिस ने पकड़ा. ओडिशा से बिहार ले जाने के दौरान भारी मात्रा में गांजा व अफीम भी गुमला पुलिस के हाथ लगे. लेकिन घरों में सेंधमारी, दुकानों में चोरी और साबर अपराध करने वाले अपराधियों ने पुलिस को नाको दम कर रखा.




फाइल फोटो

घर व दुकानों में एक दर्जन से अधिक चोरी की घटना हुई हे लेकिन चोरों का पता लगाने में पुलिस विफल साबित हुई है. जबकि अपराध नियंत्रण के लिए पूरे शहर को सीसीटीवी कैमरा से आच्छादित किया गया है. थाना और पुलिस नियंत्रण कक्ष में सीसीटीवी कैमरा से पूरे शहर की निगरानी हो रही है. गश्ती भी हो रही है. इसके बावजूद चोर तू डाल-डाल तो मैं पात-पात के कहावत को चरितार्थ कर रहें हैं. पिछले वर्ष की तुलना में हत्या भले ही कम हुई है लेकिन ढाई साल पहले हुई हत्या के शव का कंकाल की बरामदगी गुमला के इतिहास की लिए पहली घटना है. इस वर्ष कुल 22 हत्याएं हुई है जबकि वर्ष 2022 में 88 हत्याएं हुई थी. पिछले पांच वर्षों में हत्या की घटना में दिन प्रतिदिन कमी आ रही है.

# हॉकी : बालक वर्ग में झारखंड को रजत, बालिका वर्ग में कांस्य

**संवाददाता । लापुंग**



स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले राष्ट्रीय स्कूली हॉकी प्रतियोगिता अंडर-14 बालक वर्ग में झारखंड की टीम को रजत पदक और अंडर-14 बालिका वर्ग में कांस्य पदक जीता. अतिथियों ने दोनों टीमों को पुरस्कृत किया. स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले राष्ट्रीय स्कूली हॉकी प्रतियोगिता अंडर-14 बालक वर्ग में फाइनल में ओड़िशा से पराजित हो गई और दूसरे स्थान पर रहने के कारण झारखंड की टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा. फाइनल में ओड़िशा और झारखंड की टीम पहले हाफ तक गोल रहित खेली. सेकेंड हाफ में ओडिशा की टीम एक गोल दागकर झारखंड को 1-0 से पराजित किया. झारखंड के टीम को रनर कप एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया. वहीं बालिका वर्ग अंडर-14 में झारखंड के टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा. झारखंड की टीम सेमीफाइनल में मध्यप्रदेश से हार गई. झारखंड को तीसरा स्थान मिला. दोनों टीमों को झारखंड राज्य के कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेंग सोरेंग ने बधाई दी और कहा कि टीम और भी अच्छी तरह से तैयारी करेगी और अगले वर्ष स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहेगी. इस मौके पर मुख्य रूप से एचओडी अरुण कंचन कुजूर, कोच एम्मा बाड़ा, असिस्टेंट कोच सह टीम के मैनेजर राकेश रोशन तिग्गा, सहित अन्य लोगों ने खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया.

केपटाउन । नए साल के पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों ने यहां बुधवार से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले टेस्ट मैच के लिए जमकर अभ्यास किया.

# नए साल में खिलाड़ियों ने किया जमकर अभ्यास



01 शॉर्ट गेंदों पर कोहली ने किया अभ्यास



02 अभ्यास से पहले स्ट्रेचिंग करते दिखे शुभमन गिल



03 अभ्यास सत्र के दौरान पिच का जायजा लेते राहुल



04 मोहम्मद सिराज ने मुकेश को दिए गेंदबाजी टिप्स

## ब्रीफ खबरें

### किशोर व मनु एआईयू के आरटीपी में शामिल

**नयी दिल्ली ।** एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना और डीपी मनु को भी ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ वैश्विक ट्रैक एवं फील्ड की डोपिंग रोधी निगरानी संस्था एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल कर दिया गया है. मौजूदा विश्व चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा पिछले कुछ समय से आरटीपी में शामिल हैं लेकिन जेना और मनु को पहली बार इसमें शामिल किया गया है जिससे भाला फेंक में विश्व स्तर पर भारतीय खिलाड़ियों के दबदबे का पता चलता है.

### मां बनने वाली हैं पेट्रा क्वितोवा

**प्राग ।** दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन पेट्रा क्वितोवा ने नए साल में घोषणा की कि वह अपने पहले बच्चे की मां बनने वाली हैं. क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वर्ष 2024 के पहले दिन मैं आपको नए साल की बधाई देती हूं और एक रोमांचक खबर आपके साथ साझा कर रही हूं कि मैं और जिरी इन गर्मियों में अपने परिवार में बच्चे का स्वागत करेंगे. क्वितोवा ने जुलाई 2023 में अपने कोच जिरी वानेक से शादी की थी. यह 33 वर्षीय खिलाड़ी अभी विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर हैं. वह 2011 और 2014 में विंबलडन चैंपियन बनी थी. क्वितोवा को ऑस्ट्रेलियाई ओपन की प्रवेश सूची में शामिल किया गया है.

### 4 को रांची विवि क्रिकेट टीम का चयन परीक्षण

**रांची ।** रांची विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम के गठन के लिए खिलाड़ियों का चयन परीक्षण चार जनवरी को होगा. चयन परीक्षण सुबह 10 बजे से शाखा मैदान में आयोजित किए जाएंगे. इस चयन पिछले दिन आयोजित लोहरदगा में अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ियों को बुलाया जाएगा. इसके अलावा जो कॉलेज इसमें भाग नहीं ले सके, उसके दो-दो खिलाड़ी इस चयन परीक्षण में भाग ले सकते हैं. दैनिक खिलाड़ियों की सूची कॉलेज में भेज दी जाएगी.

## महिला क्रिकेट : भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा वनडे आज

# हार का सिलसिला तोड़ने उतरेगा भारत

**भाषा । मुंबई**

पिछले दो मैच में करीबी अंतर से पराजय झेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर लगातार नौ मैच से चला आ रहा हार का सिलसिला खत्म करने की कोशिश करेगी. इस मैच में सभी का ध्यान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के प्रदर्शन पर टिका रहेगा. भारत ने वनडे श्रृंखला से पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच जीते थे. इन दोनों मैच और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे मैच में हरमनप्रीत अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई. हरमनप्रीत ने इस सत्र में अब तक सभी प्रारूप में जो आठ पारियां खेली हैं उनमें से केवल तीन पारियों में वह दोहरे अंक तक पहुंच पाई. इस बीच उनका सर्वोच्च स्कोर 49 रन रहा जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में बनाया था. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच की एकमात्र पारी में हरमनप्रीत खाता भी नहीं खोल पाई थी जबकि पहले दो वनडे में उन्होंने 9 और 5 रन बनाए. ऑस्ट्रेलिया ने यह दोनों में जीत कर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर रखी है. पहले मैच में भारतीय गेंदबाज नहीं चल पाए थे और 8 विकेट पर 282 रन बनाने के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा था. दूसरे मैच में भारत का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा था और उसने सात कैच छोड़े थे. ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच तीन रन से जीता था. दूसरे मैच में रिचा घोष ने 113 गेंद पर 96 रन की लाजवाब पारी खेली थी जबकि जेमिमा रोड्रिग्स ने बल्लेबाजी में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा था. रिचा घोष नंबर तीन पर भारत की नई स्टार है जो टीम को आक्रामक शुरुआत देने में सक्षम है. दूसरी तरफ अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा पर दबाव होगा क्योंकि पिछले मैच में अच्छी स्थिति में होने के बावजूद वह टीम को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा पाई थी.

**क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगा ऑस्ट्रेलिया :** ऑस्ट्रेलिया की बात है तो वह श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगा. उसकी कप्तान एलिसा हीली भी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं लेकिन फोएबे लीचफील्ड और एलिसे पेरी ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई है और वह तीसरे वनडे में भी इसे जारी रखने की कोशिश करेंगी.

### खास बातें

- तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे है ऑस्ट्रेलिया
- पिछले दो मैचों में करीबी अंतर से हारी है भारतीय टीम

**2007** के बाद से घरेलू मैदान में ऑस्ट्रेलिया से नहीं जीत पाया है भारत

**1:30** बजे दोपहर से होगा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच



### भारतीय टीम को क्षेत्ररक्षण में सुधार की जरूरत



भारतीय टीम के लिए हालांकि सबसे बड़ी चिंता क्षेत्ररक्षण में खराब प्रदर्शन है. मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने स्वीकार किया कि टीम को इस विभाग में सुधार करने की जरूरत है. भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान का फरवरी 2007 के बाद से नहीं हरा पाई है और अगर उसे हार का यह सिलसिला खत्म करना है तो उसकी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा. इस बीच मजूमदार ने पुष्टि की कि स्नेह राणा तीसरे मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेगी. वह दूसरे वनडे में क्षेत्ररक्षण करते समय पूजा वस्त्राकर से टकराकर चोटिल हो गई थी.

### टीमें

- **भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), रिचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर , तितास साधु, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, हरलीन देयोल.
- **ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), डार्सी ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, जेस जोनासेन, एलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी (विकेटकीपर), एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम

## आओ जानें

### भारत में 2024 में होने वाले प्रमुख स्पोर्ट्स इवेंट्स

| इवेंट | खेल | वेन्यू | तारीख |
|---|---|---|---|
| हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स | हॉकी | रांची | 13-19 जनवरी |
| इंडिया ओपन | बैडमिंटन | नई दिल्ली | 16-21 जनवरी |
| सैफ जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप | एथलेटिक्स | चेन्नई | 12-14 अप्रैल |
| वर्ल्ड जूनियर अंडर 20 चैंपियनशिप | चेस | नई दिल्ली | 1-14 जून |
| इंडियन ग्रां प्री मोटो | जीपी | ग्रेटर नोएडा | 20-22 सितंबर |
| सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप | एथलेटिक्स | रांची | 4-6 अक्टूबर |
| सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल | बैडमिंटन | लखनऊ | 26 नवंबर -1 दिसंबर |
| इंडिया सुपर 100 I | बैडमिंटन | तय नहीं | 3-8 दिसंबर |
| इंडिया सुपर 100 II | बैडमिंटन | तय नहीं | 10-15 दिसंबर |

# रबादा की तकनीक उन्हें विशेष गेंदबाज बनाती है : डोनाल्ड

**भाषा । केपटाउन**



पूर्व महान तेज गेंदबाज एलेन डोनाल्ड का मानना है कि कागिसो रबादा की भूख और गेंद को फेंकने की उनकी बेजोड़ तकनीक उन्हें दक्षिण अफ्रीका का आधुनिक युग का महान गेंदबाज बनाती है. रबादा क्यों विशेष गेंदबाज हैं इसके बारे में विस्तार से बताते हुए डोनाल्ड ने कहा कि रबादा का कूल्हा भाला फेंक के खिलाड़ी की तरह घूमता है जिससे उन्हें अतिरिक्त गति मिलती है. डोनाल्ड ने कहा कि रबादा की गेंदबाजी शैली अतीत के महान गेंदबाजों की तरह है. दक्षिण अफ्रीका के लिए 61 मैच खेलने वाले 28 साल के रबादा 300 टेस्ट विकेट के आंकड़े से सिर्फ 13 विकेट दूर हैं. पूर्व तेज गेंदबाज और अब कोच डोनाल्ड ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि कौशल एक चीज है लेकिन उसमें गेंद को बल्लेबाज से दूर ले जाने की शानदार क्षमता है.

## हम तदर्थ समिति व मंत्रालय के निलंबन को नहीं मानते

# राष्ट्रीय चैंपियनशिप होगी : संजय सिंह

**भाषा । नयी दिल्ली**



भारतीय कुश्ती पर छाये संकट के बादल हटने का नाम नहीं ले रहे और अब निलंबित डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने सोमवार को कहा कि वे तदर्थ समिति या खेल मंत्रालय द्वारा लगाये गए निलंबन को नहीं मानते और राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन करेंगे. भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव के तीन दिन बाद ही मंत्रालय ने महासंघ को निलंबित कर दिया. सरकार के अनुरोध पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया जिसके अध्यक्ष भूपेंदर सिंह बाजवा होंगे. समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व हॉकी खिलाड़ी एम एम सोमाया और पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर हैं. तदर्थ समिति ने सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप दो से पांच फरवरी को जयपुर में कराने का ऐलान किया है. संजय ने पीटीआई से कहा कि हमारा चुनाव लोकतांत्रिक ढंग से हुआ है. निर्वाचन अधिकारी ने कागजों पर दस्तखत किये जिसे वे कैसे अनदेखा कर सकते है. हम इस तदर्थ समिति को नहीं मानते. यह पूछने पर कि राष्ट्रीय चैंपियनशिप कैसे होगी, उन्होंने कहा कि हम इस निलंबन को नहीं मानते. डब्ल्यूएफआई अच्छे से काम कर रही है.

### खास बातें

- चुनाव के तीन दिन के बाद महासंघ को किया था निलंबित
- आईओए ने किया था तीन सदस्यी तदर्थ समिति का गठन

## यूनाइटेड कप : जोकोविच ने दिलाई सर्बिया को जीत

**भाषा । पर्थ (ऑस्ट्रेलिया)**

नोवाक जोकोविच ने पर्थ में एक दशक के बाद पहला मैच खेलते हुए यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट में सर्बिया को चीन पर 2-1 से जीत दिलाई. जोकोविच ने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के इस शहर में इससे पहले अपना अंतिम मैच 2013 में होपमैन कप में खेला था. जोकोविच ने एकल मैच में झांग झिझेन को 6-3, 6-2 से हराया और फिर ओल्गा डेनिलोविच के साथ मिलकर निर्णायक मिश्रित युगल में झेंग क्विनवेन और झांग के खिलाफ 6-4, 1-6, 10-6 से जीत दर्ज की. झेंग ने इस बीच डेनिलोविच को 6-4, 6-2 से हराकर चीन को बराबरी दिलाई थी. चीन ने अपने पहले मुकाबले में चेक



गणराज्य को 3-0 से हराया था लेकिन अब सर्बिया भी ग्रुप ई से आगे बढ़ने की दौड़ में शामिल हो गया है.

### क्वार्टर फाइनल में पोलैंड, नार्वे जीता

**सिडनी ।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने दबाव में अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए पोलैंड को सोमवार को यहां स्पेन पर 2-1 से जीत दिलाकर यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह दिलाई. एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने ह्यूबर्ट हर्काज को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर स्पेन को 1-0 की बढ़त दिला दी थी. इसके बाद स्वियातेक ने महिला एकल में सारा सोरिबेस टोर्मो को 6-2, 6-1 से पराजित करके मुकाबला बराबरी पर ला दिया. स्वियातेक और हर्काज इसके बाद मिश्रित युगल में 6-0, 6-0 से आसान जीत दर्ज करके पोलैंड की अंतिम आठ में जगह सुरक्षित की. इस बीच कैस्पर रूड ने क्रोएशिया के खिलाफ एकल और मिश्रित युगल में जीत दर्ज करके नॉर्वे की क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा. डोना वेकिच ने मैलेन हेल्गो को 7-5, 3-6, 6-3 से हराकर क्रोएशिया को 1-0 की बढ़त दिला दी. रूड ने फिर बोर्ना कोरिच को 6-4, 6-1 से हराकर मुकाबले को निर्णायक मिश्रित युगल मैच में पहुंचा दिया, जिसे नॉर्वे ने टाईब्रेकर में जीता.

## दिग्गज : ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ने अपने अंतिम टेस्ट मैच से पहले की बड़ी घोषणा

# टेस्ट के बाद अब डेविज वार्नर ने वनडे क्रिकेट से भी लिया संन्यास

**भाषा । सिडनी**

दिग्गज बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने से पहले सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भी संन्यास लेने की घोषणा की लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टी-20 क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगे. इस 37 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने हालांकि स्पष्ट किया है कि अगर 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम को उनकी जरूरत पड़ती है तो वह चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे.

अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलने से पहले वार्नर ने खुलासा किया कि ऑस्ट्रेलिया का नवंबर में भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल उनका 50 ओवर के प्रारूप में आखिरी मैच था. उन्होंने कहा कि इसलिए मैं आज इन प्रारूप से संन्यास लेने का फैसला कर रहा हूं जिससे मुझे दुनिया भर के अन्य लीग में खेलने का भी मौका मिलेगा. मैं जानता हूं कि चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन जल्द होगा. इन दो वर्षों में अगर मैं अच्छी क्रिकेट खेलता रहा और उन्हें मेरी जरूरत महसूस होती है तो मैं चयन के लिए उपलब्ध रहूंगा. दुनिया के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक वार्नर के नाम पर वनडे विश्व कप के दो खिताब दर्ज हैं जिनमें विश्व कप 2023 में भारत के खिलाफ फाइनल की जीत भी शामिल है। इस टूर्नामेंट में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे.



### कप्तानी पर बैन से निपटा जा सकता था : वार्नर

डेविड वार्नर ने सोमवार को कहा कि 2018 के गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण के बाद उनके कप्तानी करने पर लगे आजीवन प्रतिबंध से बेहतर तरीके से निपटा जा सकता था लेकिन वह इस मामले से आगे बढ़ गए हैं. टीम के साथी कैमरन बैनक्रॉफ्ट के पैंट की जेब में सैंडपेपर (रेगमाल) के साथ पकड़े जाने के बाद वार्नर के कप्तानी करने पर आजीवन प्रतिबंध लगाया गया था और ऑस्ट्रेलिया ने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केप टाउन टेस्ट के दौरान गेंद से छेड़छाड़ की बात स्वीकार की थी.

**वार्नर का वनडे करियर**

| मैच | रन | औसत | |
|---|---|---|---|
| 161 | 6932 | 45.30 | शतक : 22<br>अर्धशतक : 33 |

**2025** के चैंपियंस ट्रॉफी के चयन के लिए रहेंगे उपलब्ध

- टी-20 क्रिकेट में खेलते रहेंगे डेविड वार्नर

### 2009 में वार्नर किया था वनडे करियर का आगाज

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वार्नर ने 2009 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होबार्ट में अपने वनडे करियर का आगाज किया था. उन्होंने अपने करियर में 161 वनडे मैच खेले जिनमें 45.30 की औसत से 6932 रन बनाए. उनके नाम पर इस प्रारूप में 22 शतक और 33 अर्धशतक भी दर्ज हैं. वह ऑस्ट्रेलिया की तरफ से वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे नंबर पर हैं. ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में वह रिकी पोंटिंग के बाद दूसरे स्थान पर हैं.

# ओसाका ने मां बनने के बाद की कोर्ट पर सफल वापसी

**भाषा । ब्रिस्बेन**

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने मां बनने के बाद टेनिस कोर्ट पर सफल वापसी करते हुए सोमवार को यहां ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत दर्ज की. जर्मनी की तमारा कोरपात्श के खिलाफ ओसाका दूसरे सेट में 5-3 पर मैच के लिए सर्विस कर रही थी लेकिन उन्होंने अपनी सर्विस गंवा दी. यह सेट आखिर में टाइब्रेकर तक खिंचा जिसमें ओसाका ने 6-3, 7-6 (9) ने जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह बनाई. ऑस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन की पूर्व विजेता ओसाका गर्भवती होने के कारण पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गई थी. जुलाई में उन्होंने बिटिया को जन्म दिया था. ओसाका ने मैच के बाद



कहा कि पूरे मैच के दौरान मैं वास्तव में काफी नर्वस थी. मैं सभी दर्शकों का आभार व्यक्त करती हूं जिन्होंने मेरा हौसला बढ़ाया. ओसाका अगले दौर में विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में तीन बार की चैंपियन कैरोलिना प्लिस्कोवा से भिड़ेंगी.

## रेत पर चलाया कला का 'सुदर्शन'



अंतरराष्ट्रीय रेत कलाकार पद्मश्री सुदर्शन पटनायक ने पुरी समुद्र तट पर रेत से श्रीजगन्नाथ महाप्रभु की 25 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई है। साभार : एक्स

## आओ जानें

### परमाणु ऊर्जा उत्पादन का हिस्सा

| | | | |
|---|---|---|---|
| फ्रांस : | 63% | यूके : | 15% |
| स्लोवाकिया : | 59% | पाकिस्तान : | 15% |
| यूक्रेन : | 58% | यूएई : | 13% |
| बेल्जियम : | 46% | कनाडा : | 13% |
| हंगरी : | 44% | बेलारूस : | 12% |
| स्लोवेनिया : | 42% | ताइवान : | 8% |
| स्विट्ज़रलैंड : | 37% | जापान : | 5% |
| चेकिया : | 36% | अर्जेंटीना : | 5% |
| फिनलैंड : | 34% | चीन : | 5% |
| बुल्गारिया : | 32% | दक्षिण अफ्रीका : | 5% |
| स्वीडन : | 30% | नीदरलैंड : | 3% |
| दक्षिण कोरिया : | 28% | मेक्सिको : | 3% |
| आर्मेनिया : | 25% | भारत : | 3% |
| स्पेन : | 20% | ब्राजील : | 2% |
| रोमानिया : | 20% | ईरान : | 1% |
| रूस : | 20% | ऑस्ट्रिया : | 0% |
| यूएसए : | 18% | जर्मनी : | 0% |

## जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद में कमी आई, सफाया नहीं हुआ है: डीजीपी

भाषा। जम्मू



जम्मू-कश्मीर के पुलिस प्रमुख आर आर स्वैन ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद में कमी आई है लेकिन यह पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है. उन्होंने पुलिस कर्मियों से शांति की दिशा में काम करने के लिये कहा ताकि मतदाता और उम्मीदवार बिना किसी डर के चुनाव में भाग ले सकें. पुलिस अधिकारियों को अपने नए साल के संदेश में, स्वैन ने कहा कि 2024 में उनके समक्ष चुनौती, ध्वस्त आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को 'किसी भी रूप में या मामूली रूप से भी जड़ें जमाने अथवा फिर से उभरने का मौका' नहीं देना है. उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में केंद्र को इस साल 30 सितंबर तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया है. केंद्र शासित प्रदेश में शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों ने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है. पांच पृष्ठ के संदेश में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने कहा, ''शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के लिये हमें पूरी तरह तैयार रहने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण वातावरण निवेश, रोजगार सृजन और नए उद्यमों की स्थापना के लिए एक शर्त है.

## ब्रीफ खबरें

### ट्रेन में नहीं जाने देने पर यात्रियों ने किया हंगामा

**गुरुग्राम ।** राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर जा रहे यात्री ट्रेन में भीड़ होने के कारण रेलवे ट्रैक पर बैठ गए क्योंकि ट्रेन में अंदर बैठे यात्रियों ने उन्हें अंदर नहीं चढ़ने दिया. पुलिस ने सोमवार को जानकारी दी. गुस्साए यात्रियों ने ट्रेन को करीब 30 मिनट तक रोके रखा. अंत में यात्री रेलवे स्टेशन प्रशासन और रेलवे पुलिस से बातचीत के बाद ही ट्रैक खाली करने को राजी हुए. पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार रात करीब 8.10 बजे उस वक्त की है. ट्रेन में पहले से ही भारी भीड़ थी. ऐसे में ट्रेन में अंदर बैठे यात्रियों ने बाहर खड़े यात्रियों की कोई मदद नहीं की.

### बीजद ने दामोदर राउत का निष्कासन आदेश रद्द किया

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने अनुभवी नेता और पूर्व मंत्री दामोदर राउत का निष्कासन आदेश सोमवार को रद्द कर दिया. पटनायक के हस्ताक्षर वाले एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि दामोदर राउत के निष्कासन आदेश को तत्काल प्रभाव से हटाया जाता है. राउत सात बार के विधायक हैं. राउत को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोपों पर 12 सितंबर 2018 को बीजद से निष्कासित कर दिया गया था.

### चर्च ने मंत्री चेरियन पर साधा निशाना

**कोच्चि।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के क्रिसमस कार्यक्रम में शामिल होने वाले वरिष्ठ पादरी के खिलाफ केरल के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री साजी चेरियन द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर सोमवार को 'कैथोलिक चर्च' ने उनकी आलोचना की. 'द केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल' के प्रवक्ता फादर जैकब पलाकपिल्ली ने चेरियन की टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि उच्च पदों पर बैठे व्यक्तियों को ऐसे बयान से बचना चाहिए.

### गोवा में धर्म परिवर्तन के लिए पादरी गिरफ्तार

**पणजी।** धर्म परिवर्तन की घटना में कथित संलिप्तता के लिए एक पादरी को सोमवार को उत्तरी गोवा से गिरफ्तार किया गया. एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी. पुलिस द्वारा 'फाइव पिलर चर्च' के पादरी डोमनिक डिसूजा के खिलाफ प्राथमिकी में चमत्कारी इलाज कानून की धाराएं लगाई गई हैं. पुलिस उपाधीक्षक जिवबा दलवी ने कहा कि डिसूजा की पत्नी और उत्तरी गोवा के सियोलिम में स्थित चर्च के अज्ञात सदस्यों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है.

### सबरीमाला मंदिर में नव वर्ष पर श्रद्धालु उमड़े

**सबरीमाला।** दो दिन पहले मकरविलक्कू उत्सव के लिए खोले गये सबरीमाला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर में नव वर्ष के दिन भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. मंदिर सुबह तीन बजे खोला गया. इसके बाद निर्मल्यम् और अभिषेकम् अनुष्ठानों के बाद भगवान अयप्पा की मूर्ति का घी से भरे 18,018 नारियल से अभिषेक किया गया. मंदिर के मुख्य पुजारी पी.एन. महेश नंबूदरी और तंत्री (प्रधान पुजारी) कंडरारू महेश मोहनारारू की उपस्थिति में घी से अभिषेक (नेय्याभिषेकम्) किया गया.

## रूस के तटीय इलाकों में भी सुनामी का अलर्ट जारी

# भूकंप के बाद सुनामी का खतरा 33 हजार घरों की बिजली कटी

एजेंसी ।टोक्यो

जापान में भूकंप के तगड़े झटके लगने के बाद हजारों की संख्या में आबादी प्रभावित हुई है. इशिकावा में समुद्र की ऊंची लहरें डरा रही हैं. रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई है. रूस के तटीय इलाकों में भी सुनामी का अलर्ट जारी किया गया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक जापान के पश्चिमी तट के पास भूकंप के बाद सुनामी का खतरा मंडरा रहा है. जापान में भूकंप कितना चिंताजनक है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 33 हजार से अधिक घरों में बिजली सप्लाई बाधित हुई है.

**पिछले साल दिसंबर में आया था फिलीपींस में भूकंप :** पिछले साल दिसंबर की शुरुआत में फिलीपींस में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.8 मापी गई थी. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया था कि तड़के करीब 01:20 बजे भूकंप आया था. इसका केंद्र मिंडानाओ में 82 किमी की गहराई में था. अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने शुरुआत में फिलीपींस तट के कुछ हिस्सों में तीन मीटर (10 फीट) तक की लहरें उठने का अनुमान लगाया था, लेकिन बाद में सुनामी का कोई खतरा नहीं होने की घोषणा की. बयान में कहा गया कि सभी उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर भूकंप से सुनामी का खतरा अब टल गया है. जापान के दक्षिण-पश्चिमी तट पर एक मीटर (3.2 फीट) तक की सुनामी लहरें उठने की आशंका जताई गई थी.



### 2011 में हुई थीं 18 हजार मौतें

जापान में मार्च 2011 में नौ तीव्रता वाले विनाशकारी भूकंप के कारण जबर्दस्त सुनामी आई थी. तब उठी सुनामी की लहरों ने फुकुशिमा न्यूक्लियर प्लांट को तबाह कर दिया था. इसे पर्यावरण को नुकसान के लिहाज से बड़ी घटना माना गया था. तब समुद्र में उठी 10 मीटर ऊंची लहरों ने कई शहरों में तबाही मचाई थी. इसमें करीब 18 हजार लोगों की मौत हुई थी. जापान भूकंप के सबसे ज्यादा सेंसेटिव एरिया में है. यह पैसिफिक रिंग ऑफ फायर में आता है. रिंग ऑफ फायर ऐसा इलाका है जहां कॉन्टिनेंटल प्लेट्स के साथ ओशियनिक टेक्टॉनिक प्लेट्स भी मौजूद हैं. ये प्लेट्स आपस में टकराती हैं तो भूकंप आता है. इनके असर से ही सुनामी आती है और वॉल्केनो भी फटते हैं.

### भारतीय दूतावास की तरफ से आपातकालीन नंबर जारी

संवेदनशील और चिंताजनक मंजर के बीच भारतीय दूतावास की तरफ से आपदा से प्रभावित लोगों की मदद के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है. भारतीय दूतावास ने संपर्क के लिए ई-मेल एड्रेस भी जारी किया है. याकूब टोपनो, अजय सेठी और डीएन बर्नवाल के अलावा एस भट्टाचार्य और विवेक राठी के नंबर जारी किए गए हैं. दूतावास की तरफ से जारी बयान में कहा गया, एक जनवरी, 2024 को आए शक्तिशाली भूकंप और सुनामी के संबंध में आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है. जापान में स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि आपदा प्रभावित आबादी किसी भी सहायता के लिए पांच अधिकारियों के अलावा दो ई-मेल आईडी- sscons.tokyo@mea.gov.in और offfseco. tokyo@mea.gov.in पर भी संपर्क कर सकती है.

### पीओके में मौजूद 23 आतंकी भगोड़े घोषित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की एक अदालत ने सोमवार को किश्तवाड़ जिले के ऐसे 23 आतंकवादियों को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया, जो पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद हैं. पुलिस ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने कहा कि डोडा की विशेष यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) अदालत ने इन आतंकियों के खिलाफ दर्ज मामलों के संबंध में उसके सामने पेश होने के लिए एक महीने का समय दिया है, अन्यथा उनकी संपत्तियां कुर्क कर ली जाएंगी.

## 'हिट एंड रन' के मामलों में सख्त सजा के प्रावधानों पर विरोध तेज

# नये कानून के विरोध में चक्का जाम

भाषा। इंदौर

नये कानून में 'हिट एंड रन' के मामलों में सख्त सजा के प्रावधानों पर विरोध तेज करते हुए मध्यप्रदेश में चालकों ने मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य आम रास्तों पर सोमवार को चक्काजाम किया. इससे कई वाहन चालकों को परेशान होना पड़ा और आम जरूरत की चीजों के परिवहन पर असर पड़ा.

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस की परिवहन समिति के अध्यक्ष सील मुकाती ने को बताया कि हिट एंड रन के मामलों में सरकार द्वारा अचानक पेश कर दिए गए कड़े प्रावधानों को लेकर चालकों में आक्रोश है और उनकी मांग है कि इन प्रावधानों को वापस लिया जाए. उन्होंने कहा कि सरकार को हिट एंड रन के मामलों में विदेशों की तर्ज पर सख्त प्रावधान लाने से पहले विदेशों की तरह बेहतर सड़क और परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए.



### चालकों के लिए 10 साल तक की सजा का प्रावधान

भारतीय दंड विधान की जगह लेने जा रही भारतीय न्याय संहिता में चालकों के लिए 10 साल तक की सजा का प्रावधान है जो लापरवाही से गाड़ी चलाकर भीषण सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद पुलिस या प्रशासन के किसी अफसर को दुर्घटना की सूचना दिए बगैर मौके से फरार हो जाते हैं. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालकों ने इंदौर के गंगवाल बस स्टैंड के पास चौराहे पर बसें खड़ी करके चक्काजाम कर दिया और धरने पर बैठ गए जिससे राहगीरों को खासी परेशानी हुई. सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) हेमंत चौहान ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देकर चक्काजाम खत्म कराया गया.

### मणिपुर के मुख्यमंत्री ने सुरक्षा बलों पर हमले को लेकर जताई चिंता

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने राज्य के सुरक्षा बलों पर हमले को लेकर चिंता व्यक्त की और कहा कि एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही केंद्रीय नेताओं से मिलने और उन्हें स्थिति से अवगत कराने के लिए नयी दिल्ली जाएगा. सिंह का बयान शनिवार को टेंग्नौपाल जिले के सीमावर्ती कस्बे मोरेह में एक हमले में राज्य पुलिस के पांच कमांडो के घायल होने के बाद आया है. घायल कमांडो को हवाई मार्ग से इंफाल ले जाया गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि हाल के दिनों में राज्य के सुरक्षा बलों के खिलाफ अभूतपूर्व हमले एक गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा खतरा बन गए हैं. राज्य और केंद्रीय सुरक्षा बल सक्रिय रूप से स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखने में लगे हुए हैं.

## भारत-पाकिस्तान ने परमाणु ठिकानों की सूची साझा की

भाषा। नयी दिल्ली

तीन दशक से अधिक समय से जारी सिलसिले को बरकरार रखते हुए भारत और पाकिस्तान ने सोमवार को एक द्विपक्षीय समझौते के तहत अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया. यह समझौता दोनों पक्षों को एक-दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने से रोकता है.

विदेश मंत्रालय ने कहा कि सूची का आदान-प्रदान परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले को रोकने वाले एक समझौते के प्रावधानों के तहत हुआ. इसने कहा कि नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच राजनयिक चैनल के माध्यम से एक साथ सूची का आदान-प्रदान किया गया. विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और पाकिस्तान ने आज राजनयिक चैनल के माध्यम से नयी दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की सूची का आदान-प्रदान किया.

समझौते पर 31 दिसंबर, 1988 को हस्ताक्षर किए गए और 27 जनवरी, 1991 को यह लागू हुआ. समझौते के तहत दोनों देशों के बीच, हर वर्ष की पहली जनवरी को अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों के बारे में एक-दूसरे को सूचित करने का प्रावधान है. इस सूची का आदान-प्रदान कश्मीर मुद्दे के साथ-साथ सीमा पार आतंकवाद को लेकर दोनों देशों के बीच संबंधों में गतिरोध के बीच हुआ है.

## घटनाओं के विरोध में पार्टी कार्यकर्ता आज मोदी के बनारस स्थित कार्यालय का करेंगे घेराव

# पीएम के संसदीय क्षेत्र में हो रहे बलात्कार : अजय

भाषा। शाहजहांपुर

काशी हिंदू विश्वविद्यालय में एक छात्रा से कथित बलात्कार और उसका वीडियो बनाने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी प्रकोष्ठ के तीन पदाधिकारियों की गिरफ्तारी के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में हो रही इन घटनाओं के विरोध में पार्टी कार्यकर्ता मंगलवार को मोदी के बनारस स्थित कार्यालय का घेराव करेंगे. राय ने भी पूछा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री बताएं कि वाराणसी में गिरफ्तार तीनों भाजपा पदाधिकारियों के घरों पर बुलडोजर कब चलाया जाएगा? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया, कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में महिलाओं और बच्चों के साथ बलात्कार किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि इन घटनाओं को उजागर करने के लिए बनारस की हमारी जिला तथा महानगर इकाई प्रधानमंत्री के वाराणसी कार्यालय का मंगलवार को घेराव करेगी.

साथ ही प्रधानमंत्री से मांग करेगी कि वह अपने संसदीय क्षेत्र में हुई इस घटना के लिये देश से माफी मांगें. उन्होंने आरोप लगाया कि वाराणसी में भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के संयोजक कुणाल पांडे, प्रकोष्ठ कार्य समिति के सदस्य अभिषेक चौहान और सह संयोजक सक्षम पांडे को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भेज दिया गया था ताकि उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सके. राय ने दावा किया कि अगर चुनाव से पहले उनकी गिरफ्तारी हो जाती तो पूरे देश में संदेश जाता कि भाजपा के ये तीनों पदाधिकारी बलात्कारी हैं.



### बोला हमला

- गिरफ्तार भाजपा पदाधिकारियों के घरों पर बुलडोजर कब चलेगा?
- पीएम से मांग - वह इस घटना के लिये देश से माफी मांगें

## उपलब्धि पहले एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह का सफल प्रक्षेपण, इसरो प्रमुख ने कहा -

# एक और सफल अभियान पूरा, सभी को शुभकामनाएं

भाषा। श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह का सोमवार को प्रक्षेपण किया जो ब्लैक होल जैसे आकाशीय पिंडों के रहस्यों का अध्ययन करेगा.

इसरो के सबसे भरोसेमंद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) ने अपने सी58 मिशन में मुख्य एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह (एक्सपोसैट) को पृथ्वी की 650 किलोमीटर निचली कक्षा में स्थापित किया. पीएसएलवी ने यहां पहले अंतरिक्ष तल से सुबह नौ बजकर 10 मिनट पर उड़ान भरी थी. प्रक्षेपण के लिए 25 घंटे की उलटी गिनती खत्म होने के बाद 44.4 मीटर लंबे रॉकेट ने चेन्नई से करीब 135 किलोमीटर दूर इस अंतरिक्ष तल से उड़ान भरी.

एक्सपोसैट एक्स-रे स्रोत के रहस्यों का पता लगाने और 'ब्लैक होल' की रहस्यमयी दुनिया का अध्ययन करने में मदद करेगा. इसरो के अनुसार, यह खगोलीय स्रोतों से एक्स-रे उत्सर्जन का अंतरिक्ष आधारित ध्रुवीकरण माप में अध्ययन करने के लिए अंतरिक्ष एजेंसी का पहला समर्पित वैज्ञानिक उपग्रह है. इस मिशन का जीवनकाल करीब पांच साल है. एक्स-रे ध्रुवीकरण आकाशीय स्रोतों के विकिरण तंत्र और ज्यामिति की जांच के लिए एक महत्वपूर्ण नैदानिक उपकरण के रूप में कार्य करता है. मिशन नियंत्रण केंद्र से बाहर निकलते वक्त इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि आप सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं. एक जनवरी 2024 को पीएसएलवी का एक और सफल अभियान पूरा हुआ. पीएसएलवी-सी58 ने प्रमुख उपग्रह एक्सपोसैट को निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया है.

### खास बातें

- लक्षित कक्षा 650 किमी की वृत्ताकार कक्षा से तीन किमी दूर
- उपग्रह के सौर पैनल को सफलता से किया गया स्थापित



### 60वीं उड़ान की सफलता का जश्न मनाने की बेहद खुशी

मिशन निदेशक जयकुमार एम. ने कहा कि मुझे पीएसएलवी की 60वीं उड़ान की सफलता का जश्न मनाने के लिए बेहद खुशी है. उन्होंने कहा कि जो चीजें इस मिशन को और दिलचस्प बनाती हैं उनमें नयी प्रौद्योगिकियां हैं जिन्हें पोअम 3 प्रयोग में दिखाया जा रहा है, हमारे पास सिलिकॉन आधारित उच्च ऊर्जा वाली बैटरी, रेडियो उपग्रह सेवा है. उन्होंने कहा कि आज का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण अन्य पक्षकारों के साथ इसरो टीम के पूरे समूह द्वारा किए गए जबरदस्त प्रयासों से संभव हुआ है. यह मिशन इसरो के विभिन्न केंद्रों के विभिन्न दलों द्वारा किए गए प्रयासों के बिना संभव नहीं हो पाता.

## जरूरत पड़े तो अमेरिका का नामोनिशान मिटा दें : किम जोंग

भाषा। सियोल



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी सेना से कहा कि अगर अमेरिका और दक्षिण कोरिया उसके खिलाफ उकसावे की कार्रवाई करते हैं तो उनका नामोनिशान मिटा देना चाहिए. सरकारी मीडिया ने बताया कि इसके साथ ही किम ने अमेरिकी नेतृत्व वाले अभूतपूर्व टकराव से निपटने के लिए राष्ट्रीय रक्षा को मजबूत करने का संकल्प जताया है.

अमेरिका-दक्षिण कोरियाई सैन्य अभ्यास के विस्तार के जवाब में उत्तर कोरिया ने हाल के महीनों में इस तरह की बयानबाजी तेज कर दी है. विशेषज्ञों का मानना है कि नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले तक उत्तर कोरिया इस तरह की बयानबाजी और हथियारों का परीक्षण जारी रख सकता है. पिछले सप्ताह सत्तारूढ़ दल की पांच दिवसीय बैठक में किम ने कहा कि वह इस साल तीन और सैन्य जासूसी उपग्रह का प्रक्षेपण करेंगे, अधिक परमाणु हथियारों का उत्पादन करेंगे और हमला करने वाले ड्रोन तैयार करेंगे. पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह प्रयास भविष्य में अमेरिका पर कूटनीतिक दबाव बढ़ाने के लिए है.

### 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी-सुंदरीकरण अंतिम चरण में

# जय श्री राम के नारे के साथ अयोध्या में मनाया गया नये साल का जश्न




**भाषा । अयोध्या**

अयोध्या में 'जय श्री राम' के नारों के बीच नए साल का स्वागत करने के लिए रविवार को बड़ी संख्या में लोग प्रसिद्ध लता मंगेशकर चौक पर एकत्र हुए. रविवार रात 11 बजे इस प्रतिष्ठित चौराहे पर स्थानीय निवासियों के अलावा बाहर से आए लोगों का समूह सेल्फी और तस्वीरें लेता नजर आया. जैसे ही घड़ी में रात के 12 बजे, कई लोगों ने ''हैप्पी न्यू ईयर'' के नारे लगाए और बाद में कुछ ने ''जय श्री राम'' के नारे लगाए. इस चौक का नाम दिग्गज गायिका लता मंगेशकर के नाम पर रखा गया है. लता मंगेशकर चौक इस पवित्र शहर में सेल्फी लेने के लिए एक प्रसिद्ध स्थान बन गया है. शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने रोड शो के दौरान इस चौराहे पर रुके थे. अपने पति और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ 2024 का स्वागत करने यहां आईं रेखा सेनगुप्ता ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि रविवार को मेरा जन्मदिन है और कुछ ही समय में हम नया साल मनाएंगे. कल हमारी हनुमानगढ़ी, कनक भवन और नवनिर्मित हवाई अड्डे जाने की भी योजना है. लता मंगेशकर चौक सहित मंदिर शहर के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है. चौक पर जश्न मनाने पहुंचे कई लोगों ने 22 जनवरी को राम मंदिर में भगवान राम के बाल स्वरूप के विग्रह के होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर खुशी व्यक्त की. नीरज गुप्ता अपने दो दोस्तों के साथ बहराइच रोड से अयोध्या आए थे. उन्होंने कहा, ''हम अपने पूज्य भगवान राम के पवित्र जन्मस्थान पर नए साल का जश्न मनाने आए हैं. कल (एक जनवरी) हम पवित्र स्नान करने के लिए सरयू नदी जाएंगे, शिव मंदिर में दर्शन करेंगे और फिर रामजन्मभूमि पर रामलला का आशीर्वाद लेंगे.



## राम मंदिर में 22 जनवरी दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर होगी प्राण-प्रतिष्ठा की रस्म : महासचिव चंपत राय

अयोध्या में भगवान राम के मंदिर में प्राण—प्रतिष्ठा की रस्म आगामी 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर होगी. राम मंदिर का निर्माण करा रही संस्था श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि ' 'प्राण—प्रतिष्ठा दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर होगी. उन्होंने कहा कि प्राण—प्रतिष्ठा के बाद आरती करो, पास—पड़ोस के बाजारों में, मुहल्लों में भगवान का प्रसाद वितरण करो और सायंकाल सूर्यास्त के पश्चात दीपक जलाओ. ऐसा ही निवेदन आग्रह प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) जी ने अयोध्या से सारे संसार का आह्वान करते हुए किया है. अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में ' 'रामलला' ' की प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को की जाएगी. इसे लेकर जोरदार तैयारियां की जा रही हैं. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश की अनेक जानी—मानी हस्तियों को आमंत्रित किया गया है. उच्चतम न्यायालय ने नौ नवंबर 2019 को राम जन्म भूमि—बाबरी मस्जिद मामले में फैसला सुनाते हुए विवादित स्थल पर राम मंदिर का निर्माण कराने के आदेश दिये थे. इसके निर्माण के लिये श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया गया था.

### राम मंदिर के उद्घाटन का सार्वजनिक अवकाश हो: विधायक

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक अतुल भतखलकर ने सोमवार को कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है ताकि लोग अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन देख सकें. मुंबई के कांदिवली से विधायक ने कहा कि अवकाश सरकारी एवं निजी प्रतिष्ठानों दोनों में होना चाहिए. उन्होंने पहले से रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो में कहा कि छुट्टी होने से यह सुनिश्चित होगा कि हर कोई कार्यक्रम देख सकेगा. सोमवार को, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अयोध्या में पत्रकारों को बताया कि नवनिर्मित मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर होगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेंगे.

### भोपाल के फूलों से सजेगा राम मंदिर परिसर


भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की एक नर्सरी के बोगनविलिया फूलों का इस्तेमाल अयोध्या के राम मंदिर परिसर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले सजावट के लिए किया जाएगा. । भोपाल स्थित 'निसर्ग' नर्सरी के मालिक रामकुमार राठौड़ ने बताया कि उन्हें उत्तर प्रदेश के अयोध्या में फूलों की आपूर्ति का ठेका मिला है और वे 10 हजार फूलों की दो खेप पहले ही भेज चुके हैं. भगवान राम की 'प्राण प्रतिष्ठा' (अभिषेक) का समारोह 22 जनवरी को होगा और अवसर पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है. राठौड़ ने कहा कि हमें अयोध्या के राम जन्मभूमि से पांच से छह प्रकार के फूलों की आपूर्ति करने का ठेका मिला है, जिनमें सफेद, नारंगी, लाल और पीले सहित विभिन्न रंग के बोगनविलिया फूल शामिल हैं. इन प्रजातियों के फूल हर मौसम में खिलते हैं. उन्होंने कहा कि इन्हें ज्यादा देखभाल की जरूरत नहीं होती और कम पानी में भी इनका रखरखाव किया जा सकता है.


### ओडिशा के दो युवकों ने शुरू की अयोध्या के लिए पैदल यात्रा

**बेरहामपुर (ओडिशा)।** राम मंदिर में पूजा करने के लिए ओडिशा के दो युवक पैदल ही उत्तर प्रदेश के अयोध्या की यात्रा पर निकल पड़े हैं. अयोध्या में 22 जनवरी को निर्माणाधीन राम मंदिर में भगवान राम के बाल स्वरूप के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी. ओडिशा से पैदल निकले दोनों युवकों के 22 जनवरी तक अयोध्या पहुंचने की संभावना कम हैं, क्योंकि राज्य के गंजाम जिले के ब्रह्मपुर शहर से 1,400 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने में उन्हें 40 दिन से अधिक लग सकते हैं. अपनी यात्रा शुरू करने से पहले रविवार को 22 वर्षीय दोनों दोस्त चंदपुर इलाके के निवासी कुरेश बेहेरा और कनिशी के निवासी सोनू बिसोई ने ब्रह्मपुर शहर के पास राम मंदिर में पूजा की. पीठ पर बैग और हाथों में झंडे लिए जब दोनों यात्रा के लिए रवाना हो रहे थे तब मंदिर में एकत्र हुए स्थानीय लोगों ने 'जय श्री राम' के नारे लगाये और उनका उत्साहवर्धन किया. अगले 10-15 किलोमीटर तक कुछ लोग भी उनके साथ रहे. बेहेरा ने कहा कि इस दौरान उन्हें एकजुटता के सुखद क्षण का अहसास हुआ. महिलाओं सहित कई लोगों ने उनकी यात्रा के पहले दिन 'जय श्री राम' के नारे के साथ उनका स्वागत किया. बेहरा ने कहा कि अगले 40 दिनों में अयोध्या पहुंचने के लिए हमने हर दिन 30-35 किमी पैदल चलने का लक्ष्य रखा है. हम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होंगे लेकिन हम बाद में वहां पहुंच कर प्रार्थना और पूजा करेंगे. बिसोई ने कहा कि हम अयोध्या में मंदिर में विराजमान राम लला के दर्शन करना चाहते हैं. हमने अपनी यात्रा पर निकलने से पहले अपने गांव में भगवान राम का आशीर्वाद लिया है. बेहेरा और बिसोई दोनों निजी कंपनियों में काम करते हैं. उन्होंने रात में सड़क किनारे मंदिरों में रुकने और आध्यात्मिक मार्ग अपनाने की आवश्यकता पर लोगों को जागरुक करने की योजना बनाई है.

**सूर्य नमस्कार**

## 50 हजार लोगों ने सूर्य नमस्कार कर बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड





गुजरात में सोमवार को 108 स्थानों पर लोगों ने किया सूर्य नमस्कार

**एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात में सोमवार को 108 स्थानों पर एक साथ 50 हजार से ज्यादा लोगों ने सूर्य नमस्कार कर गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया. वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि राज्य ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ वर्ष 2024 का स्वागत किया. राज्य सरकार द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, 2024 के पहले ही दिन 108 स्थानों पर सबसे अधिक लोगों द्वारा एक साथ ''सूर्य नमस्कार'' करने के लिए गुजरात का नाम ''गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स'' में दर्ज किया गया. विज्ञप्ति के मुताबिक, इस राज्यव्यापी कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया. मेहसाणा जिले में मोढेरा सूर्य मंदिर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने हिस्सा लिया. मोदी ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा कि गुजरात ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ वर्ष 2024 का स्वागत किया है और 108 स्थानों पर एक साथ सबसे अधिक लोगों द्वारा सूर्य नमस्कार करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है. जैसा कि हम सभी जानते हैं कि 108 की संख्या हमारी संस्कृति में एक विशेष महत्व रखती है. सूर्य नमस्कार के स्थानों में प्रतिष्ठित मोढेरा सूर्य मंदिर भी शामिल है, जहां अनेक लोग इसमें शामिल हुए. उन्होंने कहा कि यह वास्तव में योग और अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का सच्चा प्रमाण है. मैं आप सभी से यह आग्रह करता हूं कि सूर्य नमस्कार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं. इसके बहुत अधिक लाभ हैं.

### अमित शाह ने भी की सराहना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस उपलब्धि की सराहना की. शाह ने 'एक्स' पर गुजरात में सूर्य नमस्कर करते हुए लोगों की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं. उन्होंने कहा कि 'हमारी संस्कृति ही हमारा गौरव है. गुजरात में गौरवान्वित महिलाओं और पुरुषों ने 108 स्थानों पर सूर्य नमस्कार कर 2024 का स्वागत किया और गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया. शाह ने कहा कि प्रत्येक गौरवान्वित राष्ट्रवादी ने मोढेरा सूर्य मंदिर जैसे स्थान को सूर्य नमस्कार कलाकारों के उत्साह से जगमगाते हुए देखकर खुशी महसूस की. इस कार्यक्रम को हर दिन योग का अभ्यास करने और स्वस्थ जीवन जीने की प्रतिज्ञा का आधार बनाएं.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# टेक्सटाइल इंजीनियरिंग खोलता है युवाओं के लिए कॅरियर का दरवाजा

### कॅरियर की संभावना

- टेक्सटाइल के क्षेत्र में अपना करियर शुरू करने के लिए ग्रेजुएट्स के लिए नौकरी के बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं. टेक्सटाइल टेक्नोलॉजिस्ट, प्रोसेस इंजीनियर, क्वालिटी कंट्रोल सुपरवाइजर आदि कुछ जॉब प्रोफाइल उपलब्ध हैं.
- आगे की पढ़ाई के लिए स्कोप भी उपलब्ध हैं जैसे एमटेक/एमई या यहां तक कि पीएचडी के बाद टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी जैसी विशेषज्ञता के साथ भी उपलब्ध हैं.

### स्किल्स

- आर्टिस्टिक्स एंड क्रिएटिव स्किल्स
- नॉलेज ऑफ ट्रैक्टर, पैटर्न, डाई एंड यान
- कलर, शेप एंड फॉर्म की समझ
- डिजाइन रिलेटेड सॉफ्टवेयर की नॉलेज
- कम्युनिकेशन
- प्रेजेंटेशन
- नेगोशिएशन स्किल्स
- प्रॉबलम सॉल्विंग स्किल्स
- टीम वर्क

### टेक्सटाइल इंजीनियर के काम

- टेक्सटाइल डोमेन के लिए ऐसे व्यक्तियों की आवश्यकता होती है, जिनके पास रिसर्च क्षमता, रचनात्मकता, नए और टिकाऊ कपड़ों को डिजाइन और विकसित करने का जुनून हो. इसके साथ टेक्सटाइल इंजीनियरिंग की कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी होती है, जिनके बारे में नीचे बताया गया है
- टेक्सटाइल इंजीनियर विभिन्न प्राकृतिक और मानव निर्मित वस्त्रों, फर, चमड़े, प्लास्टिक और धातुओं के साथ काम करते हैं.
- वह डिजाइनर कपड़े, साज-सामान जैसे विभिन्न उद्देश्यों के लिए नए तरीकों से वस्त्र विकसित करने के लिए जिम्मेदार हैं.
- इंजीनियर कपड़ा, फाइबर और अन्य संबंधित सामग्री के उत्पादन, विपणन और खरीद पर तकनीकी और नवीन सलाह देते हैं.
- टेक्सटाइल इंजीनियर निर्देशों के अनुसार फाइनल प्रोडक्ट बनाने के लिए नमूने तैयार करते हैं, डिजाइन में संशोधन करते हैं, मूल्यांकन करते हैं और आपूर्तिकर्ताओं से कपड़े का चयन करते हैं.
- यह सुनिश्चित करना टेक्सटाइल इंजीनियरों का कर्तव्य है कि अंतिम उत्पाद की अच्छी तरह से जांच करें.

**एजुकेशन रिपोर्टर/ रजनीश प्रसाद।** टेक्सटाइल इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी का एक बड़ा रिसर्च क्षेत्र है, जो कपड़ों के निर्माण की प्रक्रिया में शामिल टेक्सटाइल फैब्रिक और यार्न के उत्पादन की सभी गतिविधियों से संबंधित है. टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में फाइबर, कपड़ा और परिधान प्रक्रियाओं, कपड़ों के उत्पादों और मशीनरी के सभी पहलुओं को डिजाइन और नियंत्रित करना शामिल है. टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में मैन्युफैक्चरिंग के कई पहलु शामिल हैं, जैसे- प्रोसेस इंजीनियरिंग, आर एंड डी, प्रोडक्शन कंट्रोल, टेक्निकल सेल्स, क्वालिटी कंट्रोल और इक्विपमेंट, फैब्रिक और सूत को बनाने वाली प्रक्रिया आदि.



### टेक्सटाइल इंजीनियरिंग कोर्सेज

- बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी इन टेक्सटाइल केमेस्ट्री
- बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग इन टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी
- बैचलर ऑफ टेक्नोजोजी इन मेन मेड फाइबर टेक्नोलॉजी
- डिपलोमा इन टेक्सटाइल टेक्नोजोजी/टेक्सटाइल इंजीनियरिंग
- बैचलर ऑफ टेक्नोसॉलॉजी इन टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी
- बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी इन टेक्सटाइल एंड चैप्टर टेक्नोलॉजी
- डिपलोमा इन फैब्रिकेशन टेक्नोलॉजी एंड एरेक्शन इंजीनियरिंग
- मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी इन टेक्सटाइल केमेस्ट्री
- मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग इन टेक्सटाइल
- मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी इन टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी

### टेक्सटाइल इंजीनियरिंग के विषय

- रसायन विज्ञान
- इंजीनियरिंग मैथेमेटिक्स
- यार्न निर्माण
- आधुनिक यार्न उत्पादन
- बुनाई
- फाइबर विज्ञान
- वस्त्र प्रक्रियाओं के एलिमेंट
- टेक्सटाइल प्रोसेसिंग
- कपड़ा निर्माण प्रक्रियाएं
- कपड़ा फाइबर
- तकनीकी वस्त्र
- गुणवत्ता नियंत्रण और वस्त्र लागत
- कपड़ा संरचना
- कंप्यूटर एडेड डिजाइन
- मॉडर्न वीविंग टेक्नोलॉजी
- मॉडर्न स्पिनिंग टेक्नोलॉजी
- निट्टिंग एंड गारमेंट टेक्नोलॉजी
- प्रोडक्शन प्लानिंग एंड मेंटेनेंस

### टेक्सटाइल इंजीनियरिंग के लिए भारत के टॉप कॉलेज

- आईआईटी दिल्ली
- कॉलेज ऑफ टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, पश्चिम बंगाल
- मुंबई विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र
- एमिटी यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश
- वीआईटी वेल्लोर, तमिलनाडु
- भारतीय इंजीनियरिंग विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान हावड़ा, पश्चिम बंगाल
- मणिपाल उच्च शिक्षा अकादमी मणिपाल, कर्नाटक
- कपड़ा विभाग, आईआईटी, दिल्ली
- एसएसएम इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी एंड पॉलिटेक्निक कॉलेज, तमिलनाडु
- सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली
- एलडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गुजरात

### जॉब अलर्ट-01

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने पुलिस विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए पदों के लिए रिक्तियां निकाली है. इसके लिए 7 जनवरी से आवेदन किया जा सकता है. मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंटरमीडिएट परीक्षा भौतिक शास्त्र और गणित विषयों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक हैं. भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एकीडेटेड इन कंप्यूटर एंड कम्युनिकेशन विभाग से कंप्यूटर में "ओ" लेवल की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक हैं.

पद नाम – कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड ए
पद संख्या – 930
अधिसूचना – जारी
योग्यता – डिग्री/ डिप्लोमा
नौकरी का स्थान – यूपी पुलिस
आवेदन मोड – ऑनलाइन
फॉर्म भरने की तिथि – 7 जनवरी - 28 जनवरी 2024
ऑफिसियल साईट – https://uppbpb.gov.इन /
आयु सीमा – अभ्यर्थी दिनांक 1 जुलाई 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो, और 28 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए.
आवेदन शुल्क -400

### जॉब अलर्ट-02

बिहार विधान सभा सिक्योरिटी गार्ड डाटा एंट्री ऑपरेटर ड्राइवर के लिए 183 पदों के लिए रिक्तियां निकली हैं.
शैक्षणिक योग्यता –ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि तक अभ्यर्थी को राज्य सरकार/केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से इंटरमीडिएट/ 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए.
संगठन – बिहार विधानसभा सचिवालय
पद नाम – सिक्योरिटी गार्ड ड्राइवर डाटा एंट्री ऑपरेटर
पद संख्या – 183
योग्यता – 10वीं
नौकरी का स्थान – बिहार विधानसभा
आवेदन मोड – ऑनलाइन
फॉर्म भरने की तिथि – 01 जनवरी - 21 जनवरी 2024
ऑफिसियल साईट – https://vidhansabha.bih.nic.इन
बिहार विधानसभा भर्ती 2023 रिक्त पदों का विवरण –
सिक्योरिटी गार्ड – 80
डाटा एंट्री ऑपरेटर – 40
ड्राइवर – 09
ऑफिस अटेंडेंट – 54
आयु सीमा – 18 से 25 वर्ष
आवेदन शुल्क – 675 रुपए
बिहार राज्य के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आवेदक हेतु – 180- रूपये

### जॉब अलर्ट-02

नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर प्रशासनिक अधिकारी के पदों पर भर्ती निकाली है.
संगठन – नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
पद नाम – एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर
पद संख्या – 274
योग्यता – डिग्री
नौकरी का स्थान – कोलकाता
आवेदन मोड – ऑनलाइन
फॉर्म भरने कीतिथि – 2 जनवरी - 22 जनवरी 2024
ऑफिसियल साईट – https://national.in.surance.nic.co.in
आयु सीमा – 21 से 30 वर्ष
आवेदन शुल्क – सामान्य/ पिछड़ा वर्ग/ अन्य राज्य के एससी/ एसटी दिव्यांग – 1000
एससी/एसटी/ दिव्यांग आवेदक हेतु – 250
आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन मोड के माध्यम से करना होगा.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)